# सम्पूर्ण मानवता का संदेश देकर बुद्ध ने मनुष्य जीवन को संवारा : पीएल पुनिया

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

करूणा के सागर तथागत बुद्ध के सिद्धान्त जीवन को सवांरने वाले है आपने सत्य अहिंसा शान्ति और सम्पूर्ण मानवता तथा जीव जन्तुओं के प्रति प्रेम का सन्देश दिया गौतम बुद्ध का जन्म बैशाख पूर्णिमा के दिन शालवृक्षों के लुम्बिनी वन में 563 ईसा पूर्व में हुआ बैशाख पूर्णिमा के ही दिन बोधगया में पीपल के वृक्ष के नीचे आपको ज्ञान की प्राप्ति हुयी इस लिये पीपल के वृक्ष को बोधिवृक्ष कहा जाता है उस वृक्ष को आज भी जीवित रखा गया है। बैशाख पूर्णिमा के दिन ही आपका परिनिर्वाण हुआ।

उक्त बातें पूर्व सांसद डा0पी0एल0 पुनिया ने आज बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात कही।

पूर्व सांसद डा0 पुनिया ने कहा कि गौतम बुद्ध ने ही बौध धर्म की स्थापना की थी वाराणसी से 10 किलोमीटर पूर्वोत्तर में स्थित सारनाथ में गौतम बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया और यही से उन्होंने धर्मचक्र प्रवर्तन प्रारम्भ किया था। भारत के




संविधान और राष्ट्रीय ध्वज में धम्मचक्र, महाम्हिम की कुर्सी के पीछे धम्मचक्र, परिवर्तनाय अंकित है। और कई देशों के संविधान की प्रस्तावना गौतम बुद्ध के सिद्धांतों से प्रारम्भ है बौद्ध धर्म के चार तीर्थ स्थल है लुम्बिनी, बोधगया, सारनाथ और कुशीनगर लुम्बिनी तीर्थ नेपाल में, बोधगया भारत के बिहार में, सारनाथ भारत के उत्तर प्रदेश में काशी के पास और कुशीनगर उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के पास का एक जिला है बौद्ध धर्म के ग्रन्थ को त्रिपिटक कहा जाता है गौतम बुद्ध ने अपने उपदेश पालि भाषा में दिये जो त्रिपिटक में संकलित है। आज बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर हम सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनायें देते हैं और सभी से भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को अपनाने का अनुरोध करते हैं।

बुद्ध पूर्णिमां के अवसर पर उनकी मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से 53 लोकसभा क्षेत्र से बाराबंकी (अ0जा0) के प्रत्याशी तनुज पुनिया, विजयपाल गौतम, आर0डी0 राव, जगमोहन रावत, गुड्डू गौतम, सरजू शर्मा, अजीत वर्मा, अविनाश चौधरी, आनन्द गौतम, अभय प्रताप सिंह, भाई लाल गौतम, सोहन लाल गौतम, रमेश गौतम, पुत्तू लाल वर्मा, रामहरख रावत, ज्ञानेन्द्र गौतम, जमुना वर्मा सहित दर्जनों की संख्या में इण्डिया गठबन्धन के कार्यकर्ता तथा बौद्ध धर्म के अनुयायी थे।

## छेड़छाड़ का विरोध करना युवक को पड़ा भारी दबंग ने चाकुओं से गोदकर किया मरणासन्न

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



पड़ोसी की पुत्री से छेड़छाड़ कर रहे युवक का विरोध करने पर चाकू से हमलाकर मरणासन्न कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

गुरुवार की सुबह ग्राम बांसा मे एक 15 वर्षीय बालिका गाँव मे ही स्थित एक किराने की दुकान पर सामान लेने गयी थी वही पर मौजूद जिशान पुत्र हाजीपापा नाम के युवक ने किशोरी से छेड़खाड़ करने लगा जिसे देखकर पड़ोसी अफसार पुत्र निसार अहमद ने विरोध किया तो जिशान ने अफसार पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया परिजन घायल को सीएचसी बड़ागांव ले गये जहा से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। किशोरी की मा की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हमला करने वाले युवक को हिरासत मे ले लिया है।

## खबरें एक नजर में

### घायलावस्था में मिले युवक की मौत

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बुधवार की देर रात्रि गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम भूलभूलिया पुरवा के निकट हाइवे के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिले घायल युवक की सीएचसी बड़ागांव पहुंचने से पूर्व मृत्यु हो गयी पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुरवा निवासी 38 वर्षीय अंबरीश कुमार वर्मा पुत्र हरिश्चंद देवा मे एक निजी अस्पताल मे काम करता है बुधवार की शाम करीब 8 बजे अस्पताल से निकल कर बाराबंकी पहुंचा तथा घर फोन कर बताया कि घर वापस आ रहा हूं फिर रात्रि करीब 10 बजे जानकारी मिली कि अंबरीश ग्राम भूलभूलियापुरवा के निकट हाइवे के किनारे घायल पड़ा हुआ है। मौक़े पर पहुंचे परिजनों ने घायल को आनन फानन मे सीएचसी बड़ागांव ले कर पहुंचते उससे पूर्व घायल की मृत्यु हो गयी पुलिस ने शव् को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ग्रामीणों की भीड़ ने घेरा थाना, किया हंगामा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जैदपुर थानाक्षेत्र के ग्राम मुख्तीपुर में चिता के लिए लकड़ी काटने गए शोकाकुल परिजनों ने दरोगा पर पिटाई करने व रात भर थाने में बैठाए रखने का आरोप लगाया, थाने में पहुंची ग्रामीण महिलाएं, सहित भारी संख्या में लोगों ने थाने में हंगामा किया। जानकारी के मुताबिक मुख्तीपुर गांव निवासी हनुमान प्रसाद का पुत्र राकेश कुमार की बीते दिन तबियत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। हनुमान के मुताबिक उसके दो दामाद व अन्य रिश्तेदार चिता की लकड़ी काटने के लिए रारी नदी के किनारे गए हुए थे, और वन दरोगा सचिन पटेल से मौखिक रूप से इसकी अनुमति भी ले ली गई थी। सूखा पेड़ काटने के दौरान जैदपुर थाने के एक दरोगा पहुंचे और वहां रिश्तेदारों के साथ हनुमान को भी पीटने लगे। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और देर रात दर्जनों की संख्या में ग्रामीण थाने के बाहर एकत्रित होकर हंगामा किया। बाद में समझा बुझाकर मामले को शांत करा दिया गया।

### मृत गौवंश को दफनाने की जगह जंगल में फेंक रहे जिम्मेदार

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** बेसहारा मवेशियों को संरक्षित करने के लिए सरकार ने बड़ी संख्या में गौशाला की स्थापना तो करा दी लेकिन इन गौशालाओं में जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण बेसहारा और



बेजुबान पशुओं का हाल बेहाल है। गोशालाओं में बेहारा पशुओं की समुचित व्यवस्था न होने के कारण दम तोड़ रहे हैं।इतना ही नहीं मृत पशुओं को दफनाने की जगह जंगल में फेंक दिया जाता है। विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत राजगढ़ स्थित अस्थाई गौ आश्रय स्थल का हाल बेहाल है। पशु आश्रय स्थल का संचालन करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों की संवेदनहीनता की पराकाष्ठा देखिए कि गौशाला के मृत गौवंशीय पशुओं को दफनाने की जगह पास के जंगल में ले जाकर फेंक दिया जाता है। जहां कुत्ते गोवंशीय पशुओं के शवों को नोच-नोच कर खाते हैं। गौशाला का हाल जिम्मेदारो का हाल बया करता है। नियम के अनुसार गौशाला के मृत गोवंशीय पशुओं को पांच से छह फीट गहरा गड्ढा खोदकर उसमें चूना नमक डालकर मृत गोवंश पशु को दफनाया जाना चाहिए लेकिन राजगढ़ स्थित अस्थाई गौ आश्रय स्थल के जिम्मेदारों ने अपने आप ही नियम कायदे कानून बनाकर मृत गौवंशीय पशुओं को पास के जंगल में ले जाकर खुले में फेंक देते हैं जिन्हें कुत्ते और चील कौवे नोच नोच कर खाते हैं। खुले में पड़े गोवंशीय पशुओं के मृत शवों से उठाती दुर्गंध से बीमारी फैलने का खतरा निरंतर बना रहता है। समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी बिजुआ महावीर सिंह को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।



## बैशाखी पर कोटवाधाम में श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** श्रीसमर्थ साहेब जगजीवन दास बड़े बाबा के मंदिर पर बैशाखी पूर्णिमा के अवसर पर लाखों सत्यनामी श्रद्धालुओं ने पवित्र अभरन सरोवर में आचमन कर स्वामी जी की समाधि पर चादर परसाद चढा कर मनवांछित फलों की प्राप्ति एंव विश्वमानव कल्यांण की कामना किया है। गुरुवार की ब्रह्ममुहुर्त से ही श्रीकोटवाधाम पवित्र तीर्थ स्थल के चतुर्दिक सैकड़ों बस डीसीएम ट्रैक्टर ट्राली आटो बोलोरो इत्यादि संशाधनों से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा हो गया। बडे बाबा की जय महतरिया साहेब बसंन्ता फूफू चार पावा, चौदह गद्दी के जयकारे से कोटवाधाम गुंजायमान हो गया। थानाध्यक्ष बदोसराय प्रफुल्ल कुमार यादव आधा दर्जन उपनिरीक्षक व दर्जनों पुलिस कर्मियों के साथ मेलार्थियों के सुरक्षार्थ मन्दिर परिसर कोटवाधाम चौराहा व मेला परिसर में मेलार्थियों के सुरक्षार्थ डयूटी पर मुस्तैद दिखे उसके बावजूद दो गैर जनपद के श्रद्धालुओं की जेब कट गयी। मन्दिर परिसर में चारों तरफ एक डेढ फिट की ऊंचाई में श्रद्धालुओं द्वारा अंजौरी में चढाया गया गेंहू तथा कुन्टलो गुड धनिया जगह जगह पर रखी हुयी है। पवित्र अभरन सरोवर की दुर्दशा के चलते श्रद्धालु अभरण सरोवर में ब्याप्त गन्दगी के कारण सत्यनामी श्रद्धालु औपचारिकता पूरी करते हुए अभरण सरोवर का जल हाथ में लेकर अपने ऊपर छिडक कर आचमन की प्रक्रिया पूरी कर स्वामी जी की समाधि पर चादर परसाद चढ़ा कर अपने को कृतार्थ कर रहे हैं। महन्त राजेश बख्श दास सोनी दास,संजय दास खुटपुट बाबा आदि से आर्शीवाद प्राप्त किया। मेले में फोर्स कम होने के कारण कोटवाधाम चौराहे पर कई बार जाम लगा कलकत्ते बाग बसों से पूरी भरी रही। बरदाही से अभरण घाट तक भी भारी भीड़ रही।

## मामूली विवाद को लेकर चले लाठी डंडे

**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मैलानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांकेगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में मामूली विवाद को लेकर लाठी डंडे चले जिसमें कई लोग घायल हो गए।

मामला बांकेगंज पुलिस चौकी क्षेत्र बांकेगंज का है। जहां पीड़ित श्रीराम पुत्र नंदू बांकेगंज निवासी ने तहरीर में बताया बुधवार को दीवार को लेकर मामूली कहा सुनी हो गई थी। इसके बाद रात लगभग 1:30 विपक्षी पीड़ित के घर में घुसकर धावा बोलकर घर के सदस्यों को लाठी व डंडों से पीटा तथा पीड़ित को घर से घसीट कर बाहर नाली में फेंक दिया। बचाने पर पीड़ित की लड़की को भी




पीटा जिससे उसके पैर में काफी छोटे आई। जिसके बाद शोर मचाने पर विपक्षी पीड़ित को जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गए। जिसके बाद पीड़ित ने बांकेगंज पुलिस चौकी पर शिकायत पत्र भी दिया था आरोप है कि चौकी प्रभारी ने ध्यान नहीं दिया।

फिलहाल पीड़ित पक्ष ने थाना मैलानी में शिकायत पत्र देखकर कार्रवाई की मांग की है।

## ओज के रचनाकारों ने बुद्ध शिक्षाओं पर पढ़ी रचनाएं

- तथागत ने पंचशील के द्वारा आत्म निर्माण की दी है शिक्षा-रत्नेश कुमार
- धूमधाम से मनाई गई बुद्ध जयन्ती, सैकड़ों लोगों ने ग्रहण किया खीर प्रसाद

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सतरिख नाका स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति/पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति के तत्वावधान में तथागत गौतम बुद्ध जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। बुद्ध वंदना से प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर सहित महापुरूषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि दी गई ततपश्चात ओज के कवियों डॉ अम्बरीश ÷अम्बर÷ व ओपी वर्मा ÷ओम÷ जी द्वारा तथागत बुद्ध के जीवन संदेशो की रचनाएं पढ़ी गई। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर महापुरुषों व स्वाधीनता संग्राम के अमर शहीदों को भी नमन किया। इस अवसर पर विशाल खीरदान (भण्डारा) का। आयोजन हुआ। डॉ अम्बर ने कहा कि शांति, समता और सौहार्द का संदेश देकर गौतम बुद्ध जी ने मानव मानव में प्रेम व करूणा जगाया है। उनकी शिक्षा आज की परिस्थिति में और प्रासंगिक हो गई है। समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने कहा कि तथागत ने पंचशील के द्वारा स्वयं निर्माण की शिक्षा के साथ बौद्ध धम्म देकर मनुष्य जीवन पर उपकार किया है। बुद्ध जी की शिक्षा व सन्देश राष्ट्र निर्माण में सहायक हैं। समिति के महासचिव राम औतार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया वहीं कोषाध्यक्ष जेएल भास्कर ने खीरदान की व्यवस्थाओं को जुटाया तथा सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अमरेश बहादुर, विनोद कुमार,।राजेन्द्र कनौजिया, लेखापरीक्षक दिनेश चंद्र रावत, सचिव मंशाराम कनौजिया, रमेश चौधरी, केशनलाल चौधरी, रामदयाल, सहदेव प्रसाद, नरेंद्र वर्मा पूर्व अध्यक्ष, जिला बार एसोसिएशन, विनोद कुमार, पीके गौतम जेई, राकेश कुमार, ज्ञानप्रकाश गौतम, डॉ सतीश गौतम, कल्लू प्रसाद, आर एस प्रज्ञा, वयोवृद्ध तिलक चंद चौधरी आदि लोगों का विशेष योगदान रहा। जयंती समारोह में विक्रम सिंह, सुंदरलाल, मनीष कनौजिया, मुन्नालाल, पूनम रत्नाकर, नीलम सिंह, प्रतिभा सिंह, वैभव सिंह, अमित कुमार, राहुल कुमार, सुशील कुमार रावत, अमरीश रावत, शिक्षक बलराम रावत, मनीराम गौतम सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भागीदारी की और खीर प्रसाद ग्रहण किया।

## एक तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे, 25 लाख स्मैक, दो चोरी की बाइक बरामद

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना सुबेहा पुलिस टीम द्वारा एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 25 लाख रूपये कीमती अवैध स्मैक,एक चोरी की अदद मोटर साइकिल व दो अदद मोबाइल फोन बरामद किया है।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद मे मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान मे आज थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व मे उप निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह,हेड कांस्टेबल मो अफजल की थाना सुबेहा पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इन्टेलीजेन्स के आधार पर अभियुक्त अभिषेक उर्फ अरविन्द पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम हसनपुर मजरे गड़ेरिया डीह थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को बंधवा अण्डरपास, थाना सुबेहा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 255 ग्राम अवैध स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 25 लाख रूपये) व 1 अदद चोरी की मोटर साइकिल (हीरो सुपर) यूपी 32 एचएच 5979 व 2 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सुबेहा पर मुअसं 143/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट तथा 41/ 411 भादवि पंजीकृत किया गया। अभियुक्त द्वारा उपरोक्त मोटर साइकिल व मोबाइल फोन को चारबाग जनपद लखनऊ से चोरी करना स्वीकार किया है।

## तीस लाख कीमत की प्रतिबंधित थाई मांगुर पुलिस ने पकड़ा

**सौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कोलकाता से पंजाब जा रही 30 कुंतल प्रतिबंधित प्रजाति की मछली थाई मांगुर को अहमदपुर टोल प्लाजा के निकट जंगल में नष्ट किया गया प्रतिबंधित मछली की कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है ।

बताते चले कि गत 21 मई को लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित अहमदपुर टोल प्लाजा के निकट से अहमदपुर चौकी प्रभारी गौरव अवस्थी ने ट्रक नंबर यूपी 76 के 9288 पर लदी मांगूर मछली को देख मत्स्य निरीक्षक



अच्छे लाल निषाद, मत्स्य विकास अधिकारी रमेश चंद्र एवं वंश राज ने मौके पर खड़ी ट्रक का निरीक्षण किया जिसमें प्रतिबंधित मछली थाई मांगुर पाए जाने पर एनबीएफजीआर तेलीबाग लखनऊ की वैज्ञानिकों की टीम के पास मछलियों का नमूना जांच के लिए भिजवाया वैज्ञानिकों की टीम ने पुष्टि की कि उपरोक्त मछली थाई मांगुर है इसके आयात निर्यात और विक्रय पर भारत सरकार द्वारा पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जा चुका है इस मछली की कीमत रुपए 20 लाख से अधिक की अनुमानित है। प्रतिबंधित मछली की पुष्टि होने पर गुरुवार को मत्स्य टीम एव चौकी प्रभारी गौरव अवस्थी ने जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवा कर नष्ट किया गया मत्स्य विभाग के अधिकारियों ज़ैदपुर में ट्रक चालक विवेक कुमार पुत्र ब्रज मोहन, विश्वनाथ विश्वास, खलासी नितेश व पवन पात्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## सीएमएस डॉ. आरके कोली ने भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर मनाया बुद्ध पूर्णिमा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर जिला पुरुष चिकित्सालय में सीएमएस डॉ आरके कोली एवं समस्त स्टाफ द्वारा भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान उन्होंने महात्मा बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें उनके विचारों और दिखाए हुए रास्ते पर चलना चाहिए।

साथ ही उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध ने इंसानियत का जो रास्ता हमें दिखाया है। वह वास्तव में एक नए समाज की संरचना के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध का जन्म जिस दिन हुआ था उसी दिन उनकी मृत्यु हुई थी और उन्होंने अपनी मृत्यु के बारे में पहले ही बता दिया था, ऐसा जो सिर्फ ईश्वर ही कर सकता है। उन्होंने बौद्ध धर्म की स्थापना की। जिस धर्म का अनुपालन आज लाखों लोग कर रहे हैं।

उन्होंने मनुष्यों को छह मूल मंत्र दिए थे, जिनमें अहिंसा, चोरी ना करना, सत्य बोलना, जीवों पर दया करना, ईर्ष्या और क्रोध से बचाना, प्रेम के मार्ग पर चलना शामिल हैं। उनके बताए हुए मूल मंत्रों को अपने जीवन में अपना कर हम सभी अपने जीवन को सकारात्मक ऊर्जा से भरकर जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। हमें उनके बताए हुए रास्तों पर चलना चाहिए। जिससे एक सभ्य और सुव्यवस्थित समाज की स्थापना हो सके। इस दौरान डॉ डी के पुष्कर, फार्मासिस्ट अनिल वर्मा, सहदेव सचान, मैट्रन रजनी मसीह, स्टाफ नर्स अंजू कनौजिया सहित अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## फसलों को तबाह कर रहे छुट्टा मवेशी

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।** खेतों में छुट्टा मवेशी फसलों को तबाह कर रहे हैं। सड़को पर ऐसे पशु दुर्घटनाओं का सबब बन रहे हैं। फसल चौपट कर मवेशी किसानों को तगड़ी चोट दे कर राहगीरों को भी घायल कर रहे हैं। छुट्टा मवेशियों से राहगीर तथा किसान दोनों ही परेशान हैं।

सरकार की ओर से छुट्टा पशुओं को गोशालाओं में रखने का निर्देश दिया गया था। लेकिन शासन प्रशासन के सारे आदेश और निर्देश हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। सिंगाही कस्बे में आवारा गौवंशीय पशुओं को घूमते देखा जा सकता है। आलम यह है कि खेतों में पशु फसलों को तबाह कर रहे हैं। सड़क पर ऐसे पशु दुर्घटनाओं का सबब बन रहे हैं। फसल चौपट कर मवेशी किसानों को तगड़ी चोट दे रहे हैं, राहगीरों को घायल कर रहे हैं। इनसे राहगीर तथा किसान दोनों ही परेशान हैं। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से इसके लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है लेकिन उस पर फोन



करने के बाद भी कुछ हासिल नहीं है। नगर पंचायत चुंगी चौकी, इंडियन बैंक, अटल पार्क सहित अनेक स्थानों पर सुबह के समय काफी संख्या में ऐसे पशु बैठे हुए आसानी से मिल जाएंगे। वहीं कुछ पशु एक दूसरे के साथ जोर आजमाइश करते हुए भी देखे जा सकते हैं। जहां ऐसे छुट्टा पशुओं की भरमार है। इस मामले में पशु चिकित्सा अधिकारी अवधेश पटेल ने बताया कि नगर क्षेत्र में इनको पकड़कर गौशालाओं में भेजने की जिम्मेदारी नगर पंचायत की होती है। लेकिन इसमें लापरवाही की जा रही है। यह देखने में भी आ रहा है लोग अपने दुधारू पशुओं को भी सड़कों पर छोड़ रहे हैं।

## युवती का पेड़ पर लटका मिला शव

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का गांव के बाहर पेड़ पर लटकता मिला शव। परिजनों की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। पुलिस मामले की छानबीन कर रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में मृतका का छेड़छाड़ का मामला चल रहा था। शौच जाने को कहकर रात लगभग 9:00 बजे मृतका निकली थी।

मृतका की मां धर्मेश्वरी ने बताया उनकी बेटी रोली उम्र लगभग 18 वर्ष बुधवार शाम को शौच कहकर के निकली थी काफी समय बीत जाने पर वापस नहीं आई,परिजनों ने रात में इधर-उधर तलाश किया लेकिन कहीं पता नहीं चला, सुबह होते ही रोली



की परिजनों ने फिर से तलाश आरंभ कर दी। सुबह लगभग 7:00 बजे के आसपास गांव के दक्षिण पिराई नदी के किनारे परिवार के जसकरन के खेत के किनारे लगे जामुन के वृक्ष के ऊपर मां धर्मेश्वरी ने देखा तो रोली का शव उसके दुपट्टे से लटकता हुआ मिला। रोली के पिता का पूर्व में ही निधन हो चुका था।

मां के द्वारा शव देखे जाने की सूचना पाकर के गांव के व पारिवारिकजन घटनास्थल पर काफी एकत्रित हो गए। 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। मौके पर उप निरीक्षक लल्लन, चौकी प्रभारी मढ़िया बाजार पहुंच कर मौका-मुआयना करते हुए शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। सूचना पाकर थाना प्रभारी मितौली राजू राव ने भी मौके का मुआयना किया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक फिलहाल ऐसी कोई बात अभी सामने नहीं आ रही है की रोली ने आत्महत्या क्यों की। सूत्र बता रहे हैं लगभग एक डेढ़ साल पूर्व रोली के साथ छेड़छाड़ का मामला थाना मितौली में पंजीकृत चल रहा था जिसकी सुनवाई कोर्ट में होनी थी। पुलिस का कहना है जो भी साक्ष्य मिल रहे हैं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मामले की बारीकी से जांच की जा रही।

## दो पक्षों में हुआ बवाल, मामला पहुंचा थाने

**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मैलानी थाना क्षेत्र के बांकेगंज में बकरी पड़ोस के घर में जाने पर भारी बवाल हुआ। दो पक्षों में चले लाठी-डंडे में एक युवती गम्भीर रूप से घायल हो गयी और उसकी आंख में गहरा जख्म भी हो गया।

आरोप है कि जब पीड़ित परिवार बांकेगंज पुलिस चौकी पर पहुंचा तो चौकी प्रभारी ने पीड़ित को गाली देते हुए चौकी से भगा दिया। जिसके बाद पीड़ित परिवार ने मैलानी थाने पहुंच कर थानाध्यक्ष से न्याय की गुहार लगाई है। मामला बांकेगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर ग्रांट नंबर 10 का है। जहां प्रमीला देवी पत्नी अजय कुमार गुरूवार को बांकेगंज सीएचसी अपनी बेटी का मेडिकल कराने आयी हुई थी । तभी उन्होंने बताया कि बुधवार की रात को उनके घर के पड़ोस के ही रहने वाले पल्लू, खूबचंद, ममता ने उनके साथ मारपीट की। मारपीट में उनकी बेटी जस्सी की आंख में गहरा जख्म भी हो गया।

उन्होंने बताया कि कारण बस इतना था कि उनके यहां बकरियां पली हुई हैं और एक बकरी का बच्चा उनके घर चला गया था, तो उन्होंने बकरी के बच्चे के पैर पर डंडा मार दिया जिसके बाद वह लंगडाता हुआ घर आया तो इस बात की शिकायत करने बेटी उनके घर गयी थी। इसके बाद उन्होंने झगड़ा शुरू कर दिया गंदी गंदी गालियां देने लगे। जब देर रात वह बांकेगंज चौकी पर अपनी फरियाद लेकर पहुंचे तो चौकी प्रभारी और एक सिपाही ने भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए उन्हे भगा दिया। इसके बाद वह लोग थाना मैलानी पहुंचे जिसके बाद वहां से गुरुवार को मेडिकल के लिए भेजा गया।

प्रमिला देवी ने बताया कि उनकी बेटी को इतना मारा कि वह बेहोश हो गयी और आंख में उसके जख्म हो गया। घटना के बाद दूसरा पक्ष पुलिस चौकी पर पहले पहुंच गया था । उनके पास कोई साधन नहीं था और वह बेहोश बेटी की देखभाल में लग गये जब देर रात वह बांकेगंज पुलिस चौकी पर अपनी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे तो चौकी प्रभारी ने गाली गलौज करके वहां से भगा दिया। फिलहाल पीड़ित पक्ष थाना मैलानी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## शीशम के पेड़ों पर ठेकेदार का चला आरा, जिम्मेदार बोले होगी कार्रवाई

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी के दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की रेंज बेलरायां मे वन चौकी बथुआ की बीट बथुआ महादेवा में ग्राम समाज की जमीन पर लगे आधा दर्जन शीशम के पेड़ों को ठेकेदार ने चोरी से काट लिया। ग्राम प्रधान ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। उप क्षेत्रीय प्रभागीय वन अधिकारी बेलराया ने मौके का मुआवजा किया है। पुलिस वन विभाग की बेहद लापरवाही की वजह से लकड़ी चोरों के हौसले बुलंद हैं लकड़ कटटे रात के अंधेरे का फायदा उठाकर सरकारी जमीन व जंगलों का सफाया कर रहे हैं। वन विभाग व पुलिस जानकर अनजान बनी हुई है लकड़ी चोरों का एक नया कारनामा सामने आया है। ग्राम पंचायत बथुआ के मजरा महादेवा में ग्राम समाज की जमीन पर लगे आधा दर्जन शीशम के पेड़ों को लकड़ी चोर



रात के अंधेरे के फायदा उठाकर काट ले गए वही तीन पेड़ पड़ोस के जंगल से भी काटे गए हैं।

मंगलवार की रात विकासखंड निघासन की ग्राम पंचायत बथुआ के मजरा महादेवा में गाटा संख्या 697/20 ग्राम समाज की भूमि है और

> हल्का दरोगा एस आई सतीश चंद्र यादव ने बताया कि ग्राम प्रधान पति के द्वारा पेड़ चोरी से काटे जाने की तहरीर मिली है। मौके का मुआयना कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।
> बथुआ बीट वन विभाग के चौकी इंचार्ज जगमोहन मिश्रा ने बताया ग्राम समाज की जमीन से चोरों ने करीब आधा दर्जन सेशन के पेड़ काट लिए हैं। चोरों का पता लगाया जा रहा है। पता चलते ही वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

बताया जाता है कि जंगल के करीब होने के कारण जंगल झाड़ी में भी अंकित है बथुआ जंगल में भी तीन शीशम के पेड़ काटे गए हैं। ग्राम प्रधान पति रुस्तम ने बताया कि ग्राम समाज की जमीन से चोरों ने चोरी से आधा दर्जन शीशम के पेड़ हैं काट लिए हैं सिंगाही पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी गई है पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

# उत्तर प्रदेश की ढाई दर्जन सीटें तय करेंगी दिल्ली की सल्तनत, एनडीए व इंडिया दोनों ने झोंकी ताकत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** दिल्ली की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है। कहावत के पीछे देश के सभी सूबों में सबसे ज्यादा 80 सीटें यूपी में ही हैं। पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी तक यूपी से ही जीतकर पीएम बने। इसी वजह से लोकसभा चुनाव में बीजेपी नेतृत्व वाले एनडीए और कांग्रेस के अगुवाई वाले इंडिया गठबंधन दोनों ने उत्तर प्रदेश में ताकत झोंक रखी है।

बसपा प्रमुख मायावती लोकसभा चुनाव को त्रिकोणीय बनाने के प्रयास में हैं, लेकिन माहौल में गर्मी तो अभी बन ही नही पाई हैं।2019 के चुनाव में यूपी की 80 में 64 सीटें बीजेपी

**नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी तक यूपी से ही जीतकर पीएम बने**

गठबंधन ने जीती थीं जबकि सपा 5 सीट, बसपा 10 और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। पिछले चुनाव के नतीजे का विश्लेषण करते हैं तो 31 सीटों पर जीत-हार का अंतर एक लाख वोट या फिर उससे कम का था। कम मार्जिन वाली 31 सीटों में 22 सीटों पर बीजेपी का कब्जा है तो 6 सीट बसपा, दो सीट सपा और एक सीट अपना दल एस ने जीती थी। अगर इन सीटों पर मतदाता सियासी करवट बदलते हैं तो फिर बीजेपी के लिए सबसे ज्यादा परेशानी खड़ी हो जाएगी और उसके बाद मायावती को टेंशन पैदा कर सकती है। 5 से 10 हजार के मार्जिन वाली सीट मुजफ्फरनगर और श्रावस्ती सीट थी। मुजफ्फरनगर सीट बीजेपी 6526 वोटों से जीती थी तो श्रावस्ती सीट बसपा ने 5320 से जीती थी। 10 हजार से कम मार्जिन वाली सीटों को देखें तो तीन बीजेपी के पास और एक बसपा के पास है।सूबे में पांच लोकसभा सीट पर जीत-हार का अंतर 10 हजार से बीस हजार के बीच था।कन्नौज में 12,353 वोटों का, चंदौली में 13,959 वोटों का मार्जिन था। सुल्तानपुर में 14,526, बलिया में 15,519 और बदायूं में 18,454 से बीजेपी जीती थी। दस हजार से बीस हजार के अंतर वाली पांचों सीटें बीजेपी ने जीती




### कुछ वोटों के उलटफेर से गड़बड़ा सकता है बीजेपी का गणित

यूपी में कांटे का मुकाबला है। सूबे में ढाई दर्जन लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिस पर देश की सत्ता टिकी हुई है। इन सीटों पर कुछ वोटों के उलटफेर से 2024 के चुनाव का सियासी गणित बीजेपी का गड़बड़ा सकता है। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में 31 सीटें ऐसी हैं, जिनपर 2019 के चुनाव में जीत-हार का मार्जिन एक लाख या फिर उससे कम वोटों का था। इन सीटों पर कुछ भी वोट इधर से उधर होने से गणित बिगड़ सकता है क्योंकि लोकसभा चुनाव में एक लाख वोटों का मार्जिन बहुत ज्यादा नहीं होता है। यूपी में एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन की सीधी लड़ाई है।

थी। सात लोकसभा सीटों पर 2019 में जीत-हार का अंतर 20 हजार से 50 हजार वोटों का था।सहारनपुर सीट पर 22,417, बागपत में 23,502, फिरोजाबाद में 28,781, बस्ती सीट पर 30,354, संत कबीर नगर सीट पर 35,749, कौशांबी सीट पर 38,722 और भदोही सीट पर 43,615 वोटों का अंतर रहा था। इन 7 में छह सीटें बीजेपी ने जीती थीं, तो एक सीट बसपा को मिली थी।2019 के लोकसभा चुनाव में 15 सीटों पर जीत-हार का अंतर 50 हजार से एक लाख के बीच का था।अमेठी सीट पर 55,120 वोटों का अंतर था। बांदा पर 58,938, राबर्ट्सगंज पर 54,336, कैराना पर 92,160, बिजनौर पर 69,941, मुरादाबाद पर 97,878,

### पिछले चुनावों में चार सीटों पर हार-जीत का अंतर 10 हजार से कम

पिछले लोकसभा चुनाव में कम मार्जिन वाली सीटों में चार सीटें ऐसी हैं, जिन पर हार जीत का अंतर दस हजार से भी कम था, जिसमें दो सीटें ऐसी हैं, जहां पांच हजार से भी कम का मार्जिन था। 5 सीटें ऐसी हैं, जिन पर हार जीत का अंतर का 10 हजार से 20 हजार के बीच का था। लोकसभा की सात सीटें ऐसी है जिन पर हार जीत का अंतर 20 हजार से 50 हजार के बीच का था। सूबे की 15 लोकसभा सीटों पर जीत-हार का अंतर 50 हजार से एक लाख तक का था। यूपी में मछली शहर लोकसभा सीट पर सबसे कम अंतर रहा था। बीजेपी यह सीट महज 181 वोटों से जीतने में सफल रही थी। 2019 में मछली शहर और मेरठ सीट पर जीत हार का अंतर 5 हजार से कम का था। यह दोनों सीटें बीजेपी ने जीती थी।

अमरोहा पर 63,248, मैनपुरी पर 94,389, मोहनलालगंज पर 90,229, इटावा पर 64,437, फैजाबाद पर 65,477, अंबेडकरनगर पर 95,887, जौनपुर पर 80,936, सीतापुर पर 1,00,833 और मिश्रिख पर 1,00,672 वोटों का मार्जिन था. 50 हजार से एक लाख वोटों की मार्जिन वाली 15 सीटों में बीजेपी के पास 8, बसपा के 4, सपा के पास 2 और एक सीट अपना दल एस के पास है।मोदी लहर पर सवार बीजेपी 2014 में यूपी की 80 में से 71 सीटें जीतने में कामयाब रही थी।

## खबरें एक नजर में

### पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह के निधन पर जताया शोक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता राज्य सभा, एवं आराधना मिश्रा मोना, नेता, कांग्रेस विधान मण्डल दल, उ.प्र. ने पूर्व विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका प्रतापगढ़ हरि प्रताप सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। नेता द्वय ने कहा है कि स्व. हरि प्रताप सिंह सरल स्वभाव के एक मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे, जिनका संपूर्ण जीवन समाज के पिछड़े तपके के लोगों के लिये समर्पित रहा है, और उनके जीवन के उत्थान के लिये हमेशा संहर्घ करते रहे हैं, उनके निधन से गरीबों का एक सच्चा हितैषी तथा शुभचिन्तक सदा सर्वदा के लिये चला गया है। हमारी ईश्वर से प्रार्थना है कि स्व. हरि प्रताप सिंह की आत्मा को चिरशांति प्रदान करें, तथा उनके परिजनों एवं शुभचिन्तकों तथा समर्थकों को इस दारुण दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### गौतम बुद्ध के उपदेशों को लोगों तक पहुंचाने की पहल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में गौतम बुद्ध के उपदेश को लोगों तक पहुंचाने के लिए बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शीतल जल और शर्बत का वितरण किया गया। गौतम बुद्ध ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशन्स के तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम समाज में एकता, भाईचारे और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रखा गया। इसमें गौतमबुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किए गए। इंस्टीट्यूशन्स की तरफसे राजधानी के कई स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन कर शीतल जल और शर्बत का वितरित किया गया। यह वितरण कार्यक्रम आलमबाग, तेलीबाग, सरोजनी नगर और बिजनौर में किया गया है।

### अपनी संवैधानिक प्रतिष्ठा की रक्षा करे चुनाव आयोग : रविदास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा ने वोटिंग प्रतिशत बढ़ने के विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसे समय में निर्वाचन आयोग की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। इतनी तपती गर्मी में करोड़ों मतदाताओं ने देश के अलग-अलग संसदीय क्षेत्र में वोट डालकर अपने नागरिक कर्त्तव्य का पालन किया है। अब निर्वाचन आयोग भारत की राष्ट्रपति महोदया और सुप्रीम कोर्ट को देखना है कि भारत के मतदाताओं का मौजूदा लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास कायम रहे। रविदास ने कहा कि पूरी दुनिया आज भारत को विशालतम लोकतंत्र के रूप में देखती है। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया से सुप्रीम कोर्ट को बाहर करके नरेन्द्र मोदी सरकार ने पहले ही अपनी बदनीयती जाहिर कर दी है। अब मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार सहित सभी जिलाधिकारियों और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों का कर्त्तव्य है कि वे 75 वर्षों से फलते-फूलते भारतीय लोकतंत्र के इस उत्सव में भाजपाई कार्यकर्ता की तरह व्यवहार करते नजर न आए।

### सगे भाईयों ने विवाद के बाद दम्पति को पीटा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां क्षेत्र के दयालपुर मजरा भजनमऊ गांव निवासी दीपक ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते मगंलवार की देर रात बड़े भाई दीपू,दिलीप ने बहनोई सोनु द्विवेदी व उनके रिश्तेदार निवासी डिघौरा जनपद रायबरेली के साथ मिलकर समरसेबिल से पानी भरने को लेकर हुये विवाद के बाद गाली-गालौज कर रहे थे, तो उसने विरोध जताया जिसके बाद उक्त सभी ने लाठी डंडो से उसकी व पत्नी रोली की जमकर पिटाई कर कर घायल कर दिया ओर पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। परिजन घायल दम्पति को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गये, जहां से दोनो को ट्रामा टू रिफर कर दिया गया। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी सगे भाईयो समेत चार के विरूद्व मारपीट, जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

### श्रीराम की बाल लीलाओं का बड़ा ही सुखद वर्णन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज कस्बे के कालेवीर बाबा मन्दिर परिसर में आयोजित श्री रामकथा में पांचवें दिन गुरूवार को कथा व्यास मारुति नन्दन महाराज ने श्रीराम जन्मोत्सव, श्रीराम सहित तीनों भाइयों के नामकरण तथा श्रीराम की बाल लीलाओं का बड़ा ही रोचक व सुखद वर्णन किया। कथा व्यास मारुति नन्दन महाराज ने श्रीराम कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के अवतरित होते ही राजमहल सहित पूरे अवध राज्य में आनन्द छा गया। महाराज दशरथ के महल में रामलला के दर्शन हेतु केवल प्रजा बल्कि विभिन्न रूपों में देवताओं का आवागमन हुआ। महाराज दशरथ चारों पुत्रों के जन्म की खबर पाकर प्रजा जनों को भरपूर दान लुटाने लगे और प्रजा जनों ने भी जो पाया वह अन्य लोगों को खुशी होकर लुटा दिया जिसे बाबा तुलसी ने कुछ यों वर्णित किया है, सर्बस दान दीन्ह सब काहू, जेहि पाबा राखा नहिं ताहू ।

### पत्रकार संगठनों ने की चित्रकूट प्रकरण की निन्दा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने चित्रकूट में एक पत्रकार को निष्पक्ष खबर के बदले झूठे आरोप में फंसा देने की कड़ी निंदा की है। प्रदेश अध्यक्ष डा. राजेश त्रिवेदी की अध्यक्षता में आयोजित एक आपात बैठक में प्रदेश महामंत्री रमेश शंकर पांडेय ने कहा कि चुनाव के दौरान गड़बड़ी उजागर करने वाले दैनिक जन एक्सप्रेस के पत्रकार सचिन वन्दन के खिलाफ फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज कर दिया गया। विदित हो कि मानिकपुर तहसील के किहुनिया ग्राम पंचायत में विगत 11 मई को पोलिंग पार्टी द्वारा बैलेट पेपर से मतदान कराया जा रहा था। किहुनिया के डीपू गांव निवासी रतिया का मतदान कराते समय विशेष चुनाव चिन्ह पर वोट डलवाने का मामला सामने आया था। पीडिता रतिया का बयान लेकर जन एक्सप्रेस के पत्रकार सचिन वन्दन द्वारा सोशल मीडिया मे खबर चलाई गई थी।

# ममता बनर्जी का बयान तुष्टीकरण की राजनीति से प्रेरित : केशव प्रसाद मौर्य

**डिप्टी सीएम ने की ममता पर कार्रवाई की मांग**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पश्चिम बंगाल में 2010 के बाद जारी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाण पत्र को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफपश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान को तुष्टीकरण की राजनीति से प्रेरित बताया।

उन्होंने गुरुवार को बनर्जी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। यहां भाजपा कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में मौर्य ने कहा कि जिस प्रकार से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उच्च न्यायालय के ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द करने के फैसले को नहीं मानने की बात की है, वह संविधान के विरुद्ध है और यह बयान तुष्टीकरण की राजनीति से प्रेरित है। मैं ममता बनर्जी के बयान की



निंदा करता हूं और इस बयान के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की भी मांग करता हूं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने वोटबैंक की घटिया राजनीति करने के लिए वर्ष 2010 से 2024 तक बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या को ओबीसी प्रमाण पत्र दिए जिसे कलकत्ता उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया है। मैं न्यायालय के इस फैसले का स्वागत करता हूं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने वोटबैंक की राजनीति के तहत ओबीसी का आरक्षण छीन कर मुस्लिमों को देने का काम किया है, वह भी असंवैधानिक है और बाबा साहब के संविधान की भावना के विपरीत है। यही मानसिकता तृणमूल कांग्रेस की भी है। उन्होंने कहा कि कल कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी ने स्वीकार भी किया है उनकी दादी इंदिरा गांधी, उनके पिता राजीव गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी ने पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के साथ अन्याय किया है। राहुल गांधी ने यह सच देर से स्वीकार किया जिसे बहुत पहले स्वीकार करना चाहिए था।

### सीएम योगी ने लिया मां पाटेश्वरी का आशीर्वाद

**लखनऊ।** जोरदार चुनाव प्रचार के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सुबह तुलसीपुर में देवी पाटन शक्तिपीठ में मां आदिशक्ति की पूजा करके राज्य के लोगों की खुशी और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मां दुर्गा के 51 शक्तिपीठों में से एक देवी पाटन माता मंदिर का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व बहुत अधिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते बुधवार को 6 सार्वजनिक सभाओं की श्रृंखला में भाग लिया और एक रैली में मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शामिल हुए। श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में अपने अंतिम सार्वजनिक संबोधन के बाद उन्होंने रात बलरामपुर के तुलसीपुर देवीपाटन धाम में बिताई। गुरुवार की सुबह उन्होंने देवीपाटन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और लोगों की खुशहाली की कामना की। सीएम योगी जब भी बलरामपुर आते हैं तो मां दुर्गा को समर्पित इस मंदिर के दर्शन जरूर करते हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, देवीपाटन शक्तिपीठ में पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर परिसर के भ्रमण के लिए रवाना हुए। जैसे ही उन्होंने भक्तों से बातचीत की, उन्होंने उनका स्वागत करने के लिए जय श्री राम का नारा लगाया बच्चों के प्रति उनका स्नेह स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने भक्तों के साथ आए बच्चों से बातचीत की। अपनी परंपरा को जारी रखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने देवीपाटन शक्तिपीठ में गौशाला का दौरा किया, जहां उन्होंने गायों को गुड़ और रोटी खिलाकर उनकी देखभाल की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को गाय की उचित देखभाल पर आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया।

# विपक्ष में सभी प्रधानमंत्री बनने का देख रहे ख्वाब : सिद्धार्थ नाथ सिंह

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** विपक्ष में कौन बनेगा प्रधानमंत्री, यह फैसला आज तक नहीं हुआ। इंडी गठबंधन में सभी सिर्फ मुंगेरीलाल के सपने देख रहे हैं। अखिलेश कह रहे हैं 40 सांसद जीत जाए तो प्रधानमंत्री बन जाऊंगा, ममता 20 सांसद के जरिये प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रही हैं। केजरीवाल का 7 सांसद से ही प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब है। बाकी राहुल प्रधानमंत्री बनने का सपना कैसे रह जाएगा। इंडी गठबंधन में सभी लोग एक-एक दिन का प्रधानमंत्री बनने को आतुर हैं।

यह बातें फूलपुर संसदीय क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल के समर्थन में प्रचार अभियान के अंतिम दिन पूर्व कैबिनेट मंत्री व शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कही। सैदपुर में पासी समाज, असरावल खुर्द में पाल समाज से जनसंवाद करते हुए पीपलगांव में ब्लॉक भगवतपुर के प्रधानों, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य तथा पूर्व जनप्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि पांच चरणों के चुनाव में जनता के आशीर्वाद से एनडीए-भाजपा तीन सौ का आंकड़ा पार कर चुका है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व है जनता की सेवा करना। यह चुनाव देशहित के रास्ते का चुनाव है। पाकिस्तान हमारी सीमा पर आतंकवादी हरकत करे, चाइना भारत की सीमा पर घुसपैठ करता रहे, यह मनमोहन सिंह ने चुपचाप बैठकर देखा। पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक, चाइना को रोकने के लिए बारकोट घटना याद है।

आज भारत के ऊपर कोई आंख दिखाएं यह भारत की जनता बर्दाश्त नहीं कर सकती है। मोदीजी ने पाकिस्तान में घुसकर मुंहतोड़ जबाब दिया था। देशहित में सोचने का निर्णय करना होगा। 2017 के पहले कैसा उत्तर प्रदेश था, अब विकास प्रदेश बन गया है। जिसके विकास के मॉडल की चर्चा आज भारत का मॉडल बन गया है। महिला सुरक्षा, 80 करोड़ लोगों को पेट भरने, प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प, 2014 से पहले 74 एयरपोर्ट थे आज साढ़े नौ साल में 150 एयरपोर्ट ने भारत की तस्वीर बदल दी है। हमें जनता के बीच बार-बार अच्छे कार्यों को याद दिलाना होगा।

# कड़ाई से हो रहा कानून व्यवस्था का पालन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730



चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 22 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4765 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 28,08,638 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 26,47,872 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 9895 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 9978 कारतूस, 3099.32 किलोग्राम विस्फोटक व 581 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5072 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 188 केन्द्रों को सीज किया गया।

### प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने बरामद की शराब, नकदी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 22 मई तक 49368.49 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 9189.04 लाख रुपये नकद धनराशि, 5517.73 लाख रुपये कीमत की शराब, 23846.86 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2412.74 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5567.16 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2834.96 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 22 मई को 113.67 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 15.06 लाख रुपये नकद धनराशि, 28.16 लाख रुपये कीमत की 10596.07 लीटर शराब, 69.77 लाख रुपये कीमत की 24936 ग्राम ड्रग एवं 0.69 लाख रुपये कीमत की 372 अन्य सामग्री जब्त की गयी।22 मई को प्रमुख जब्ती में सोनभद्र की राबर्ट्सगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 26.42 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 9820 ग्राम ड्रग तथा जनपद अमेठी की तिलोई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 36.60 लाख रुपये की अनुमानित कीमत की 183 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

### हटाए गए पोस्टर, बैनर

**लखनऊ।** सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,75,34,379 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से 1,08,28,986 तथा निजी स्थानों से 67,05,393 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 12,34,855, पोस्टर के 48,93,431, बैनर के 29,91,853 एवं अन्य 17,08,847 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में वालराइटिंग के 9,57,769, पोस्टर के 31,11,541, बैनर के 16,96,327 एवं अन्य 9,39,756 मामलों में कार्यवाही की गयी।



**गुरुवार को लखनऊ के गोमती नगर विराम खंड में हुसड़िया चौराहे से पत्रकारपुरम जाने वाले रास्ते पर सड़क धंस गई। जिस वजह से यातायात प्रभावित हुआ। गौरतलब है कि मार्ग जमीन के अंदर पावर केबल डालने का काम चल रहा था और सड़क धंसने के कारण रास्ते को बंद कर दिया गया।**

### बुद्ध पूर्णिमा पर ज्ञान प्राप्त मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित बैशाख पूर्णिमा पर आयोजित सनातन महासमागम एवं 125वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन गुरुवार को किया गया। मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ हरिद्वार की तर्ज पर सात भव्य मंचो से, पूज्य स्वामी आनंद नारायण जी, स्वामी कौशिक चौतन्य, देवेंद्र शुक्ल के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख का खूब प्रयोग किया गया। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि बच्चों द्वारा विभिन्न देवताओं के रूप में महाआरती के पूर्व कार्यक्रम का आरंभ मोनिका अग्रवाल के गणेश वंदना और बाद में सुमित सिंह के कथक नृत्य से हुआ। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 2024 में हाइस्कूल/इंटर में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक पाए 108 मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रमाण पत्र, मैडल इत्यादि से राज्यपाल के पूर्व सलाहकार न्यायाधीश एसएस उपाध्याय द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पूर्व भगवान बुद्ध की जयंती पर चित्र पर माल्यार्पण के साथ सभी गणमान्यों द्वारा पुष्पांजलि दी गयी। बाद में महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण व महासचिव देवेंद्र शुक्ल ने बताया कि महाआरती के बाद 501 दीपो से घाट दिवाली की तरह जगमगा उठा साथ ही सभी ने नशा व तम्बाकू मुक्त लखनऊ करने को लेकर संकल्प लिया और सभी ने राष्ट्रीय महासचिव देवेंद्र शुक्ल व डॉ0 आहुति बाजपेयी ओझा के नेतृत्व में लखनऊ को तम्बाकू मुक्त करने का संकल्प दीपो से सभी भक्तों को कराया।

# आठ मुक्केबाजों ने सेमी फाइनल में जीत के साथ फाइनल में बनाई जगह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सूरज कुमार तिवारी, सारांश वर्मा, अथर्व सिंह यादव, साहिल कुमार, अमित कुमार यादव, जितेंद्र पी.सिंह, अनुराग मिश्रा व काजल पाण्डेय ने सीनियर वर्ग के सेमीफाइनल में जीत के साथ फाइनल में जगह बनाते हुए अपना दबदबा कायम किया।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित बाक्सिंग हाल में बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ व क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय लखनऊ के समन्वय से आयोजित इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन जूनियर वर्ग के सेमीफाइनल में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के प्रद्युम्न सिंह, स्वयम सिंह, शौर्य शुक्ला व सब जूनियर वर्ग में यशदीप सिंह ने जीत दर्ज की।सीनियर वर्ग के सेमीफाइनल में पुरुषों में 46-48 किग्रा भार वर्ग में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सूरज कुमार तिवारी ने मो.कैफ को, मॉडर्न अकादमी (एमए) के मृत्युंजय सिंह ने ग्रैबिएल को, 48-51 किग्रा में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सारांश वर्मा ने वरुण को हराया। वहीं 54-57 किग्रा में केडी सिंह के अथर्व सिंह यादव ने अनिकेत ठाकुर को, 57-60 किग्रा में केडी सिंह के साहिल कुमार ने राजवीर सिंह को, किड्स् फिट्स स्पोर्ट्स जोन के पीयूष शर्मा ने शिवांश को हराया। इसके अलावा 63.5-67 किग्रा में केडी सिंह के अमित कुमार यादव ने अभय कुमार को व केडी सिंह के जितेंद्र पी सिंह ने सैयद मोहम्मद अर्श को, 67-71 किग्रा में केएफएसजेड के निखिल तिवारी ने कुशाग्र गुप्ता को, लामार्टिनियर कॉलेज के अब्बास काजमी ने अंश यादव को हराया।

### भारतीय मीडिया को विदेशी षड्यंत्रों के नैरेटिव से आना होगा बाहर : उमेश

**लखनऊ।** देवर्षि नारद जयन्ती (ज्येष्ठ शुक्ल द्वितीया) के उपलक्ष्य में लखनऊ विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में गुरुवार शाम को श्देवर्षि नारद जी की वेदसम्मत नीतियॉ और वर्तमान भारतीय पत्रकारिता विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख (पूर्वी उ.प्र. क्षेत्र) सुभाष जी ने कहा, पत्रकारिता में सुंदरता और दिव्यता होनी चाहिये। सुंदरता तो लाई जा सकती है लेकिन दिव्यता के लिये सत्यता का अन्वेषण करते हुये उसे पूर्णता देना होगा। देवर्षि नारद ने अपने यही सीख दी है। पौराणिक कथाओं का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि उन्होंने ऋषि वाल्मीकि से चर्चा किया तो रामायण की रचना हो गयी। उन्ह्होंने अपनी वीणा की धुन से संतुलन और समन्वयता का संदेश दिया है।

**प्रयास** | **यूपीएसआईएफएस हुई पंजीकृत, बनाएगी छात्रों का स्वर्णिम भविष्य**

# लॉ व फोरेंसिक साइंस का इंटीग्रेट कर प्लेटफार्म तैयार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में छात्रों के स्वर्णिम भविष्य को लेकर शैक्षणिक गतिविधियों को विभिन्न संस्थाओं से जोड़कर आगे बढ़ाने का प्रयास लगातार जारी है।

उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस के निदेशक डॉ0 जीके गोस्वामी ने बताया कि ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन में यूपीएस आईएफएस का पंजीकरण हो गया है जो बी-टेक एवं एम-टेक के छात्रों के लिए शैक्षणिक स्तर पर मील का पत्थर साबित होगा। हमारे संस्थान यूपीएसआईएसएफ में एडमिशन की प्रक्रिया प्रचलित है। शैक्षणिक कार्यो को प्रारंभ हुए अभी मात्र 8-9 महीने ही हुए हैं लेकिन हमने शैक्षणिक गतिविधियों को काफी विस्तार दिया है। बताया कि 16 अगस्त 2023 को हमने अपने प्रथम शैक्षणिक सत्र की शुरूआत किया था इतने कम समय में हमने शैक्षणिक दिशा मैं अच्छी सफलता हासिल की है। डॉ0 गोस्वामी ने यह भी बताया कि लॉ और फोरेंसिक को इंटीग्रेट किया गया है यह इन दोनों आयामों को एक प्लेटफार्म पर स्थापित करके दोनों के क्लास चलाए जा रहे हैंस शिक्षा के क्षेत्र में हमने अपनी एक टैगलाइन लॉ विद लैब्स को बनाया है। न्यायिक प्रक्रिया को पूर्ण करने में फॉरेंसिक साइंस और लॉ दोनों एक दूसरे के पूरक हैं हमारी टैगलाइन लॉ विद लैब्स न्यायिक प्रक्रिया को पूर्ण करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपनी महत्ता को साबित करेगीस उन्होंने बताया कि बार काउंसिल आफइंडिया में भी हमारी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रचलित है जो यथाशीघ्र पूर्ण हो जाएगा। इसका लाभ हमारे एलएलबी के छात्रों को मिलेगा।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में हमारी शैक्षणिक सत्र में प्रचलित कोर्स बीएससी एलएलबी (5 ईयर्स इंटीग्रेटेड), एलएलएम क्रिमिनल लॉ एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन (1 ईयर), एलएलएम साइबर लॉ एंड साइबर क्राइम (1ईयर), बीटेक एमटेक ( 5 ईयर्स इंटीग्रेटेड) कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (साइबर सिक्योरिटी) एमटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साइंस (स्पेशलाइजेशन इन साइबर सिक्योरिटी) तथा पीएचडी फॉरेंसिक साइंस, साइबर सिक्योरिटी फॉरेंसिक फॉरेंसिक मे प्रवेश प्रवेश पाने के लिए आवेदन पत्र की अंतिम तिथि 31 मई 2024 तक बढ़ाई गई है।

### निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें मतदान कार्मिक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर बने वोटर असिस्टेंस बूथ पर एल्फाबेटिक लोकेटर मतदाता सूची के साथ बीएलओ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाय। बीएलओ स्वयं ही ड्यूटी पर तैनात रहें, उसके स्थान पर उनके पुत्र पति रिश्तेदार ड्यूटी पर न रहें। मतदान केन्द्र में वोटर असिस्टेंस बूथ दृष्टव्य स्थान पर बनाया जाय और इसके साथ ही प्रवेश द्वार पर प्रत्येक पोलिंग बूथ की जानकारी, पानी की सुविधा, शौचालय आदि के संबंध में उचित साइनेज लगाया जाए। मतदाता सूचना पर्ची का शत-प्रतिशत वितरण कराते हुए मतदाताओं के नाम व मोबाइल नं आदि का विवरण लिया जाये। मतदाता सूचना पर्ची किन्हीं कारणों से प्राप्त न होने की दशा में मतदाता मतदेय स्थल पर उपलब्ध मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर सकते हैं। पोलिंग पार्टियों तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया जाए कि मतदान के दिन मतदाता सूचना पर्ची के स्थान पर राजनैतिक दलों द्वारा जारी की पर्ची लाने पर भी मतदाता को मतदान करने दिया जाये।

# हर-हर गंगे के जयकारों से गूंजे घाट, हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



बृहस्पतिवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद विधिवत पूजा-अर्चना की और दान दक्षिणा देकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

बुद्ध पूर्णिमा गौतम बुद्ध की जयंती के तौर पर मनाई जाती है। मान्यता है कि इस दिन गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। विद्वान ब्राह्मणों के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान पुण्यकारी माना गया है। इस दिन गंगा स्नान के बाद गंगा तट पर ही पूजा-अर्चना और दान धर्म करने का विशेष महत्व है। बैसाख मास पर पड़ने वाली पूर्णिमा का अलग ही महत्व है। शनिवार को बुद्ध पूर्णिमा श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने गेंगसों, डलमऊ, रालपुर स्थित गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

सुबह से श्रद्धालुओं का गंगा तट पर पहुंचना शुरू हो गया था। लोग जाम से बचने के लिए सुबह से अपने घरों से निकले। श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर पहुंचने के बाद स्नान आदि से निवृत्त होकर विधिवत रूप से गंगा मैया की पूजा-अर्चना की और सूर्य को अर्घ्य देकर ब्राह्मणों और जरूरतमंदों को दान दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने आटा, चावल, उड़द, गुड़, वस्त्र आदि का दान किया और श्रद्धानुसार दक्षिणा देकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## दो लोगों पर दर्ज हुआ एससी-एसटी का मुकदमा




महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। एससी एसटी का दर्ज हुआ मुकदमा वादी सत्येंद्र निर्मल पुत्र राम रतन निवासी ग्राम अतरेहटा थाना महराजगंज ने तहरीर में बताया कि उत्कर्ष गुप्ता पुत्र उमेश गुप्ता सदानंद गुप्ता पुत्र शिवनारायण गुप्ता निवासीगण ग्राम अतरेहटा थाना महराजगंज के द्वारा वादी को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज किया तथा लात घूसों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने वादी सत्येंद्र की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है ।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बुद्ध जयंती

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।




महावीर स्टडी इस्टेट स्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में आज बच्चों एवं अध्यापकों ने महात्मा बुद्ध की जयंती बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाई गई (सर्वप्रथम महात्मा बुद्ध के प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अध्यापकों एवं बच्चों ने किया।

प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने बताया कि संसार में अहिंसा तथा शांति का वातावरण स्थापित करने हेतु महापुरुषों ने अंधविश्वास पाखंड धर्म और रूढ़ियों में फंसे समाज में परस्पर प्रेम सहानुभूति द्वारा मुक्ति दिलाने में अपना सर्वस्व लगा दिया समाज को नई दिशा दी तथा सभी ने स्वीकार किया कि शेष आचरण ही सच्चा धर्म है बच्चों ने महात्मा बुद्ध के जीवन परिचय को बताते हुए बताया कि 569 ईसा पूर्व कपिलवस्तु के क्षत्रिय महाराज सुद्धोधन माता महामाया के यहां राजभवन लौटते समय लुंबिनी नामक वन में बच्चे का जन्म हुआ नाम सिद्धार्थ रखा गया माता का देहांत जल्दी होने पर विमाता प्रजावति के द्वारा लालन पालन हुआ सिद्धार्थ एकांत प्रेमी थे उनका मन संसार से विरक्त होने लगा इनका विवाह यशोधरा से कराया गया उनके पुत्र का नाम राहुल रखा गया सांसारिक वृत्त के कारण एक रात सभी को सोते छोड़कर संन्यास के मार्ग पर चल पड़े गया में वट वृक्ष के नीचे तपस्या किया वहीं इन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ अतः बुद्ध कहलाए आपने चीन जापान तिब्बत नेपाल जावा सुमात्रा आदि स्थान पर अपने धर्म का प्रचार किया जहां पर आपके अनुयायियों की बड़ी संख्या है आपने अहिंसा परमो धर्म के सिद्धांत पर चलकर समाज को एक नई दिशा दी तथा भेद-भाव को मिटाने को कहा कि श्रेष्ठ आचरण ही सच्चा धर्म है।भगवान बुद्ध जी ने दुख से मुक्ति के आठ उपाय को अष्टांगिक मार्ग कहा है जिसमें सम्यक दृष्टि सम्यक संकल्प सम्यक वाणी सम्यक कल्याण सम्यक आजीविका सम्यक व्यायाम सम्यक् स्मृति तथा सम्यक समाधि के द्वारा प्रदानुकूल आचरण अपनाकर अपना तथा समाज का कल्याण कर सकते हैं प्रधानाचार्य ने बच्चों से बुद्ध के दिखाएं मार्ग पर चलकर समाज को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रेरित किया।

## खबरें एक नजर में

### ऑटो की लूट करने वाले आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी/सर्विलान्स एवं थाना इकदिल पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से ऑटो की लूट करने वाले तीन आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर कब्जे से एक ऑटो लुटा हुआ, 2 अवैध तमन्चा 315 बोर, 3 जिन्दा कारतूस, 3 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किये गए। वादी मुनीश पुत्र मजीद निवासी मेवाती टोला थाना कोतवाली इटावा द्वारा थाना इकदिल पर सूचना दी गयी कि ऑटो संख्या यूपी 75 बीटी 7690 को उसने किराये पर चलाने हेतु राजेश पुत्र ज्ञान प्रकाश को दे रखा था 19/20 मई की रात्रि में 3 व्यक्ति ऑटो को बुक करके थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत बिरारी ले गये जहाँ ड्राइवर को पेशाब करने के बहाने से उतारकर ऑटो को उनके द्वारा चोरी कर लिया गया। एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना इकदिल पुलिस द्वारा मानिकपुर मोड पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी । इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि ऑटो की लूट करने वाले 3 लुटेरे ग्वालियर बाईपास के रास्ते भिण्ड जा रहे हैं सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये ग्वालियर बाईपास तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जाने लगी इसी दौरान एक ऑटो चोरबरी की ओर से आता दिखायी दिया जिसे पुलिस टीमों द्वारा रोकने का इशारा किया गया जिस पर ऑटो चालक द्वारा ऑटो को मोड़कर यमुना पुल की ओर भागने का प्रयास करने लगा तभी यमुना पुल पर चैकिंग कर पुलिस टीम को जरिये आरटी अवगत कराया गया जिस पर ऑटो सवार व्यक्तियों द्वारा स्वयं को पुलिस टीम से दोनों ओर से घिरता देखकर ऑटो मानिकपुर बिशु गौशाला के पास ऑटो खड़ा करके पुलिस टीमों पर जान से मारने की नियत से 3 फायर किये गये। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गई तो एक गोली अभय यादव पुत्र जगदीश सिंह निवासी नगला नया थाना इकदिल इटावा के बांये पैर में लगी जिसे घायल अवस्था में तमंचा, 2 जिन्दा व 2 खोखा कारतूस 315 बोर सहित एवं 2 अन्य आरोपियों भूरे उर्फ शहनूर खाँ पुत्र निसार खाँ निवासी कुअंरपुर भटपुरा थाना इकदिल इटावा, शिवम पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी सूरजपुर थाना करहल जनपद मैनपुरी को मानिकपुर बिशु गौशाला के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त सराहनीय कार्य के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा पुलिस टीम को 15,000 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया।

### गौरैया के घर बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** दतावली डायमंड ग्रुप की अध्यक्ष रीना यादव के नेतृत्व में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्रों को गौरैया के घर बनाने हेतु जनपद की गौरैया संरक्षक डॉक्टर सुनीता यादव प्राथमिक विद्यालय खरदूली द्वारा छात्राओं के लिए गौरैया का घर बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजू श्री द्वारा किया गया। डॉ सुनीता यादव अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय खरदूली विकासखंड सैफई ने सर्वप्रथम नन्ही चिड़िया के जीवन के इतिहास, उसकी विभिन्न प्रकार की आवाज़ें चिड़िया की पसंद और नापसंदऔर संरक्षण के महत्व के बारे में छात्राओं को बहुत ही सरल भाषा में जानकारी प्रदान की। इस जानकारी को सुनकर छात्राएं भाव विभोर हुई। सुनीता यादव द्वारा कम बजट में गत्ते जूट के बोरो के माध्यम से विभिन्न आकृति के घोसलों को बनाना सिखाया। इस प्रकार का प्रशिक्षण बच्चों के अंदर प्राकृतिक प्रेम को विकसित करता है आजकल की दौड़ भरी जिंदगी में प्राकृतिक प्रेम होना अति आवश्यक है नन्ही चिड़िया जब दाना लेकर चलती है सौ बार गिरती है और संभलती है वह जीवन का अमूल्य पाठ सभी को सिखाती है और सभी के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। इस कार्यक्रम में जायंट्स ग्रुप फेडरेशन 5 की निवर्तमान अध्यक्ष उषा यादव, ग्रुप की पूर्व फेडरेशन ऑफिसर रीता मेहरोत्रा, वित्त निदेशक रुपाली मेहरोत्रा, ग्रुप के निदेशक निधि द्विवेदी, सदस्य करुणा बंसल और शमा परवीन ने छात्रों के साथ चिड़ियों के घोसले बनाने में सक्रिय सहभागिता की जिससे बच्चों के भीतर समूह में कार्य करने की समझ विकसित हुई । अंत में ग्रुप की अध्यक्ष रीना यादव ने सुनीता मैडम को प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया और सभी सदस्यों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दिल से आभार व्यक्त किया।

### आपातकालीन चिकित्सा सेवा प्रदाताओं का सम्मान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में आपातकालीन चिकित्सा सेवा प्रदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह ने कहा कि हमारा मानना है कि किसी भी प्रकार की तत्काल या आकस्मिक चिकित्सा स्थिति के बाद जीवित रहने की क्षमता बढ़ाने और विकलांगता को कम करने के लिए दुनिया में हर जगह अच्छी तरह से विकसित, अच्छी तरह से तैयार और अच्छी तरह से संगठित आपातकालीन चिकित्सा प्रणालियों की आवश्यकता के बारे में जागरूकता पैदा करना हमारा उद्देश्य है, जिससे दुर्घटना होने पर आमजन लोग इस आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के संदर्भ में बेहतर जानकारी रख पाएं। आपातकालीन विभागाध्यक्ष डॉ प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा प्रदाताओं द्वारा लोगों के जीवन रक्षा हेतू किए जाने वाले अविस्मरणीय योगदान के लिए मैं सभी को हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं और पुलिस विभाग की भी प्रशंसा करनी चाहिए क्योंकि आकस्मिक परिस्थितियों में पुलिस के समन्वय का भी बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान होता है। इस अवसर पर पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता कभी आयोजन किया जिसमें प्रथम पुरस्कार प्राची, द्वितीय पुरस्कार जूही, और तृतीय पुरस्कार कौशलेंद्र को मिला। आपातकालीन सेवाओं से जुड़े लोग एमएसएसओ-मनोज कुमार मौर्य, सीएमओ- डॉ निर्मल कुमार, पुलिस विभाग से नितिन चौधरी, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर- उमेश, रवि ज्योति, लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे के सुरक्षा अधिकारी यूपीइडा- राजेंद्र कुमार, एंबुलेंस वाहन चालक पंकज, जितेंद्र,हाउसकीपिंग स्टाफ से राकेश, मलखान सुरक्षा गार्ड विनोद कुमार, प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ विश्वदीप, दो हरिकांत,डॉ विवेक, डॉ राजमंगल,डॉ राजकुमार एवं आपातकालीन विभाग के समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।



### भंडारे का हुआ आयोजन

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के आदि नगर तिराहे पर स्थित बुद्ध प्रतिमा के प्रांगण में बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर नगर पंचायत बछरावां एवं बौद्ध उपासक महासभा द्वारा संयुक्त रूप से विशाल भंडारे का आयोजन किया गयाद्य इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में भक्त जनों ने भंडारे का प्रसाद चखा। इस अवसर पर नगर पंचायत बछरावां के अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा, सभासद कुंवर वीरभान सिंह, सभासद सतीश तिवारी सहित भारी संख्या में बौद्ध उपासक महासभा के सदस्य गण एवं आम जन मानस मौजूद रहा।

# नहरों में नहीं है पानी, अन्नदाता परेशान

- कैसे हो धान की नर्सरी, किसानो के लिए चिंता का कारण

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



किसानों को सिंचाई के लिए शासन द्वारा नहरों की व्यवस्था कराई गई थीद्य जिससे किसानों को धान की नर्सरी एवं रोपाई के लिए समय-समय पर पानी मिल सकें, लेकिन इस समय नहरों में पानी न आने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है, वर्तमान समय में किसानों को धान की नर्सरी तैयार करने के लिए पानी की काफी आवश्यकता है, जिससे किसान मजबूर होकर नलकूप एवं सोलर प्लांट के माध्यम से धान की नर्सरी तैयार कर रहे हैं। क्षेत्र में राजामऊ रजबहा व इंदिरा नहर सहित सैकड़ो की संख्या में छोटी बड़ी माइनरो की खुदाई कराई गई थी। लेकिन नहर विभाग की धांधली के चलते किसानों तक पानी नहीं पहुंच सका। विभागीय अधिकारी नहरों की सफाई के नाम पर खानापूर्ति करके इति श्री कर लेते हैंद्य क्षेत्र के किसानों ने इसकी शिकायत कई जनप्रतिनिधियों, उच्च अधिकारियों से की लेकिन नहरों में पानी नहीं आया और नहरों में आज भी धूल उड़ रही है।

आपको बता दे की रायबरेली जनपद धान की फसल के मामले में एक अलग स्थान रखता है, लेकिन इस बार नहर में पानी न मिलने के कारण किसानों के चेहरों पर मायूसी एवं चिंता की रेखाएं देखी जा सकती हैं। किसान विजयपाल यादव, सुरेंद्र मिश्रा, अनुपम मिश्रा, राजेश सिंह, रिंकू सिंह, सत्यनारायण कुशवाहा, अशोक मिश्रा, राकेश तिवारी, मंशेश्वर यादव, दिलीप अवस्थी, मोहित अवस्थी सहित बड़ी संख्या में किसानों ने जिला अधिकारी से नहरों में पानी चालू किए जाने की मांग की है।

### बड़े भाई ने छोटे भाई की पत्नी को नशे की हालत में लाठी से किया लहूलुहान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिले में जमीनी विवाद हो या पारिवारिक कलह थमने का नाम नही ले रहा चंद्र जमीन के टुकड़ों को लेकर भाई ही भाई के खून का प्यासा हो जा रहा है ऐसा ही मामला आज गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत देखने को मिला जहां पर बड़े भाई ने छोटे भाई को नशे की हालत में मामूली कहां सुनी को लेकर लाठी से मारने की कोशिश किया तभी बीच बचाव करने पहुंची उसकी पत्नी को बड़े ही बेरहमी से लाठी से पीट दिया जिससे उसके सर पर गंभीर चोट आई मिली जानकारी के अनुसार गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोमापुर के रहने वाले प्रमोद कुमार का बड़े भाई से बरसों से जमीनी विवाद चल रहा है इसको लेकर बड़े भाई ने नशे की हालत में छोटे भाई को लाठी से मारने की कोशिश किया तभी बीच बचाव करने पहुंची प्रमोद की पत्नी प्रीतम उम्र 42 साल को लाठी से बड़े ही बेड़नी से पीट दिया जिससे उसके सर पर गंभीर चोटे आई। प्रमोद ने तुरंत 112 को सूचित किया, 112 घायल महिला को सीएचसी जतुवा टप्पा लेकर आई जहां पर उपस्थित डॉक्टर अश्विनी कुमार ने प्राथमिक उपचार कर महिला को गंभीर चोट होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# छप्पर रखने को लेकर दो पक्षों में विवाद

- दोनों पक्षों मे हुई मारपीट, वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल
- तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की पड़ताल

सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।




सोशल मीडिया पर एक मारपीट का वीडियो वायरल हुआ। बताया गया की है यह वीडियो सरेनी थाना क्षेत्र के बेनी माधवगंज का है।

पुलिस ने इस मामले में हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में घायल रमाशंकर पुत्र गंगादीन निवासी बेनी माधवगंज थाना क्षेत्र सरेनी ने बताया कि उसकी जमीन पर बनी दीवार पर पड़ोस के रहने वाले विनोद कुमार, मोधे, छोटेलाल पुत्र सोनेलाल व शिवमोद उसकी जमीन पर बनी दीवार पर छप्पर रख रहे थे।

उसने जब यह करने से मना किया तो उसके साथ गाली गलौज की गई व मारपीट करने लगे। इस बीच मेरा लड़का कमलेश, बहू बिंदा देवी व नाती आशुतोष बचाने के लिए आए। तो विपक्षियों ने मिलकर लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में मुझे चोट आई। सभी लोग धमकी देते हुए वहां से भाग गए।

पुलिस ने शिकायतकर्ता की तहरीर के आधार पर विनोद कुमार, मोधे, छोटेलाल पुत्र सोनेलाल व शिवमोद निवासी बेनी माधवगंज थाना सरेनी के खिलाफ धारा 323, 504, 506 तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। सरेनी थाना इंचार्ज संजय कुमार ने जानकारी देते बताया कि शिकायतकर्ता की दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। विवेचना करके मामले पर कार्रवाई की जाएगी।

# मनीष गोस्वामी के आवास पर मनाई गई नर सिंह भगवान की जयंती

- डॉ विनय भदौरिया, अभिनव भदौरिया एवं सत्य पाल सिंह फ़ौजी साहित दर्जनों विशिष्ट जनों का हुआ सम्मान

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



जनपद के सरेनी विकास क्षेत्र स्थित हिम्मत पुर में मनीष गोस्वामी के आवास पर बीते दिन भगवान नर सिंह जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम शाम 5 बजे हवन पूजन के साथ प्रारम्भ हुआ और मंच पर अद्भुत झाकियों की प्रस्तुति के साथ लगभग रात 10 बजे तक चला। कार्यक्रम में कई सैकड़ा लोग उपस्थित रहे। मुख्य रूप से लालगंज के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राष्ट्रीय नवगीतकार डॉ विनय भदौरिया,युवा समाज सेवी अभिनव भदौरिया,रवि शंकर प्रजापति,रमेश कौशल,शुभम शर्मा, वाई पी सिंह,बबलू सिंह एवं सत्यपाल सिंह फ़ौजी का विशेष सम्मान गोस्वामी परिवार की ओर से किया गया। मनीष गोस्वामी ने आये हुए अतिथियों का आभार जताया। उपस्थित लोगो ने प्रसाद पाया और पुण्य के भागी बने।

# न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।




न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा।


कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह जी एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल द्वारा भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ।

भगवान बुद्ध के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय की कक्षा 10 की छात्रा गौरी ने अपना वक्तव्य दिया साथ ही हिन्दी प्रवक्ता श्री अवधेश शर्मा जी ने भवगान बुद्ध के जन्म से महानिर्वाण तक आये हुए जीवन के उतार चढ़ाव को बतलाते हुए बुद्ध पूर्णिमा के महत्व को समझाया।

बुद्ध पूर्णिमा को वैसाख पूर्णिमा व पीपल पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। वर्तमान में बुद्ध पूर्णिमा का विशेश महत्व इसलिए है क्योंकि इसी तिथि को ही भगवान बुद्ध का जन्म हुआ, ज्ञान प्राप्त हुआ तथा इनको महानिर्वाण हुआ। आज विश्व स्तर भगवान बुद्ध के द्वारा बताये गये सिद्धांतो को कई देश स्वीकार कर रहें हैं। भगवान बुद्ध जन्म भले ही भारत में हुआ हो लेकिन उनके अनुयायी चीन और जापान में अधिक हैं।

अन्त में प्रधानाचार्य वक्तव्य में भगवान बुद्ध के द्वारा बनाये गये नियमों पर चलने की प्रेरणा प्रदान की। उन्होंने कहा कि अतीत पर ध्यान न देते हुए अपने मन को वर्तमान क्षण पर केन्द्रित करो, झूठ और पाप से बचो। जिसने खुद पर नियंत्रण पा लिया है उसकी जीत को देवता भी हार में बदल नहीं सकते तथा आप स्वयं अपने दीपक बनो। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहें।

### महिला की तहरीर पर मां-बेटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज




**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** महिला की तहरीर पर मां और बेटी पर दर्ज हुआ मुकदमा वादिनी रानी पत्नी रामचरण निवासी सेनपुर मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला थाना महाराजगंज की तहरीर पर मनोरमा सिंह पत्नी स्वर्गीय पप्पू सिंह खुशी सिंह पुत्री स्वर्गीय पप्पू सिंह निवासीगण सेनपुर मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला थाना महराजगंज के द्वारा वादिनी के साथ लाठी डंडों से मारपीट करते हुए गाली गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने वादिनी की तहरीर पर मां और बेटी पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना ओ.टी.-06-2024

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर-II/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ''खुली'' निविदा आमंत्रित की जाती हैः- **निविदा सं:- ओटी-06-2024, कार्य का विवरण:-** वाराणसी मण्डल अन्तर्गत बसंतपुर और महाराजगंज स्टेशन पर 25 केवीए 50 हर्ट्ज सिंगल फेज एसी विद्युतीकरण का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य तीन लाईन क्रासिंग स्टेशन में रूपांतरण के क्रम में। **अनुमानित लागत:-** रु. 2,34,59,296.57, **बयाना राशि:-** रु. 2,67,300.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य:-** रु. निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:-** 6 माह, **निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय 13.06.2024 को 15:00 बजे। नोट:-** • इस निविदा के विरुद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

उप मुख्य विद्युत इंजी0-II/निर्माण गोरखपुर
मुजाधि/विद्युत-44

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# सीएचसी-पीएचसी में बिना प्राथमिक उपचार व इंजेक्शन दिये रेफर कर दी जाती हैं प्रसव पीड़िताएं

- सीएमएस महिला ने सीएमओ व शासन को कराया अवगत,सीएचसी में सभी व्यवस्थाएं मगर जबरन रिफर किया जाता है महिला अस्पताल,एक साल में ऐसे आये करीब पांच सौ से अधिक मामले

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

जिला महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक(सीएमएस) ने स्पष्ट किया है कि ग्रामीण क्षेत्र के सीएचसी व पीएचसी से बिना प्राथमिक उपचार किये ही प्रसव पीड़िता महिला को महिला अस्पताल के लिये रिफर कर दिया जाता है जिससे यहां पर आते आते पीडिता की हालत और खराब हो जाती है। यहां तक कि सीएचसी में रिफर करते वक्त महिला को मैग्नीनेशीयम सल्फेट(झटके) का इंजेक्शन भी नही दिया जाता है। जिससे जच्चा बच्चा को बेहद खतरा रहता है। सीएमएस ने इस मामले की जानकारी सीएमओ के अलावा शासन को भी दे दी है। जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डा. फौजिया अंजुम नोमानी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली प्रसव पीड़िता महिलाएं ज्यादातर एनीमिया से पीड़ित होती है। हेमोग्लोबिन की कमी होने के कारण उनका उपचार करने में बहुत की कठिनाई आती है। जबकि शासन के निर्देश है कि एनीमिया पीडित महिला को जिला अस्पताल से तुरंत ब्लड की व्यवस्था की जानी चाहिये मगर जिला पुरुष अस्पताल से जब ब्लड की व्यवस्था नही होती तो मजबूरीबश उन्हे कानपुर के लिये रिफर करना पड़ता है।

सीएमएस ने स्पष्ट किया कि ज्यादातर सीएचसी पीएचसी में महिलाओं के प्रसव कराने की व्यवस्था है। दवाएं व समस्त प्रबंध शासन ने कर रखे है मगर इसके लिये काम न करना पड़े इसलिये प्रसव पीड़ित महिला को महिला अस्पताल रिफर कर दिया जाता है। उन्होने दावा किया है कि एक साल में इस प्रकार के केश पांच सौ से अधिक आ चुके है जिनका उनके पास रिकार्ड भी है। कहना है कि रिफर करने के पहले डाक्टर को हर हाल में प्रसव पीड़ित महिला को मैग्नीशीयम सल्फेट का इंजेक्शन देना आवश्यक होता है। ताकि रास्ते में उसे झटके न आये,इंजेक्शन ने देने से दूर दराज से आने वाली महिलाओं की हालत खराब हो जाती है और अस्पताल में संभालने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। महिला अस्पताल में उचित इलाज करने के बाद गंभीर हालत में जब महिला को कानपुर रिफर किया जाता है तो लोग हंगामा शुरु कर देते है। जिससे अस्पताल की व्यवस्था खराब हो जाती है। इस मामले में सीएमओ डा.गीतम सिंह का कहना है कि किस सीएचसी पीएचसी से प्राथमिक उपचार व इंजेक्शन नही लगाये जाते है इसकी जानकारी सीएमएस महिला को लिखित रुपसे उन्हे देना चाहिये। जब कि सीएमएस डा. फौजिया का कहना है कि इस मामले की जानकारी व सीएमओ व शासन को लिखित रुपसे दे चुकी है अभी दो दिन पहले उन्होने इस समस्या की पूरी जानकारी प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को अवगत करा दिया है। सीएमएस का मानना है कि जो महिला डाक्टर है उनका पूरा सहयोग यदि मिलता रहे तो कोई दिक्कत नही आती है मगर वह अकेले किससे कब तक संघर्ष करती रहेगी।

### अस्पताल से दलालों को हटाने पर होता हंगामा : सीएमएस

**हमीरपुर।** महिला अस्पताल में दो दिन पहले हुये हंगामे के मामले में सीएमएस डा. फौजिया अंजुम नोमानी का कहना है कि महिला अस्पताल में दवालों का बोलवाला चल रहा था गरीब मरीजों के टेस्ट करवाने के लिये महिला दलाल प्रायवेट पैथालाजी में ले जाती थी जिससे उनका आर्थिक शोषण होता था जब कि महिला अस्पताल में टेस्ट की समस्त व्यवस्थाएं है। इस मामले में पूरी तरह पाबंदी लगा दी गयी है जिससे यह बात कुछ लोगो को कष्ट दे रही है लिहाजा मरीजों का सहारा लेकर लोग हंगामा कराते है। मगर अस्पताल से दलाली प्रथा हर हाल में समाप्त की जायेगी इसके लिये उन्हे चाहे जितना ही संघर्ष क्यो न करना पड़े। दलालों को हटाने के लिये आवश्यकता होगी तो पुलिस का भी सहारा लिया जायेगा,सीएमएस ने इस मामले को भी शासन को अवगत करा दिया है।

रोगन अल्सरीन

शरीर में कहीं भी जलन हो, रक्त स्राव हो रहा हो स्तन के फोड़े में घाव हो गया हो, पुराना सिर दर्द हो, बवासीर हो।
मुंह के छाले से लेकर ऑत और आमाशय के व्रण तक इसे जल में मिलाकर पीते रहना चाहिए।

सौजन्य से-वैद्य सम्राट स्वर्ण पदक प्राप्त

बाबू गोपाल शरण गर्ग जी

विजयगढ़, अलीगढ़ (उ. प्र.)
सही दवा मिलने का पता- 9120747293



## नकली खाद पदार्थों का प्रचलन, उभरती त्रासदी

नकली वस्तुओं का व्यापार और बिक्री एक वैश्विक समस्या बनकर उभरी है। खाद्य सुरक्षा मानकों और उनके विनियमों का अनुपालन कंपनियां नहीं कर कायदे–कानूनों को ठेंगा दिखाने लगी हैं। शिकायतकर्ताओं पर कंपनी वाले हमलावर होते हैं। समझने की जरूरत है कि आखिर ऐसा हो क्यों रहा है? दरअसल, इसके पीछे एक खास वजह है। वजह के किरदार हैं दो धड़े। अव्वल, ठेकेदार और दूसरे कांट्रेक्टर? ठेकेदार के रूप में वह संस्था जो इन पर अंकुश लगाने का नाटक करती है और कांट्रेक्टर सरकारी मशीनरी जो राजस्व के नाम पर मोटा माल वसूल कर अपनी आंखों पर पट्टी बांध लेती हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण दोनों अगर कमर कस लें, तो किसी कंपनी की हिम्मत नही, जो खाद पदर्थों में गड़बड़ी भी कर सकें। गौरतलब है, नकली और पायरेटेड ब्रांड की बाढ़ ने भूमिगत व्यापार बनाकर वैश्विक अर्थव्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित किया हुआ है। डुप्लीकेट मसालों का मसला अगर सार्वजनिक नहीं हुआ होता, तो ये मुद्दा चर्चाओं में आता ही नहीं? ऐसा प्रतीत होता है जैसे भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण पूरी तरह से निष्क्रिय हो गया है। समय–समय पर होने वाली छापेमारी, मॉनेटरिंग, धरपकड़ और शिकायतों की तत्काल प्रभाव से जांच करवाना, अब नहीं होता। एक बार लाइसेंस वितरण करने के बाद फाइल को धूल चाटने के अलमारी में दबा दिया जाता है। जब रिन्यूवल का समय आता है तभी कुंभकर्णी नींद खुलती है, क्योंकि उस वक्त फिर से फीस लेनी होती है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण और कंपनियों के बीच सीधी सांठगांठ रहती है। शिकायतें ऊपर तक नहीं पहुंची, बीच में ही मैनेज कर ली जाती है। ऐसी स्थिति में कंपनियां लोगों के जीवन से खिलवाड़ नहीं करेंगी तो क्या करेंगी? प्राधिकरण और कंपनियों के बीच दोस्ती के चलते ही मैगी खाने से बच्चे बीमार पड़े, मसालों से पेट खराब हुआ, कोल्ड ड्रिंक पीने से पेट की आते सूज गई जैसी खबरें मीडिया में दिनोंदिन बढ़ रही हैं। कंपनियां जबसे बेलमाग हुई हैं तभी से खाद् पदार्थों में नक्कालों ने बिना डरे कब्जा कर लिया है। नकली प्लास्टिक चावल, गधे–घोड़े की लीद से जीरा बनाना अब आम बात है। दरअसल, इस तरह की खबरें लोगों को तभी पता चली हैं, जब ये गोरखधंधे कहीं न कहीं पकड़े गए। मेरठ में पिछले साल नकली जीरा बनाने वाला कारखाना पकड़ा गया था। दिल्ली के बुराड़ी में भी ऐसा ही एक कारखाना पुलिस ने पकड़ा था। जाली सामानों के सबसे हानिकारक रूपों में नकली दवाइयां प्रमुख हैं, जिनकी बिक्री अकेले एशिया से दक्षिण–पूर्व एशिया और अफ्रीका तक लगभग 1.6 बिलियन डॉलर प्रति वर्ष है। दवाओं में मलेरिया की दवा में सबसे ज्यादा फर्जीवाड़ा होता है। मलेरिया की एक तिहाई दवाएं नकली होती है। 2008 में विश्व स्तर पर पकड़ी गईं लगभग दो–तिहाई नकली दवाइयों को पूर्वी एशिया में भेजने का मामला भी खूब गर्माया था। अब कंपनियां नकली माल के अलावा धड़ल्ले से उत्पादों की कीमतें भी बढ़ाती हैं क्योंकि कंपनियां संगठित आपराधिक गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए सुरक्षा प्रणालियां बढ़ाती हैं और अनुसंधान और विकास में अधिक निवेश करती हैं। कुल मिलाकर हर परिस्थितियों से वो निपटना जान चुकी हैं। ऐसे में आमजन को ही सतर्क होना होगा, ब्रांडों की सत्यता–वास्तविकता खुद से परखनी होगी।

# मोदी खेमे और आरएसएस के बीच दरार

**अरुण श्रीवास्तव**

यह अपरिहार्य था। अपने अस्तित्व के सौ वर्षों में इससे पहले कभी भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), जो दक्षिणपंथी राजनीतिक संगठन भाजपा का मूल संगठन है, के किसी भी सरसंघचालक को इस तरह के अपमान का सामना नहीं करना पड़ा था, जैसा कि वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत को झेलना पड़ा है। उनका अपमान किसी और ने नहीं बल्कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने किया है। यह समझ से परे है कि नड्डा संघ परिवार के सभी समूहों के प्रमुख का अपमान कैसे कर सकते हैं! लेकिन ऐसा हुआ। केवल चंद दिन पहले, उन्होंने एक सार्वजनिक बयान दिया था हम (भाजपा) बड़े हो गये हैं, हम अब और अधिक सक्षम हैं भाजपा खुद चलती है।

मथुरा और काशी में विवादित स्थलों पर मंदिर को लेकर पार्टी की कोई योजना नहीं है। यह उस समय से विकसित हुआ है जब इसे आरएसएस की जरूरत थी और अब यह सक्षम है और अपना काम खुद चलाता है। आरएसएस एक वैचारिक मोर्चा है और अपना काम खुद करता है। नड्डा के इस दुस्साहस से पूरा आरएसएस नेतृत्व स्तब्ध है। ऐसा नहीं है कि वे उस व्यक्ति से अनभिज्ञ हैं, जिसने नड्डा को इस तरह का अभद्र और घटिया बयान देने के लिए उकसाया था। लेकिन इसके लिए वे फिर भागवत को दोषी मानते हैं। लगभग सभी वरिष्ठ नेता यह महसूस करते हैं कि भागवत ने एक फ्रेंकेंस्टीन बनाया है। ये नेता लगातार नरेंद्र मोदी की शासन शैली और कार्यप्रणाली को उनके ध्यान में लाते रहे हैं, लेकिन उन्होंने इन्हें गंभीरता से लेने से इनकार कर दिया।

दो साल पहले, आरएसएस के दूसरे नंबर के महासचिव, दत्तात्रेय होसबले ने भाजपा सरकार की एक बहुत ही जर्जर छवि पेश की थी, जिसमें कहा गया था कि मोदी सरकार चलाने के प्रति गंभीर नहीं हैं। आरएसएस नेताओं का कहना है कि यदि भागवत ने कुछ कार्रवाई की होती तो स्थिति इतनी खराब नहीं होती, जहां आरएसएस के अस्तित्व और कद को एक ऐसे व्यक्ति के माध्यम से चुनौती दी जा रही है, जिसके साथ मोदी और अमित शाह एक आश्रित से अधिक व्यवहार नहीं करते हैं। आरएसएस आकाओं को अपनी मिसाइल भेजने के लिए नड्डा ने एक ऐसा समय चुना जो सीधे तौर पर संकेत देता है कि सबसे बुरा समय अभी आना बाकी है। किसी भी चतुर राजनेता ने कभी भी अपने राजनीतिक और वैचारिक गुरु के अधिकार को अपमानित करने की हिम्मत नहीं की होगी, वह भी महत्वपूर्ण लोकसभा चुनाव से समाप्त होने के ठीक पहले क्योंकि इससे पूरे देश में, खासकर कार्यकर्ताओं के बीच एक गलत संदेश जायेगा। लेकिन



**आरएसएस एक वैचारिक मोर्चा है और अपना काम खुद करता है। नड्डा के इस दुस्साहस से पूरा आरएसएस नेतृत्व स्तब्ध है। ऐसा नहीं है कि वे उस व्यक्ति से अनभिज्ञ हैं, जिसने नड्डा को इस तरह का अभद्र और घटिया बयान देने के लिए उकसाया था। लेकिन इसके लिए वे फिर भागवत को दोषी मानते हैं। लगभग सभी वरिष्ठ नेता यह महसूस करते हैं कि भागवत ने एक फ्रेंकेंस्टीन बनाया है। ये नेता लगातार नरेंद्र मोदी की शासन शैली और कार्यप्रणाली को उनके ध्यान में लाते रहे हैं, लेकिन उन्होंने इन्हें गंभीरता से लेने से इनकार कर दिया। दो साल पहले, आरएसएस के दूसरे नंबर के महासचिव, दत्तात्रेय होसबले ने भाजपा सरकार की एक बहुत ही जर्जर छवि पेश की थी, जिसमें कहा गया था कि मोदी सरकार चलाने के प्रति गंभीर नहीं हैं। आरएसएस नेताओं का कहना है कि यदि भागवत ने कुछ कार्रवाई की होती तो स्थिति इतनी खराब नहीं होती।**

उन्होंने परिणामों की परवाह किये बिना ऐसा किया। इसका मुख्य कारण यह है कि उनके राजनीतिक आका भाजपा को संघ के प्रभुत्व से मुक्त कराने और उसे दक्षिणपंथी विचारों और हिंदुत्व की राजनीति के सच्चे प्रतिनिधि के रूप में पेश करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। भयावह परिणामों से बेपरवाह, नड्डा ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा कुछ मिथकों को तोड़ देगी जो सभी को आश्चर्यचकित कर देगी। हालांकि उन्होंने कहा कि मोदी को पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक लोगों का अपार आशीर्वाद प्राप्त है, लेकिन उन्होंने मिथको की वास्तविक प्रकृति का खुलासा नहीं किया। उन्होंने फिर भी यह संकेत दिया कि आरएसएस भाजपा का वैचारिक गुरु नहीं रहेगा। उनका बयान काफी भरा-पूरा है, लेकिन इससे मोदी के इरादे नहीं छुपते कि वह अपनी सत्ता और व्यक्तित्व पर किसी भी तरह का क्षरण नहीं आने देंगे। वह चुपचाप आरएसएस के आदेश को स्वीकार नहीं करने वाले हैं। तथ्य यह है कि उन्होंने कभी भी आरएसएस की बात नहीं मानी और यहां तक कि कई मौकों पर उन्होंने उन्हें कूड़ेदान में फेंकने का साहस भी किया। 2019 में दूसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद मोदी ने अपने जौहर दिखाना शुरू कर दिया। लेकिन आरएसएस नेतृत्व ने उनकी जांच नहीं की। अजीब बात है कि भागवत मोदी के माध्यम से भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के अपने मिशन की सफलता से इतने खुश थे कि उन्होंने उनके गलत कामों को नजरअंदाज करना पसंद किया।

मोदी के प्रति उनका दृष्टिकोण यह स्पष्ट करता है कि भागवत को मिशन हासिल करने के लिए अपनाये गये तंत्र की तुलना में अंतिम लाभ की अधिक चिंता थी। उनके लिए शुद्धता, शुचिता और पारदर्शिता महत्वपूर्ण नहीं थी। भागवत के लिए चौंकाने वाली बात यह है कि मोदी की कार्यशैली ज्यादा मायने नहीं रखती, जबकि इससे आरएसएस नेतृत्व में गहरी नाराजगी है। आरएसएस नेतृत्व की मुख्य बेचैनी मोदी की शासन शैली और उनका व्यक्ति-केंद्रित संचालन था। यहां तक कि उन्होंने भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी बौना बना दिया। आरएसएस के आदेशों को न मानने या उसके निर्देशों की घोर अवहेलना ने उन्हें उनके प्रति शत्रुतापूर्ण बना दिया है। लेकिन वे असहाय महसूस कर रहे थे क्योंकि उनका मुखिया उन्हें बंधन में बांधने को तैयार नहीं था। फिर भी संघ के सूत्रों का कहना है कि आरएसएस के कुछ वरिष्ठ नेताओं द्वारा मोदी के खिलाफ भागवत से की गई शिकायत ने संकट को बढ़ा दिया है। इन नेताओं ने, जिनमें अधिकतर महाराष्ट्र के थे, भागवत के सामने विरोध जताया था कि मोदी महाराष्ट्र को गुजरात का उपनिवेश बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री महाराष्ट्र में गुजराती उद्योगपतियों के व्यापारिक हितों को बढ़ावा देने के लिए रास्ते से हट गये। यह उनके आग्रह पर ही था कि महाराष्ट्र में स्थापित होने वाली कुछ औद्योगिक इकाइयों को गुजरात में स्थानांतरित कर दिया गया था। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि इससे एक बार फिर गुजराती लोग महाराष्ट्रियों के खिलाफ खड़े हो जायेंगे।

दिसंबर 1953 में फजल अली आयोग ने तेलुगु भाषी लोगों तक के लिए भिन्न राज्य की घोषणा की, जिसमें आंध्र प्रदेश भी शामिल था। लेकिन वह महाराष्ट्र और गुजरात को अलग करने का कोई समाधान नहीं ढूंढ पाई। मराठी भाषी लोग हर साल 1 मई को महाराष्ट्र दिवस के रूप में मनाते हैं। यह गुजरात राज्य का स्थापना दिवस भी है। यह वह दिन है जब मुंबई शहर सहित महाराष्ट्र राज्य का गठन किया गया था। एक लंबे संघर्ष के कारण तत्कालीन बॉम्बे राज्य को दो राज्यों महाराष्ट्र और गुजरात में विभाजित किया गया था। उस समय कुल 107 लोगों की जानें चली गई थीं।

## विचार

# पत्रकारिता को नारदीय आदर्श अपनाने की आवश्यकता

**मृत्युंजय दीक्षित**

इस साल नारद जयंती ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा (तदनुसार 24 मई 2024) को मनाई जाएगी। देवर्षि नारद सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा के मानस पुत्र हैं। वो आदि पत्रकार हैं। महान तपस्वी, तेजस्वी, सम्पूर्ण वेदान्त, शास्त्र के ज्ञाता तथा समस्त विद्याओं में पारंगत हैं। ब्रह्मतेज से संपन्न हैं। नारद जी के महान कृतित्व व व्यक्तित्व पर जितनी भी उपमाएं लिखी जाएं कम हैं। देवर्षि नारद ने अपने धर्म से परमात्मा का ज्ञान प्राप्त किया । वे प्राणी मात्र के कल्याण के लिए सदा उपस्थित रहे। वे देवता, दानव और मानव समाज के हित के लिए सर्वत्र विचरण, चिंतन व विचार मग्न रहते थे। देवर्षि नारद की वीणा से निरंतर नारायण की ध्वनि निकलती रहती थी। भगवद् भक्ति की स्थापना तथा प्रचार के लिए ही नारद का अवतार हुआ। नारद चिरंजीवी हैं।

नारद जी का संसार में अमिट प्रभाव है। देव, दानव, मानव सबके सत्कार्यों में देवर्षि नारद सहायक सिद्ध होते हैं। नारद जी का जीवन जनकल्याण व मंगलमय जीवन के लिए ही है। नारद जी पर नारायण की विशेष कृपा है। वे शत्रु तथा मित्र दोनों में ही लोकप्रिय थे। देवर्षि नारद त्रिकालदर्शी व पृथ्वी सहित सभी ग्रह नक्षत्रों में घट रही घटनाओं के ज्ञाता तो थे ही उनके मन में कठिन



से कठिन समस्याओं के समाधान भी चलायमान रहते थे। देवर्षि नारद व्यास, वाल्मीकि, शुकदेव जी के गुरु रहे। नारद ने ही प्रह्लाद, ध्रुव, राजा अम्बरीष आदि को भक्ति मार्ग पर प्रवृत्त किया। नारद ब्रह्मा, शंकर, सनतकुमार, महर्षि कपिल, मनु आदि बारह आचार्यों में अन्यतम हैं। प्रचलित कथा के अनुसार देवर्षि नारद अज्ञातकुलशील होने पर भी देवर्षि पद तक पहुंचे। बाल्यकाल में उनके मन में चंचलता नहीं थी, वे मुनि जनों की आज्ञा का पालन किया करते थे। उनकी अनुमति प्राप्त करके वे बर्तनों में लगा जूठन दिन में एक बार खा लिया करते थे। इससे उनके जन्म के सारे पाप धुल गए। नारद जी की सेवा से प्रभावित होकर मुनिगण उन पर अपनी कृपा रखने लगे।

संतों की सेवा करते-करते उनका हृदय शुद्ध रहने लगा। भजन-पूजन में उनकी रुचि बढ़ती गई। उनके हृदय में भक्ति का प्रादुर्भाव हो गया। वे अपनी माता के साथ ब्राह्मण नगरी में रहते थे। माता के कारण वे भी कहीं अन्यत्र नहीं जा सके। कुछ दिनों बाद एक दिन उनकी माता को सर्प ने काट लिया जिससे उनकी मृत्यु हो गई। नारद जी ने उसे विधि का विधान माना और गृह त्याग करके उत्तर दिशा की ओर चल दिए। इसके बाद उन्होंने अपनी सतत साधना और तपस्या के बल पर देवर्षि का पद प्राप्त किया। किसी-किसी पुराण में देवर्षि नारद को उनके पूर्वजन्म में सारस्वत नामक एक ब्राहमण बताया गया है। जिन्होंने? नमो नारायणाय मंत्र के जाप से भगवान नारायण का साक्षात्कार किया।

कालांतर में पुनः ब्रह्मा जी के दस मानस पुत्रों के रूप में जन्म लिया। नारद शुद्धात्मा, शांत, मृदु तथा सरल स्वभाव के हैं। मुक्ति की इच्छा रखने वाले सभी लोगों के लिए नारद जी स्वयं ही प्रयत्नशील रहते हैं। नारद जी को ईश्वर के प्रत्यक्ष दर्शन होते थे। उन्हें ईश्वर का मन कहा गया है। वे परम हितैषी हैं उनका अपना कोई स्वार्थ नहीं हैं। वे प्रभु की प्रेरणा से निरंतर कार्य करते रहते हैं। नारद जी ने दक्ष प्रजापति के हयाश्व-शबलाक्ष नामक सहस्त्र पुत्रों को अध्यात्म तत्व का पाठ पढ़ाया। देवर्षि नारद ने सभी के लिए भगवद् भक्ति का द्वार खोल रखा था। वे जीव मात्र के कल्याण के लिये भगवान नाम कीर्तन की प्रेरणा देते रहते हैं।


**देवर्षि नारद सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा के मानस पुत्र हैं। वो आदि पत्रकार हैं। महान तपस्वी, तेजस्वी, सम्पूर्ण वेदान्त, शास्त्र के ज्ञाता तथा समस्त विद्याओं में पारंगत हैं। ब्रह्मतेज से संपन्न हैं। नारद जी के महान कृतित्व व व्यक्तित्व पर जितनी भी उपमाएं लिखी जाएं कम हैं। देवर्षि नारद ने अपने धर्म से परमात्मा का ज्ञान प्राप्त किया । वे प्राणी मात्र के कल्याण के लिए सदा उपस्थित रहे। वे देवता, दानव और मानव समाज के हित के लिए सर्वत्र विचरण, चिंतन व विचार मग्न रहते थे।**

देवर्षि नारद का वर्ण गौर सिर पर सुंदर शिखा सुशोभित है। उनके शरीर में एक विशेष प्रकार की उज्वल ज्योति निकलती रहती थी। वे देवराज इंद्र द्वारा प्राप्त श्वेत दिव्य वस्त्रों को धारण किए रहते हैं। वे अनुषांगिक धर्मो के ज्ञाता थे। नारद लोप, आगम, धर्म तथा वृत्ति संक्रमण के द्वारा प्रयोग में आए हुए एक- एक शब्द की अनेक अर्थों में विवेचना करने में सक्षम थे। कृष्ण युग में गोपियों का वर्चस्व स्थापित किया। प्रथम पूज्य देव गणेश जी को नारद जी का ही मार्गदर्शन प्राप्त हुआ था। देवर्षि नारद स्वभावतः धर्म निपुण तथा नाना धर्मों के विशेषज्ञ हैं। वे चारों वेदों के ज्ञाता हैं। उन्होंने विभिन्न वैदिक धर्मों की मर्यादाएं स्थापित की हैं। वे अर्थ की व्याख्या के समय सदा संशयों का उच्छेद करते हैं। नारद जी के द्वारा रचित अनेक ग्रंथों का उल्लेख मिलता है-जिनमें प्रमुख हैं नारद पंचरात्र,नारद महापुराण,वृहद रदीय पुराण, नारद स्मृति, नारद भक्ति सूत्र, नारद परिवाज्रक उपनिषद आदि। इसके अतिरिक्त नगरीय शिक्षा शास्त्र के साथ ही अनेक स्तोत्र भी नारद जी के द्वारा रचित बताये जाते है। भगवद् भक्ति की स्थापना तथा प्रचार के लिए नारद जी का आविर्भाव हुआ। देवर्षि नारद धर्म के प्रचार तथा लोक कल्याण हेतु सदैव प्रयत्नशील रहे। इस कारण सभी युगों में सभी लोकों में समस्त विद्याओं में समाज के सभी वर्गों में नारद जी का सदा से प्रवेश रहा है। मात्र देवताओं ने ही नहीं वरन दानवों ने भी उन्हें सदैव आदर किया है। समय -समय सभी ने उनसे परामर्श लिया है। नारद जी भागवत संवाददाता भी थे, संदेश वाहक भी थे और ब्रह्माण्ड के प्रथम पत्रकार भी माने गए। नारद जी के विभिन्न उपनाम भी हैं। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में उन्हें संचारक अर्थात सूचना देने वाला पत्रकार कहा गया है। संस्कृत के शब्दकोष में उनका एक नाम पिशुन आया है जिसका अर्थ है सूचना देने वाला संचारक, सूचना पहुंचाने वाला, सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान तक देने वाली है।

## मोदी मैजिक फेल, लक्ष्य भी ध्वस्त

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जिस कथित करिश्माई व्यक्तित्व के बल पर भारतीय जनता पार्टी ने इस लोकसभा चुनाव में अपने बल पर 370 और नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) के बल पर 400 सीटों से ज्यादा का लक्ष्य निर्धारित किया था, वह मतदान के पांच चरण निकलते-निकलते इसलिये हवा में उड़ता नजर आ रहा है क्योंकि अब न तो मोदी के पास कोई नयी बात कहने को रह गई है और न ही उनके व्यक्तित्व से लोग आकर्षित हो पा रहे हैं। इसका कारण यही है कि भाजपा के विमर्श का आधार उनका चेहरा था, जबकि उन्हें टक्कर देता इंडिया गठबन्धन विमर्श के आधार पर कई करिश्माई व्यक्तित्व गढ़ चुका है जो देश के चारों दिशाओं में धूम मचा रहे हैं। विमर्श की बात करें तो लगता है कि भाजपा के पास अपना कोई भी नैरेटिव नहीं रह गया है।

प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं वही भाजपा का विमर्श और विषय होता है और मोदी जी जो कहते हैं वह कांग्रेस या इंडिया गठबन्धन के नेताओं द्वारा कही गई किसी बात की प्रतिक्रिया मात्र होती है। अब भाजपा की सभाओं में दिखने वाली भीड़ केवल जुटाई गई होती है जो लौटते वक्त कोई नयी बात लेकर नहीं जा रही है। चूंकि यह हुजूम लाया हुआ है इसलिये वह मोदी या भाजपा के भाषणों के दौरान कहां पर मोदी मोदी कहना है, बखूबी जानता है। इसे ही दरबारी मीडिया प्रस्तुत करता है। यह माहौल बनाने में उसका योगदान होता है जबकि अब तक सम्पन्न हुए 418 लोकसभा सीटों पर मतदान के बाद जो अनुमान आ रहे हैं वे साफबता रहे हैं कि भाजपा-एनडीए लगभग सभी राज्यों में पिछड़ रही है। मोदी मैजिक तो हवा में उड़ ही चुका है, वह अपने साथ 370-400 पार के नारे को भी उड़ा ले गया है।अनेक ऐसे संकेत मिल रहे हैं जो इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि खुद भाजपा कार्यकर्ता एवं उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक इस बार के चुनाव को लेकर उदासीन हैं। इसका एक संकेत सभी चरणों में कम मतदान का होना है। भाजपा व संघ दोनों के ही कार्यकर्ता जानते हैं कि मोदी अपने सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये संघर्षरत हैं और वे 400 पार लाकर वह करना चाहते हैं जो भाजपा के कहीं पहले संघ का लक्ष्य रहा है- संविधान व लोकतंत्र को समाप्त कर मनुवादी व्यवस्था को लाना। ऐसे आड़े वक्त में अगर दोनों संगठनों के कार्यकर्ता मतदान कराने के लिये 2014 एवं 2019 की तरह घरों से नहीं निकल रहे हैं तो मानकर चलना होगा कि इन पर से मोदी की पकड़ छूट चुकी है। इन संगठनों के कार्यकर्ता यह भी जान गये हैं कि जिन उद्देश्यों के लिये नरेंद्र मोदी ने यह नारा दिया है वह हासिल करने के लायक नहीं है। सम्भवतः उन्होंने यह भी सोच लिया है कि अगर हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा को साकार करना भी है तो वह कम से कम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में तो बिलकुल नहीं करना है क्योंकि दोनों ने इसके प्रति लोगों में शंकाएं एवं अरुचि पैदा कर दी है। इन दोनों संगठनों के कार्यकर्ता यदि अपनी नाराजगी या उदासीनता जो भी रही हो, उसे त्यागकर मोदी की मदद के लिये आना भी चाहते तो अब भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के उस बयान के बाद तो बिलकुल ही आने से रहे जिसमें नड्डा ने कहा है कि श्अब भाजपा बड़ी हो चुकी है तथा उसे अब राजनैतिक कामों के लिये संघ की जरूरत नहीं रह गई है। नड्डा का यह भी मानना है कि श्पहले चाहे संघ पर भाजपा आश्रित थी पर अब दोनों अपने-अपने कामों को स्वतंत्रतापूर्वक करते हैं- भाजपा राजनीतिक काम और संघ विचारधारा सम्बन्धी कार्यकलाप व सांस्कृतिक गतिविधियां।श् यह तय है कि इस बयान के बाद अब भाजपा को अगले तथा अंतिम दो चरणों में संघ की मदद मिलने से रही। 400 सीटों का लक्ष्य पाना तो दूर, अब वह सत्ता बचा ले यही बहुत है। कुछ बातें और जो सामने आई हैं उनमें प्रमुख यह है कि भाजपा ने जिस विषय को इस चुनाव का प्रमुख मुद्दा बनाने की सोची थी, वह पूरी तरह से गौण हो गया है- अयोध्या में राम मंदिर का। 2019 के बाद से ही बड़े सुनियोजित तरीके से मोदी ने रामलला मंदिर के निर्माण का रास्ता साफकराया और आनन-फानन में उसका निर्माण करवाया। इतना ही नहीं, आधे-अधूरे रूप से निर्मित मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा स्वयं मोदी ने एक भव्य समारोह में की। कुछ दिनों पहले एक प्रतिष्ठित संगठन ने जो सर्वे किया उसके नतीजों ने भाजपा को मैदान से ही बाहर कर दिया।



## राशिफल

**मेषः-** अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा। असीम प्रतिभाओं के बावजूद असफल होंगे।

**बृषभः-** विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**मिथुनः-** किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता न आने दें। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाप संभव।

**कर्क :-** किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलने वाली हैं।

**सिंहः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें।

**कन्याः-** कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर मनोबल पर कतई न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुलाः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाएं फलीभूत होंगी।

**वृश्चिकः-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा। बिना वजह दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें। परिवार में खुशहाल स्थिति से मन प्रसन्न होगा।

**धनुः-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है।

**मकरः-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलने का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव।

**कुंभः-** रोजगार क्षेत्र में मिल रहे नये अवसरों का लाभ उठाएंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मीनः-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

# राजनैतिक रूप से पूर्वांचल का है अलग मिजाज

उत्तर प्रदेश में पांच चरण के मतदान के बाद अब राजनैतिक ताकतों का पूरा फोकस पूर्वांचल की 27 लोकसभा सीटों पर आकर टिक गया हैं। पूर्वांचल में पूरे प्रदेश से अलग सियासी बयार बहती है। यह क्षेत्र राजनैतिक रूप से काफी सशक्त भी है। यहां के लोगों की रग-रग में सियासत देखने को मिल जाती है। तमाम बड़े और दिग्गज नेताओं को भी पूर्वांचल की धरती काफी रास आती है। यहां से निकले नेताओं ने देश-विदेश में खूब नाम कमाया है। पूर्व प्रधानमंत्रियों में पंडित जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, वीपी सिंह, चन्द्रशेखर यही की धरती से निकलकर सियासत की बुलंदी पर पहुंचे थे। पूर्वांचल से सर्वाधिक बार निर्वाचित होने वाले सांसदों की सूची पर नजर डालें तो बलिया की धरती के रहने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर 1977 से 1991 तक के बीच में बलिया से रिकॉर्ड 8 बार सांसद निर्वाचित हुए हैं।

इसके अलावा बलिया के चंद्रशेखर ने सीधे सांसद से प्रधानमंत्री बनने तक का सफर तय किया है। इन 27 सीटों में एक सीट वाराणसी की भी है, जहां से मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव लड़ रहे हैं। यह उनका तीसरा लोकसभा चुनाव है। मोदी की जीत में कहीं कोई संदेह नहीं है,



यहां तक की सपा प्रमुख अखिलेश यादव तक ने यहां से मोदी की जीत की भविष्यवाणी कर दी है। हां, यह और बात है कि वह यहां से तीसरी बार चुनाव जीत कर प्रधानमंत्री के रूप में भी हैट्रिक लगा पायेंगे। इस बार यदि मोदी फिर से पीएम बनते हैं तो वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के लगातार तीन कार्यकाल में प्रधानमंत्री बनने के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। इसको लेकर बीजेपी तो पूरी तरह से आत्मविश्वास से भरी हुई है, लेकिन विपक्ष को यही लगता है कि अबकी से मोदी बुरी तरह से हार रहे हैं।

खैर, मुद्दे पर आया जाये तो पूर्वांचल ने देश को देश की पहली मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी जैसी नेत्री दी तो संपूर्णानंद, कमलापति त्रिपाठी, वीर बहादुर सिंह और राम नरेश यादव जैसे मुख्यमंत्री यूपी को दिए। इतना ही नहीं सीपीएन सिंह, महावीर प्रसाद, कल्पनाथ राय, सुखदेव प्रसाद, केडी मालवीय, आरपीएन सिंह और कलराज मिश्र जैसे नेता पूर्वांचल से निकल कर केंद्रीय सरकारों में महत्वपूर्ण पदों पर हैं और रहे। सोशलिस्ट पार्टी के नेता बाबू गेंदा लाल से लेकर कम्युनिस्ट नेता सिवन लाल सक्सेना जैसे नेताओं ने पूर्वांचल से राजनीति की।

**खैर, मुद्दे पर आया जाये तो पूर्वांचल ने देश को देश की पहली मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी जैसी नेत्री दी तो संपूर्णानंद, कमलापति त्रिपाठी, वीर बहादुर सिंह और राम नरेश यादव जैसे मुख्यमंत्री यूपी को दिए। इतना ही नहीं सीपीएन सिंह, महावीर प्रसाद, कल्पनाथ राय, सुखदेव प्रसाद, केडी मालवीय, आरपीएन सिंह और कलराज मिश्र जैसे नेता पूर्वांचल से निकल कर केंद्रीय सरकारों में महत्वपूर्ण पदों पर हैं और रहे। सोशलिस्ट पार्टी के नेता बाबू गेंदा लाल से लेकर कम्युनिस्ट नेता सिवन लाल सक्सेना जैसे नेताओं ने पूर्वांचल से राजनीति की। हरिशंकर तिवारी, मार्कंडेय चंद्र, बलराम यादव, जगदम्बिका पाल, राम गोविंद चौधरी, अम्बिका चौधरी जैसे पूर्वांचल के कद्दावर नेता राज्य सरकारों में मंत्री रहे। वर्तमान में सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ ही सात कैबिनेट सहित कई मंत्री पूर्वांचल से हैं।**

हरिशंकर तिवारी, मार्कंडेय चंद्र, बलराम यादव, जगदम्बिका पाल, राम गोविंद चौधरी, अम्बिका चौधरी जैसे पूर्वांचल के कद्दावर नेता राज्य सरकारों में मंत्री रहे। वर्तमान में सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ ही सात कैबिनेट सहित कई मंत्री पूर्वांचल से हैं। इसके लिए इंडिया और एनडीए ने ताकत झोंक दी है। खास बात यह है कि इसी क्षेत्र में एनडीए गठबंधन में शामिल सुभासपा, निषाद पार्टी और अपना दल की प्रतिष्ठा दांव पर हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में भी चुनाव है। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन में शामिल तृणमूल कांग्रेस को एक और कांग्रेस को पांच सीटें मिली हैं। इन सीटों को पर कांग्रेस और सपा ने फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों को उतार दिया है। पूर्वांचल की 27 लोकसभा सीटों पर एक-एक वोट का हिसाब रखा जा रहा है। यूपी के पश्चिमी, मध्य और बुंदेलखंड के इलाकों में चुनाव होने के बाद सभी दलों के आलाकमान ने यहां के ज्यादातर नेताओं को इन्हीं 27 सीटों पर उतार दिया गया है। भाजपा ने वाराणसी में महिला सम्मेलन के जरिए नया प्रयोग किया है तो आसपास की सीटों पर प्रचार का नया मॉडल अपनाया है। पार्टी की ओर से पूर्वांचल की सीटों पर जल जीवन मिशन, मकान और शौचालय हित अन्य योजनाओं का लाभ पाने वाले लाभार्थियों की ब्लॉकवार सूची निकाली गई है। इस सूची के जरिए मतदाताओं तक पहुंच कर उन्हें समझाने का प्रयास किया जा रहा है। हर विधानसभा को तीन से चार हिस्से में बांट कर वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में बैठकें की जा रही है। इतना ही नहीं पार्टी ने नई रणनीति के तहत समूह बैठक तय की है। इसमें डॉक्टर, इंजीनियर, कपड़ा कारोबारी, दवा व्यापारी की बैठकें तय की गई हैं। उदाहरण के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नेताओं को इसी क्षेत्र के लोगों से मिलने का लक्ष्य दिया है। इसके लिए बाकायदे विधानसभा क्षेत्रवार सूची सौंपी गई है। खास बात यह है कि पिछड़े वर्ग पर ज्यादा फोकस किया गया है। यही वजह है कि पिछड़े वर्ग की जहां जिस जाति की आबादी है, उस क्षेत्र में उसी बिरादरी के नेताओं को भेजा गया है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# बहन की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भरथना/इटावा, समृद्धि न्यूज़।**




अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना भरथना पुलिस ने बहन की हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर कब्जे से लोहे का तबा आलाकत्ल बरामद किया।

वादिनी गीता देवी पत्नी किशन पाल निवासी महावीर नगर थाना भरथना इटावा द्वारा थाना भरथना पर तहरीरी सूचना दी गयी कि उनकी भतीजी आरती पत्नी राजीव उर्फ रिन्कू के रिस्ते सामान्य न होने के कारण अपने पति से अलग कस्बा भरथना के मुहल्ला रानीनगर में अपने भाई विजय के साथ रह रही थी आज रात्रि में आरती का पति राजीव उर्फ रिन्कू निवासी मानी कोठी थाना कुदरकोठ जनपद औरैया अपने 2 अज्ञात साथियों के साथ रानीनगर भरथना में आकर घर में घुसकर मेरी भतीजी आरती को सिर में हमला करके गम्भीर रूप से घायल कर दिया जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। उक्त अभियोग की विवेचना के दौरान विजय पुत्र राजवीर जो रिस्ते में आरती का भाई है का नाम प्रकाश में आया जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत थी। थाना भरथना पुलिस द्वारा कस्बा भरथना में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान विजय पुत्र राजवीर निवासी रानीनगर कस्बा भरथना से पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा घटना को स्वयं से कारित करना बताया जिस पर उसके घर रानीनगर से गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में देवेन्द्र सिंह प्रभारी थाना भरथना, उ.नि. हाकिम सिंह, का. सचिन का सराहनीय योगदान रहा।

# पुलिस ने शातिर के मंसूबों पर फेरा पानी, अवैध तमंचा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक गतिविधियों को कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक महोबकंठ राधेश्याम वर्मा द्वारा उ0नि0 सनय कुमार व प्रशिक्षु उ0नि0 अंकित कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

गठित हुई पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान चौका गांव को जाने वाले रास्ते गौशाला के पास से अभियुक्त सोनू कौशिक पुत्र मुन्नालाल कौशिक उम्र करीब 26 वर्ष नि0 ग्राम चौका थाना महोबकंठ जिसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया है, बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना महोबकंठ में मु0अ0सं0 107/24 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए उपरोक्त अभियुक्त को अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

# जैतपुर में पानी के लिए परेशान ग्रामीण

▸ दो हफ्ते से टपरियन बोर की सप्लाई भी बंद

**जैतपुर महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



कहते हैं कि जल है तो कल है, लेकिन जैतपुर मे सब उल्टा ही चल रहा है। यहाँ जल तो है लेकिन संबंधित कर्मचारी व अधिकारियों की सुस्त कार्य प्रणाली से आम जन तक पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

आपको बता दें कि जैतपुर मे बीते दो हफ्तों से लगातार लोगों को भारी पानी की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, बजह साफ़ है कि नन्ही मंगरौल (टपरियन) सप्लाई पर जैतपुर के आधे से ज्यादा ग्रामीण आश्रित हैं, जहां दो हफ्तों से ज्यादा समय से ठीक से सप्लाई नहीं आ पा रही है अभी एक हफ्ते से टोटल पानी आना बंद हो गया है।

ग्रामीणों के द्वारा संबंधित अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गई तो अपने कार्य क्षेत्र से बाहर बता कर बात को टाल दिया जाता है। जल विभाग की लचर कार्य प्रणाली से 45 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर भी लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

जो कार्य 2 दिन में हो जाना चाहिए उसे हफ्तों में भी नहीं कर पा रहा संबंधित विभाग।बात यदि करी जाए बेलाताल के बस स्टैंड की जो सबसे भीड़भाड़ वाला और यात्री ठहराव के लिए जाना जाता है, जहां पर एक भी हैंडपंप वर्तमान स्थिति में नहीं है ना ही अभी तक यहां पर नमामि गंगे लाइन के कनेक्शन दिए गए हैं , ऐसे में पानी उपलब्ध होने का केवल एक ही माध्यम है जो नन्ही मंगरौल सप्लाई से है। ग्रामीणों का कहना है कि तेज तपन और भीषण गर्मी में यदि लोगो को पानी उपलब्ध नहीं हुआ तो वह सड़कों पर उतर आएंगे ।

## खबरें एक नजर में

### समस्याओं से जूझ रहा सुमेरपुर का आयुर्वेदिक अस्पताल

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** जीर्ण शीर्ण भवन में चल रहा सुमेरपुर का आयुर्वेदिक अस्पताल समस्याओं से जूझ रहा है। अस्पताल में पेयजल, शौचालय व बिजली की समस्या बनी हुई। भवन की हालत नाजुक होने से वह कभी भी हादसे का शिकार हो सकता है। सुरक्षा न होने के कारण अराजक तत्व अनावश्यक रूप से वहाँ के कर्मियो को परेशान करते है। सुमेरपुर का आयुर्वेदिक अस्पताल छोटी बजार के पास बोड़ा धर्मशाला में पिछले हिस्से में संचालित है। भवन की हालत इतनी अधिक जीर्ण शीर्ण हो चुकी है कि वह केवल भगवान भरोसे चल रहा है बरसात के मौसम में छते टपकती है वो वहा बैठना भी मुश्किल हो जाता है। भवन कब ढह जाये उसका कोई ठिकाना नहीं है। कस्बे के एक जागरूक नागरिक कैलाश नार्थ निशंक ने बताया कि आयुर्वेदिक अस्पताल के लिये बने भवन बनाने के लिये चेयरमैन अनन्दी प्रसाद पालीवाल ने प्रयास किये थे रेलवे फाटक के समीप दंगल मैदान के पास अस्पताल बनाने के लिये 45 बाई 60 की जमीन भी नप चुकी थी लेखपाल द्वारा इसका गजर भी कराया जा चुका है। लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान न दिये जाने से उस पर आगे कोई कार्यवाही नही हो सकी अस्पताल में वर्तमान समय में एक चिकित्सा?धिकारी डा0 वैशाली सचान व एक स्वीपर ममता तैनात है अस्पताल में पेयजल की कोई व्यवस्था न होने से मरीज प्यास से तड़?पते रहते है। बिजली न होते से भीषण गर्मी में कर्मचारी व मरीज दोनो समस्या से ग्रसित रहते हैं। अस्पताल परिसर में शौचालय की व्यवस्था न होने से लोग इस समस्या से भी जूझते रहते हैं। एकान्त स्थान. में अस्पताल होने से वहाँ अराजकतत्व पहुंच जाते है और दवा लेने के नाम पर अनावश्यक रूप से दवाब बनाते है। लोगों का कहना है कि अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवायें भी नही आती जिससे इलाज की सभी दवायें नही मिल पाती। लोगो ने अस्पताल भवन का निर्माण कराये जाने की मांग शासन व प्रशासन की है।

### यातायात व्यवस्था के लिए मुसीबत बने ई-रिक्शा



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** बढ़ते ई रिक्शा ने बिगाड़े नगर के हालत, शहर की यातायात व्यवस्था के लिए चुनौती बने बढ़ते ई रिक्शा, जिम्मेदार खामोश। नगर की सड़कों पर बढ़ते ई रिक्शा से शहर के हालात दिनों दिन खराब होते जा रहे है। सड़कों पर बेतरतीब दौड़ते ई रिक्शा से आए दिन हादसे हो रहे है। ई रिक्शा चालक कही पर भी ई रिक्शा रोक देते है जिससे पीछे से आने वाले वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है। बेहिसाब ई रिक्शा से सड़कों पर हर समय जाम के हालात बने रहते है। ज्यादातर ई रिक्शा चालक नाबालिक है लेकिन जिम्मेदार आंखे मूंदे बैठे हुए है। इटावा में ई रिक्शा चालकों के लिए नियम बनाने और रुट निर्धारित कर नंबर से चलाने की बात तो कही जाती है लेकिन इसपर अमल नहीं किया जाता जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। ई रिक्शा चालक एक तो बेतरतीब और खतरनाक तरीके से रिक्शा चलाते है और यदि कोई कुछ कहता है तो लड़ने के लिए तैयार हो जाते है। यही हालत रहे तो आने वाले समय में सड़कों पर पैदल चलना भी दूभर हो जाएगा। बेहिसाब ई रिक्शा बढ़ने की वजह है की इनके संचालन के लिए कोई नियम कानून नहीं है। ज्यादातर रिक्शा चोरी की बिजली से चार्ज किए जाते है इस लिए इनके चलाने की को लागत नहीं आती। कुछ दिन पूर्व ही बिजली विभाग ने चोरी से संचालित रिक्शा चार्जिग सेंटर पकड़ा था। अगर आप देखेंगे कि सड़कों पर दौड़ते ज्यादातर ई रिक्शा खाली या एक दो सवारी लेकर चल रहे है लेकिन न्यूनतम लागत के कारण रिक्शा मालिको पर कोई फर्क नहीं पड़ता।

### डीबीए चुनाव : कुल 51 प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किए

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 2024 के लिये 57 नामांकन पत्र खरीदे गये थे जिसमें पहले दिन 25 नामांकन पत्र भरे गये तथा दूसरे दिन 26 नामांकन पत्र दाखिल हुये कुल मिलाकर 51 प्रत्याशियों द्वारा पर्चा दाखिल किये गये, 6 अधिवक्ताओं ने अपने-अपने पर्चे दाखिल नहीं किये। एडल्र्स कमेटी के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित व रूपेन्द्र सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से बताया कि आज नामांकन के दूसरे दिन एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन योगेन्द्र किशोर तिवारी एडवोकेट तथा सदस्यगण शान्ती स्वरूप पाठक, प्रेम शंकर शर्मा, रविन्द्र सिंह दुबे, रमाशंकर चौधरी एडवोकेट के समक्ष आज अध्यक्ष पद पर यतेन्द्र कुमार दीक्षित, अशोक बाबू दुबे, श्याम सिंह यादव, महामंत्री पद पर देवेन्द्र पाल सिंह, अम्बरीश कुमार पाण्डेय, डा. राजीव कुमार त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष पद पर देवेन्द्र कुमार मिश्रा, राम शरन सिंह यादव, कृष्ण मुरारी यादव, अजय द्विवेदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर देवेन्द्र सिंह कुशवाहा, वेद प्रकाश शर्मा, मध्यम उपाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार, रजिया, शशिवाला चतुर्वेदी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अमित नारायण पाण्डेय, शिवम, गजेन्द्र पाल सिंह, संयुक्त मंत्री पद पर दीपांशू तोमर, संदीप अग्रवाल, मो. शाहनवाज, वरिष्ठ सदस्य पर मुकेश यादव, वीरपाल सिंह, उदय प्रताप सिंह तोमर, कनिष्ठ सदस्य पद पर सुबोध कुमार व हिमांशू यादव ने पर्चा दाखिल किये। आज के नामांकन में सबसे खास बात यह रही कि मध्यम उपाध्यक्ष पद पर शशिवाला चतुर्वेदी के नामांकन में महिला अधिवक्ताओं की एक जुटता तथा महिलाओं का चुनाव के प्रति जोश उनके लगाये गये नारों से देखने को मिल रहा था। पर्चा बिक्री व दाखिल करवाने में एल्डर्स कमेटी के सहयोगी अधिवक्ता किरन माथुर तथा राघवेन्द्र त्रिपाठी का विशेष सहयोग सराहनीय रहा।

# ट्राला-डंपर की भिड़ंत में चालक की मौत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नहदौरा गांव के पास ट्राला और डंपर की आमने-सामने भिड़ंत में डंपर चालक की मौत हो गई जबकि ट्राला चालक मामूली रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

जनपद फतेहरपुर के अहिरन खेड़ा गांव निवासी दीपू यादव (26) गुरुवार की सुबह करीब चार बजे डंपर लेकर गिट्टी लेने पत्थरमंडी कबरई आ रहा था। तभी झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर नहदौरा गांव के पास सामने से आ रहे ट्राला से जोरदार भिड़ंत हो गई। डंपर के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से चालक स्टेयरिंग में फंस गया। दुर्घटना के बाद लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर में फंसे चालक को बाहर निकाला लेकिन तब तक दीपू यादव की मौत हो गई जबकि ट्राला चालक प्रतापगढ़ निवासी बलवान को मामूली चोटें आई। दुर्घटना के चलते करीब एक घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा। थानाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दुर्घटना की जांच कराई जा रही है।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर पाठशाला भगवान बुद्ध को छात्रों ने किया नमन

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।**



चरखारी नगर के मोहल्ला खंदिया में डॉ. भीमराव अम्बेडकर पाठशाला एवं लाइब्रेरी निरंतर संचालित है जिसमें 23 मई 2024 को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पाठशाला संचालक इन्द्र कुमार कुशवाहा ने बताया कि वैशाख मास की पूर्णिमा को ही दिन भगवान गौतम बुद्ध का लुम्बनी में जन्म हुआ था और पूर्णिमा को बोध गया में बुद्धत्व का ज्ञान मिला था जिससे बुद्ध बने थे और पूर्णिमा के दिन ही सारनाथ में प्रथम धम्म उपदेश देकर बुद्ध धम्म की शुरुआत किया था। और पूर्णिमा के दिन ही तथागत गौतमबुद्ध का कुशीनगर में महापरिनिर्वाण हुआ था द्य पूर्णिमा को ही भगवान बुद्ध का जन्म, ज्ञान की प्राप्ति, मृत्यु इसलिए इसे बुद्ध पूर्णिमा कहते हैं इन तीनों कारण से ही बुद्ध पूर्णिमा बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है और पूरी दुनिया में बुद्ध पूर्णिमा को बौद्ध महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। गौतम बुद्ध जी का जन्म लुंबिनी नेपाल में 563 ईसा पूर्व में शाक्य कुल के राजा शुद्धोधन के घर में जन्म हुआ था। और भगवान गौतम बुद्ध का 483 ईशा पूर्व ( 80 वर्ष की आयु में कुशीनगर, भारत में पंच तत्व में विलीन हो गए थे द्य इनकी माता का नाम महामाया था जो कोलीय वंश से थीं, जिनका इनके जन्म के सात दिन बाद निधन हो गया था, उनका पालन महारानी की छोटी सगी बहन महाप्रजापती गौतमी ने किया।

29 वर्ष की आयु में सिद्धार्थ विवाहोपरांत एक मात्र प्रथम नवजात शिशु राहुल और धर्मपत्नी यशोधरा को त्यागकर संसार को जरा, मरण, दुखों से मुक्ति दिलाने के मार्ग एवं सत्य दिव्य ज्ञान की खोज में रात्रि में राजपाठ का मोह त्यागकर वन की ओर चले गए। वर्षों की कठोर साधना के तपस्या के पश्चात बोध गया (बिहार) में पीपल बोधि वृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे सिद्धार्थ गौतम से भगवान बुद्ध बन गए हर्षोल्लास के साथ बुद्ध जयंती मनाई गई जिसमें पाठशाला संचालक इन्द्र कुमार कुशवाहा, हरिचरन, गनेश, राजकुमार राजपूत, दिनेश, रोहित कुशवाहा, नीलम, मुस्कान, प्रिंस रैकवार, नैतिक, कार्तिक सहित छात्र छात्राएं बच्चे मौजूद रहे इस अवसर पर बच्चों को मिष्ठान वितरित कर हर्षोल्लास के साथ बुद्ध जयंती मनाई गई।

# महिला की कुएं में गिरकर मौत, हत्या का आरोप

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**




मझगवां थाने के गिरवर गांव में बुधवार की रात झोलाछाप डॉक्टर की पत्नी की संदिग्ध हालात में गांव के बाहर बने कुएं में गिरकर मौत हो गई। मृतका के पिता ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पुत्री की हत्या कर उसे कुएं में फेंक देने का आरोप लगाया है।

जरिया थाने के तुरना गांव निवासी महेश्वरी पुत्र चिन्ना राजपूत ने बताया कि उसने मंजू(25) की शादी 26 मई 2018 को रामेंद्र राजपूत निवासी गिरवर थाना मझगवां के साथ की थी। शादी में उसने अपनी हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था।

फिर भी पुत्री के ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग करते रहे। मांग पूरी न होने पर कई बार पुत्री के साथ मारपीट की। कई बार पंचायत हुई। लेकिन ससुरालीजन अपनी मांग पर अड़े रहे। आरोप लगाया कि बुधवार की शाम बजे ससुरालियों ने उसकी पुत्री के साथ मारपीट की और मारपीट करके उसे कुएं में फेंक दिया। वहीं मृतका के ससुर विपिन राजपूत ने बताया कि उसकी बहू रामदेवी मंगलवार को बिहूंनी गांव में रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में गई थी। बुधवार की शाम वह घर लौटी। बताया कि वह घर पर नहीं था। उसका पुत्र गांव में क्लीनिक खोले हैं। ससुरालीजन घटना को लेकर चुप्पी साधे हुए थे। मृतका अपने पीछे दो पुत्र हरशू, अंशू छोड़ गई है। सीओ दिलीप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर दहेज हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

**भरथना/इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना भरथना पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर दहेज हत्यारोपी को गिरफ्तार किया।

वादी हिन्दवीर सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट बसरेहर थाना बसरेहर द्वारा थाना भरथना पर सूचना दी गयी कि सुमित सिंह आदि 4 नामजद लोगों द्वारा उसकी बेटी मानसी के साथ मारपीट कर फाँसी लगाकर हत्या कर दी गयी।

थाना भरथना पुलिस द्वारा कस्बा भरथना में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर आरोपी सुमित सिंह भदौरिया पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी- कुँअरा थाना भरथना को कृष्णानगर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में देवेन्द्र सिंह प्रभारी थाना भरथना, उ.नि. सुरेश कुमार सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# भीषण गर्मी से बढ़े उल्टी दस्त बुखार के मरीज

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



मौसम में हुए बदलाव से कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में उल्टी दस्त बुखार के मरीजों में जोरदार इजाफा हुआ है। ओपीडी खुलते ही मरीजों से अस्पताल भर जाते हैं।

कस्बे में डॉक्टर समय पर ओपीडी में आ रहे हैं जबकि ग्रामीण क्षेत्रों की ओपीडी डॉक्टरों के बजाय फार्मासिस्टों एवं वार्ड ब्वायों के सारे संचालित हो रही है। कस्बे की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 200 मरीजों को देखा जा रहा है।

कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी के हालात बेहतर हैं। ओपीडी में डॉक्टर समय पर पहुंच रहे हैं। गुरुवार को ओपीडी में डा. विश्वेंद्र कुमार, डा. परवेज कादरी, डा. शमा परवीन समय पर मौजूद थीं। यहां पर सुबह से मरीजों का तांता लगा हुआ था। उल्टी दस्त के मरीजों से अस्पताल के बेड फुल थे। यहां प्रतिदिन औसतन 200 मरीजों का उपचार किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के हालात बदतर हैं।

विदोखर, कलौली जार, पचखुरा महान, मौहर, पत्योरा पीएचसी डॉक्टर विहीन हैं। यहां पर फार्मासिस्ट एवं वार्ड बॉय अस्पताल चला रहे हैं। सरकार की तरफ से आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेलों में डॉक्टरों की उपस्थिति कुछ समय के लिए कभी कभार हो जाती है बाकी दिनों की व्यवस्था राम भरोसे है। इसलिए यहां मरीजों की संख्या नगण्य रहती है।

# मजदूरी के पैसे हड़पने का लगाया आरोप

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना बकेवर क्षेत्र के अन्तर्गत कुनैठा अड्डा गाँव के मजदूर युवक ने नामजद ठेकेदार ने मजदूरी के 16500 रुपये नहीं देने का लगाया आरोप, पुलिस पीड़ित की शिकायत जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। कुनैठा अड्डा गाँव थाना बकेवर निवासी सुमित कुमार पुत्र बबलू बाथम ने बकेवर पुलिस को तहरीर देते हुए उसमें बताया,कि नामजद ठेकेदार के नीचे मकान का लेंटर डालने के दौरान में सरिया डालकर जाल बांधने और कटिंग करने का बेलदारी से मजदूरी करता है। जिसमें एक माह की मजदूरी 16500 रुपये नामजद ठेकेदार द्वारा नहीं देने का आरोप लगाया है। पीड़ित जब उक्त ठेकेदार से रुपए मांगने गया तो गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# मेरी इच्छा सबको शिक्षा फार्मूलें पर चौदह साल से संचालित है नई पहल स्टडी सेंटर

▸ सैकड़ों छात्र-छात्राएं कोंचिंग से निकलकर दे रहे राजकीय सेवाएं, तत्कालीन डीएम ने किया था उद्घाटन



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

चौदह साल से मेरी इच्छा,सबकों शिक्षा के आधार पर बिना किसी बित्तीय सहायता से संचालित नई पहल स्टडी सेंटर(कोचिंग) से एक सैकड़ा से अधिक छात्र छात्राएं राजकीय संस्थानों में सेवा कर रहे है। इसकी शुरुआत तत्कालीन जिलाधिकारी ने करायी थी, शिक्षकों की प्रेरणा से गरीब बच्चों के लिये यह कोचिंग सेंटर बरदान बना हुआ है। कोचिंग संचालक अखिलेश शुक्ला ने बताया वर्ष 2011 से संचालित नई पहल कोचिंग सेंटर में ज्यादातर गरीब छात्र छात्राएं अध्ययन करते है। इसमे डा. यज्ञेश, दुर्गेश पांडेय, पवन श्रीवास्तव, जैनब फातिमा, प्रजीत सचान, पवन प्रजापति, डा. अरबिंद व देशराज द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रतिदिन दो घंटे अपनी सेवाएं निशुल्क देते है।

समय समय पर उच्चअधिकारियों द्वारा छात्रों को मार्ग दर्शन प्राप्त होता रहता है। छात्रों का प्रवेश के पहले योग्यता परीक्षा होती है इसके बाद उत्तीर्ण छात्र एक साल तक अध्ययन कर सकते है। डिजिटल बोर्ड का उपयोग कर छात्रों की क्षमता बढ़ायी जाती है।

जिसकी जिम्मेदारी सह संचालक देशराज की है। वर्तमान में 1723 छात्र छात्राएं व्हाट्सअप ग्रुप में जुड़कर लाभ ले रहे है। तकनीकी टीम में फुरकान,अंशुमान त्रिपाठी,त्रर्षी वर्मा सहयोग प्रदान कर रहे है।

# मारपीट से हुई मृत्यु पर दंबग राजीनामा करने का बना रहे हैं दबाव, एसपी से शिकायत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

दबंगो द्वारा मारपीट से हुई युवक की मृत्यु से मुकदमा वापस लेने की धमकी दी जा रही है इस मामले में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत की है।

कोतवाली के ददरी गांव निवासी तुलसिया ने बताया कि उसके 25 वर्षीय पुत्र मुकेश की 9 मई को गांव की निशा व उसकी मां शिला ने बुलाया और घर ले गए थे। जहां पर पहले से घात लगाए बैठे गांव के महिलाओं सहित आठ लोग ने हथौड़ा व कुल्हाड़ी से जान से मारने की नियत से मारपीट कर दी थी। खून से लथपथ पुत्र मुकेश को घर के बाहर फेंक गए थे।घायल मुकेश को सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां से उरई, झांसी और फिर ग्वालियर रेफर किया गया था। जहां 14 मई को ग्वालियर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उसने गांव की निशा, शीला, मातादीन, मलखान, गोविन्द, पप्पू, देवीदीन, औड़ेरा गांव निवासी अरविंद के विरुद्ध बालवा, मारपीट और हरजन एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कराया था।जहां मौत के बाद उसके शव को गांव में जलने नहीं दिया और उसके शव को राठ के मोक्षधाम में फेंककर भाग गए थे। उक्त लोग अब राजीनामा का दबाव बना रहे हैं। समझौता न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने एसपी से उक्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# फूल बंगला सजाकर किया गया पंचामृत व फलों के रस से महाभिषेक



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वावधान में भगवान विष्णु के चौथे अवतारी भगवान नरसिंह का प्राकट्य उत्सव नरसिंह चतुर्दशी के रूप के रूप में श्रद्धाभाव के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर भगवान का पंचामृत व विभिन्न प्रकार के फलों के रस से महाभिषेक किया गया।अभिषेक के समय भक्ति गीत गुंजायमान होते रहे जिन पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे। भगवान के प्राकट्य की खुशी में खूब लुटाई भी की गई और फूल बंगला सजाकर भगवान नरसिंह को शीतलपेय व फलाहारी भोग अर्पित किया गया।

# छात्र-छात्राओं को जैव विविधता की दी जानकारी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



विश्व के जैव समृद्ध राष्ट्रों में भारत का अग्रणी स्थान है। जैव विविधता के विभिन्न आयामों से आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस की थीम ''योजना का हिस्सा बनें'' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश के डा. आरके सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं सोसाइटी फॉर कन्जर्वेशन ऑफ नेचर के डा. राजीव चौहान द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं को जैव विविधता एवं कछुआ के बारे में जानकारी दी गयी।

विश्व कछुआ दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्व में कछुओं की प्रकृति व्यवहार, महत्व एवं कछुओं की घट रही संख्या के प्रति जनमानस को जागरूक करना और उनके आवासों की रक्षा करना तथा उनके पुनर्वास की व्यवस्था करना है। उक्त कार्यक्रम उप निदेशक डा. विनय कुमार सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के विभिन्न स्कूलों के लगभग 70 छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल के आयुष दुबे, द्वितीय स्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल के यक्ष मोटवानी, तृतीय स्थान रेडवुड ग्लोबल स्कूल की नन्दनी यादव तथा पुलिस मार्डन पब्लिक स्कूल की झलक यादव ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही सभी छात्र छात्राओं ने इटावा सफारी पार्क का भ्रमण किया। इस मौके पर पर सफारी पार्क के क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, श्रीप्रकाश शुक्ला एवं शशांक पटेल मौजूद रहे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं जांच कैंप का मरीजों ने उठाया लाभ

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



पक्का तालाब पर वरिष्ठ समाजसेवी रामशरण गुप्ता के सफल प्रयास से लोटस टी एम टी मेडिकल बस कैंप लगाकर जरूरतमंद लोगों की कुशल चिकित्सकों द्वारा निशुल्क जांच की साथ में रोगियों को दवा चश्मा वितरण किया गया।

समाजसेवी रामशरण गुप्ता ने बताया की विगत पूर्व दिनों की भांति आज पक्का तालाब पर चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया था जिसमें लगभग ढाई सौ रोगियों का निशुल्क इलाज किया गया कल शुक्रवार को कटरा साहब खा में स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। निशुल्क कैंप पक्का तालाब पर वरिष्ठ समाजसेवी रामशरण गुप्ता द्वारा लगाया गया जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों की जांच के साथ दवा दी गई जिसमे डॉ शफीकुल इस्लाम नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ शाहवनराय डेंटिस्, डॉ हार्दिक गिलानी फिजिशियन ने मरीजों का सफल परीक्षण किया और परामर्श दिया। इस अवसर पर संतोष पटेल साइ मंदिर प्रबंधक, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार जैन, इकरार अहमद जिला प्रवक्ता, रंजीत सिंह श्याम आदि कैंप मौजूद रहे।

# कोलकाता हाईकोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य : भाजपा

▸ ओबीसी समाज का आरक्षण अल्पसंख्यकों को देना न्यायसंगत नहीं

जालौन, उरई। समृद्धि न्यूज




कोलकाता मुख्य न्यायालय के अपने आदेश में सुश्री ममता बनर्जी मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल में पिछड़ा वर्ग आरक्षण में करीब 65 मुस्लिम जातियों जिसमें घुसपैठियों व रोहनिया शामिल हैं उनको अपनी शक्ति का दुरुपयोग करते हुये सभी को पिछड़ा वर्ग का सर्टीफिकेट देकर ओबीसी का आरक्षण देकर संपूर्ण ओबीसी समाज के आरक्षण का लाभ अल्पसंख्यकों को लगातार दिया जा रहा था। इसे माननीय कोलकाता हाईकोर्ट ने पिछड़े वर्ग के हिस्से का जो आरक्षण दिया जा रहा था उसे रद्द करते हुए उनके ओबीसी सर्टिफिक्रेट रद्द कर दिये हैं। समस्त पिछड़ा वर्ग समाज उक्त निर्णय का स्वागत करते हैं।

उक्त बात भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुये भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र अध्यक्ष मनोज राजपूत, शिक्षक नेता लोकसभा मीडिया प्रभारी भाजपा अशोक कुमार राठौर एवं धीरज बाथम जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने संयुक्त रूप से कही। उन्होंने कहा कि हम सभी कोलकाता हाईकोर्ट के इस निर्णय का बहुत-बहुत स्वागत करते हैं साथ में कोर्ट के फैसले के खिलाफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने ब्यान जारी कर कहा कि हम इस निर्णय को नहीं मानेंगे न ही लागू करेंगे। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र कोर्ट के आदेश की अवहेलता की घोर निंदा करते हुये करते हुये कहा कि इंडी गठबंधन के घटल दलों की मानसिकता स्पष्ट करता है। यह आगे क्या करने वाले हैं जनता जर्नादन सब जानती है इसका जबाब भारतीय जनता जर्नादन आगे आने वाले चरणों के चुनाव में अपने मत का प्रयोग करके घमंडी गठबंधन का घमंड चकनाचूर करने काम करेगी। भाजपा पिछड़ा वर्ग के नेताओं का कहना था कि हमारा मानना है कि बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर पहुंच चुकी हैं। यह हिन्दू-मुस्लिम का मामला नहीं है बल्कि संवैधानिक पद पर बैठी एक मुख्यमंत्री जब हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन न करने की बात कहे यह निन्दनीय है। हाई कोर्ट के निर्णय से संतुष्ट न होने पर सुप्रीम कोर्ट जाया जा सकता है लेकिन जब एक मुख्यमंत्री द्वारा यह कहा जाए कि हम इस आदेश को नहीं मानेंगे तो निश्चित तौर पर यह संविधान के लिए खतरा है जबकि इंडी गठबंधन के यह घटक प्रतिदिन भाजपा को इस बात के लिए कोसते हैं कि भाजपा के रहते हुए संविधान खतरे में है।

# खाने के रुपये मांगने पर दबंग युवकों ने होटल संचालक को मारा चाकू

▸ होटल संचालक बोला सभी युवक नशे में थे

▸ चुनावी रंजिश को लेकर बेखौफयुवाओं ने घटना को दिया अंजाम

कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज

खाने के पैसे मांगने पर दबंग युवकों ने होटल संचालक पर चाकू से हमला कर दिया। उसने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामले की जाँच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। जोल्हूपुर गांव निवासी महेशकुमार ने कोतवाली पुलिस को दिये शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि उसका कदौरा रोड पर होटल है और गुरवार को वह काउन्टर पर बैठा था। इसी दौरान नशे में धुत रामवीर और लाली यादव निवासी निपनिया थाना सिरसा कलार आये और खाना खाने लगे थे लेकिन जब वह जाने लगे तो उसने पैसे की मांग की तो वह आग बबूला हो गए और जाति सूचक शब्दों के साथ गाली देते हुए कहने लगे कि तूने हमारी पार्टी को वोट नही दिया है।

इसलिए अब तुझे पैसे नहीं मिलेगे लेकिन उसने जोर देकर कहा तो एक युवक ने उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया लेकिन उसने हमले से बचने की कोशिश भी की पर चाकू उसके गाल में लग गयी थी जिससे खून की धार वह निकली थी। इस दौरान अन्य लोग दौड़े तो दोनो हमलावर युवक उसकी जेब में रखे 3 हजार रुपये निकालकर मौके से भाग निकले।

घायल होटल सँचालक ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के अनुसार तहरीर मिली है मामले की हकीकत जाँची जा रही है जो भी हकीकत होगी उसी के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। वही जोल्हूपुर चौराहे पर 24 घन्टे पुलिस की मौजूदगी होने के बाद भी चाकूबाजी की घटना होना चर्चा का विषय बना है।

## गुंडा टैक्स न देने पर विरोधियों ने झूठे मुकदमे में फंसाया

जालौन (उरई)। विपक्षियों द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाए जाने एवं गुंडा टैक्स की मांग किए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से सुरक्षा की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुर्खीबाल निवासी शिवम गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उनके विपक्षी उससे गुंडा टैक्स की मांग कर रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो विपक्षियों ने उसे झूठे मुकदमे में फंसा दिया। जो अभी न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बाद भी उक्त लोग उससे गुंडा टैक्स वसूलने की धमकी दे रहे हैं। गुंडा टैक्स न देने पर उसे और भी फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। जिसके चलते वह भयभीत है।

# बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसो. में कई पदों के लिये नामांकन भरे

जालौन, उरई। समृद्धि न्यूज

▸ अध्यक्ष पद के लिये दो उम्मीदवारों का चुनाव 30 मई को

बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसिएशन मुंसिफकोर्ट के चुनाव में गुरूवार को नामांकन के दिन विभिन्न पदों पर नामांकन पत्र भरे गए। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसिएशन मुंसिफ कोर्ट की कार्यकारिणी का चुनाव 30 मई को प्रस्तावित है। 30 मई को वोटिंग के साथ ही परिणाम भी जारी होंगे। इससे पूर्व गुरूवार को विभिन्न पदों पर नामांकन के साथ ही चुनाव प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। चुनाव अधिकारी जयप्रकाश श्रीवास्तव व उमेश कुमार दीक्षित ने बताया कि गुरूवार को अध्यक्ष पद समेत अन्य पदों पर नामांकन पत्र भरे गए। जिसमें अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता भूपेंद्र कुमार लिटौरिया व जिवार सिंह राठौर ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अमित कुमार श्रीवास्तव का नामांकन पत्र दाखिल हुआ है। वहीं सचिप व कोषाध्यक्ष पद पर ओमकार दीक्षित व नरेंद्र बाबू द्विवेदी ने नामांकन पत्र भरा है। इसके अलावा कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के पद पर मुलायम सिंह यादव व हर्षित राय श्रीवास्तव का नामांकन पत्र प्राप्त हुआ है। बताया कि शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी होगी।

## किशोरी ने अज्ञात कारणों से लगाई फांसी मौत, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

दुद्धी, सोनभद्र। कोतवाली क्षेत्र के कटौन्धी गांव में एक 17 वर्षीय किशोरी ने अपने घर के बरेड से अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घरवालों को इसकी जानकारी तब हुई जब वे गुरुवार की सुबह एक कमरे के बंद दरवाजे को खोलकर देखा। परिजनों ने देखा कि मृतिका खुशबू कुमारी पुत्री रामजीत कमरे के बरेड से साड़ी के फंदे के सहारे झूल रही थी यह सब देख परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे। सूचना पर पहुँची पुलिस में शव को फंदे से उतारकर शव को पीएम के लिए भेज दिया। किशोरी ने किन कारणों से फांसी लगाई इसका पता नहीं चल सका है पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है कक्षा 9 की छात्रा बताई गई है।

# रंजिशन दो पक्षों में हुई मारपीट घायल होकर पहुंचे कोतवाली

जालौन, उरई। समृद्धि न्यूज

आपसी रंजिश के चलते ग्राम पहाड़पुरा में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घायल अवस्था में दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुरा में एक पक्ष के मनमोहन एवं दूसरे पक्ष के महेश व लालू के बीच आपसी रंजिश चल रही है।

आपसी रंजिश में अक्सर दोनों पक्षों के बीच विवाद होता रहता है। गुरुवार की दोपहर दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और उनके बीच गाली, गलौज होने लगी। बात गाली, गलौज पर ही नहीं थमी बल्कि दोनों पक्ष हाथों में लाठी, डंडा लेकर आ गए और उनके बीच मारपीट होने लगी।



मारपीट में दोनों पक्षों से मनमोहन व महेश घायल घायल हो गए। वहां मौजूद लोगों ने उनका बीच बचाव कराया। मारपीट के बाद दोनों पक्ष तहरीर लेकर कोतवाली पहुंच गए। जहां पुलिस ने दोनों घायलों को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा। साथ ही पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर मामले की जांच कर रही है।

# चंबल क्रिकेट लीग सीजन 3 का धमाल जारी

जगम्मनपुर,जालौन समृद्धि न्यूज।




चंबल संग्रहालय द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन 3 के छठवें दिन खोड़न (भिंड) और माधौगढ़ (जालौन) टीमों के बीच बड़ा ही रोमांचक मुकाबला हुआ। मैच की शुरूआत भोदल सिंह यादव और विश्वात्मा वन महाराज ने कराई। माधौगढ़ टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया।

चौरेला ग्राउंड पर बल्लेबाजी करने उतरी खोड़न टीम निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट के नुकसान से 113 रन का योगदान दिया। खोड़न टीम के खिलाड़ी प्रदीप ने सर्वाधिक 28 रन बनाया। जवाब में उतरी माधौगढ़ टीम लक्ष्य का पीछे करते हुए 11.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान से 119 रन बनाकर जीत हासिल की। माधौगढ़ टीम के ओपनर सनी ने धुआधार बल्लेबाजी करते हुए 5 छक्का 2 चौका मिलाकर 46 रन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। दर्शकों की भारी भीड़ आखिरी गेंद तक इस रोमांचक मुकाबले का सांस रोके आनंद लेती रही। इटावा, जालौन और भिंड जनपद सीमा पर हो रहे चंबल क्रिकेट लीग में बीहड़ के दर्जनों गांवों के क्रिकेट प्रेमियों का जमावड़ा बना रहा।

मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार डॉ. आर के मिश्रा ने कहा कि चंबल परिवार के विभिन्न आयोजनों से चंबल अंचल की सकारात्मक छवि विश्व पटल पर उभर रही है। चंबल धार की सेवा का व्रत लेने वाले डॉ. शाह आलम राना की तपस्या से हम सभी वाकिफ हैं। चंबल म्यूजियम द्वारा चल रहे चंबल क्रिकेट लीग में चौरेला ग्राउंड खिलाड़ियों के पसीने से तर है। माधौगढ़ के खिलाड़ी सनी को मैन ऑफ द मैच ट्राफी वरिष्ठ पत्रकार डॉ. आर के मिश्रा ने प्रदान की। लाइव कमेंट्री सुबोध कुमार, स्कोर बुक में दर्ज करने का कार्य देवेंद्र सिंह और स्कोर बोर्ड पर लिखने का काम अरुण के जिम्मे रहा। अंपायर की भूमिका विनीत सिंह और वैभव रंजन ने निभाई।

## खबरें एक नजर में

### किशन रॉव देशपांडे ने किया हनुमान का वाचन

अयोध्या। तेलंगाना राज्य के ज्ञान रत्न से सम्मानित हैदराबाद निवासी पंडित किशन रॉव देशपांडे ने गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर रामलला मंदिर प्रांगण की यज्ञशाला में स्वरचित गीत जय प्रसन्न हनुमान का पाठ किया। यज्ञशाला पहुंच कर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय ने उनका अभिनंदन किया और स्मृति चिह्न भेंट किया। हैदराबाद निवासी पंडित किशन रॉव देशपांडे के अनुसार गोस्वामी तुलसीदास कृत हनुमान चालीसा के अध्ययन में यह महसूस किया कि अभी चालीसा की चौपाइयों की और अधिक व्याख्या की जरुरत है।साथ ही हनुमान जी के अन्य कार्यों का भी गुणगान होना चाहिए। इसी विचार से अध्यात्म रामायण का अध्ययन कर तेलगु भाषा में जय प्रसन्न हनुमान की रचना की। रचना व गुणगान की सफलता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि तेलगु गायक एस.पी.बालसुब्रमण्यम ने इसे अपनी आवाज दी और आज यह घर घर सुनी जा रही है।इस सफलता से प्रेरित होकर 140 पंक्तियों में इसका हिंदी रूपांतरण किया जिससे यह हिंदी भाषी क्षेत्र में भी प्रसारित हो सके।इस मौके पर ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र व नन्द किशोर देशपांडे भी उपस्थित थे।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन कल



सोनभद्र। राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी रिंकी कोल व दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी श्रवण गोंड जी के समर्थन में एक विशाल जनसभा आयोजित कि गयी है। जनसभा कल दिनांक-24.05.2024 को हाइडिल मैदान राबर्ट्सगंज मे दोपहर 01.00 बजे होना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी ने दी।

### कार ने बाइक में मारी टक्कर, भाई-बहन घायल



दुर्घटना के बाद सड़क पर पड़ी बाइक।

जालौन,उरई। तेज रफ्तार कार ने बंगरा मार्ग पर बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाइक से सिलिंडर भरवाने जा रहे भाई बहन घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परवई निवासी रामू पुत्र पन्नालाल अपनी बड़ी बहन रजनी के साथ गैस सिलिंडर भरवाने के लिए गैस एजेंसी जा रहे थे। बंगरा मार्ग पर गल्ला मंडी के सामने पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से भाई बहन उछलकर सड़क पर जा गिरे। जिससे वह घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद आरोपी कार को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन चालक कार लेकर भाग गया। आसपास के दुकानदारों ने पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका इलाज चल रहा है।



## दो बाइकों की हुई भिड़ंत,दोनों सवार रिफर

दुद्धी सोनभद्र। स्थानीय क़स्बे के एचडीएफसी बैंक के सामने बुधवार की रात्रि साढ़े 7 बजे दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई जिससे दोनों बाइकों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को राहगीरो की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया जहाँ से डॉ प्रदीप ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर स्थिति गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया। एक बाइक पर सवार रजखड़ निवासी 35 दयाचंद दुद्धी से रजखड़ जा रहा था उधर से 19 वर्षीय जाहिद पुत्र निजाम शाह बीडर से दुद्धी क़स्बा आ रहा था कि जैसे ही दोनों एचडीएफसी बैंक के सामने जोरदार भिड़ंत हो गयी गई जिससे दोनों गभीर रूप से घायल हो गए।

## आर्थिक तंगी से जूझ रहे वृद्ध किसान ने लगाई फांसी

कालपी (जालौन)। बुधवार रात पशुवाड़े में सोने गए किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह उसका शव पेड़ पर लटका मिला था। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मैनूपुर निवासी किसान कालीदीन पुत्र सालिकराम उम्र लगभग 60 वर्ष की अर्थव्यवस्था तो खराब ही थी साथ ही उसका स्वास्थ्य भी गड़बड़ था जिसके चलते वह कोई कामकाज नहीं कर पा रहे थे जिससे वह परेशान था। बुधवार शाम वह प्रतिदिन की तरह अपने पशुवाड़े में सोने गया था और सुबह जब परिजन पशुओं के चारा पानी के लिए पशुवाड़ा पहुंचे तो उसका शव पेड़ पर लटका मिला था। आनन फानन परिजनो ने उसके शव को नीचे उतारकर मामले की सूचना पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# खोये मोबाइल को बरामद कर स्वामी को किया सुपुर्द

▸ साइबर अपराध के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे है अभियान

चोपन सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में साइबर अपराध के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चोपन पुलिस के सीसीटीएनएस कार्यालय द्वारा सीइआईआर के माध्यम 01 अदद खोये हुए एंड्रायड मोबाइल फोन को बरामद कर सम्बन्धित मोबाइल स्वामी को दिनांक



23.05.2024 को सुपुर्द किया गया। मोबाइल पाने के बाद मोबाइल स्वामी द्वारा प्रसन्न होकर थाना चोपन पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी। बरामद करने वाली टीम में विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक ,कम्प्यूटर आपरेटर सुशील कुमार ,का0 सुनील कुमार यादव ,म0का0 शकुन्तला सरोज थाना चोपन शमिल रहे।

## शराब पीने के दौरान तीन लोगों में हुई मारपीट

जालौन (उरई)। शराब पीने के दौरान आपस में विवाद होने पर तीन लोगों की आपस में गाली, गलौज व मारपीट हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

उरई कोतवाली क्षेत्र के रामनगर निवासी ज्ञानेंद्र, विनय एवं प्रतापपुरा निवासी सोमनाथ आपस में बैठकर शराब पी रहे थे। शराब पीने के दौरान ही उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद होने लगा और वह एक दूसरे के साथ गाली, गलौज करने लगे। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें समझाने की कोशिश की और गाली देने से मना किया तो और उत्तेजित हो गए और उनके बीच हाथपाई होने लगी। तभी किसी ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

## नौडीहा में बाइक सवार के धक्के से युवक घायल

दुद्धी सोनभद्र। कोतवाली क्षेत्र के नौडीहा गाँव मे बुधवार की रात्रि 8 बजे एक बाइक सवार के धक्के से एक युवक घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल युवक को स्थानीय सीएचसी भर्ती कराया गया जहाँ से उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ,पीड़ित को खून की उल्टियां हो रही थीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय संतोष कुमार अपने घर के बाहर सड़क पर टहल रहा था कि उसी दरमियान तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है , बताया जा रहा है कि इससे कुछ समय पूर्व उसी बाइक सवार ने एक अन्य युवक को बाइक से धक्का मारकर पैर तोड़ दिया था।

# पूर्व विधायक ने सपा प्रत्याशी के समर्थन में किया जनसंपर्क

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।

पूर्व विधायक एवं मिर्जापुर/ सोनभद्र जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पटेल ने राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार के समर्थन में घोरावल के विभिन्न इग्रामों में जनसंपर्क किया। सपा नेता पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश ने पटना के गांधी मैदान में इमरजेंसी के खिलाफ शंखनाद किया था उसी प्रकार इस बार पुनः उसी गांधी मैदान पटना से इण्डिया गठबंधन का उद्घोष किया गया तथा जो स्थिति इमरजेंसी काल में रही आम जनता के लड़ाई की, ठीक वही स्थिति इस बार मोदी सरकार के विपरीत साफ दिखाई दे



रही है। सपा नेता पूर्व विधायक ने प्रेस वार्ता में इसी की पुनरावृत्ति करके कहा कि इस बार लोकतंत्र पर्व का यह महायुद्ध सुशासन बनाम कुशासन ही है। उन्होंने कहा कि आजादी के समय से आजतक हमने न तो ऐसा देखा और न ऐसा सुना कि बगैर जाति, वर्ग, धर्म, संप्रदाय अथवा मुद्दा के आम आवाम इस तरह जनतांत्रिक प्रणाली के महासमर में उतरी हो लेकिन इस बार 2024 में संसदीय चुनाव का ऐसा मैदान -ए - जंग स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है।

पूर्व विधायक एवं जिला सहकारी बैंक मिर्जापुर/ सोनभद्र के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पटेल ने इण्डिया एलायंस से राबर्ट्सगंज (80) लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी छोटेलाल खरवार के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

प्रेस वार्ता के पूर्व घोरावल नगर एवं कड़िया तथा शिवद्वार क्षेत्र में सघन जनसंपर्क करते उम्मीदवार पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार के पक्ष में मतदान करने से संदर्भित बजरिए जनसंपर्क के प्रचार किया।

जनसंपर्क के दौरान शेषधर पाल, लोकनाथ पाल, दयाशंकर रौनियार, लोलारक बैसवार, इनामुल हक अंसारी आदि लोग शामिल रहे।



## श्रद्धालुओं ने श्री राम जन्म वाले 18वें सर्ग का किया पाठ

अयोध्या। ढांचा ढहने के वक्त मौजूद एक वेदपाठी श्रद्धालु का श्री रामलला के सम्मुख वाल्मीकि रामायण के राम जन्म प्रसंग के पारायण का संकल्प आज बैसाखी पूर्णिमा परिपूर्ण हुआ। चेन्नई निवासी स्वामीनाथ शर्मा वेदपाठी होने के साथ वेद पाठशाला भी चलाते हैं। स्वामीनाथ के शिष्य गुरुमूर्ति के अनुसार स्वामीनाथ प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भी अयोध्या आए थे पर श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या देख संकल्प पूर्ति की तिथि निर्धारित नहीं की थी।अब उचित समय देख पूर्णिमा को 101 श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर के यज्ञ स्थल में वाल्मीकि रामायण के बालकाण्ड के श्री राम जन्म वाले 18वें सर्ग का पाठ किया। इसमें 50 पुरुष,45 महिलाएं व शेष बालक -बालिकाएं थीं।पूर्णिमा के दिन आज सरयू स्नान के बाद सुबह होने वाले पारायण के लिए गुरुमूर्ति के साथ श्रीनिवास ने ट्रष्ट के वरिष्ठ सदस्य डॉ. अनिल मिश्र से भेंट कर पारायण के रूपरेखा पर चर्चा की थी।

# जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार का निरीक्षण कर दिए निर्देश

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

▸ निरीक्षण में पाकशाला में बन रहे भोजन की गुणवत्ता जांची

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन में जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव द्वारा गुरुवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाकशाला मे तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता की जॉच की गई,पेयजल व्यवस्था,दिन व रात्रि शौचालय, स्नान व्यवस्था, पाठशाला तथा महिला तथा पुरूष बैरक के अन्दर उनके रहन सहन और बिस्तर आदि तथा चिकित्सालय व लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सामने आई कमियों के सुधार के लिए वरिष्ठ जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पाकशाला मे तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता की जॉच किया गया,पेयजल व्यवस्थता, दिन एवं रात्रि शौचालय, स्नान व्यवस्थता, पाठशाल,महिला बैरक एवं पुरूष बैरक के अन्दर उनके रहन सहन एवं बिस्तर आदि,चिकित्सालय व लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सामने आई कमियों के सुधार के लिए वरिष्ठ जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। यह जानकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा द्वितीय ने दी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही जिला कारागार में निरुद्ध पुरुष तथा महिला बंदियों को उनके विधिक अधिकारों और अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी कैम्पेन 2024 के संबंध में भी जानकारी दी गई।

उन्होंने वरिष्ठ जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि वह बीमार सभी बंदियों का विशेष रूप से ध्यान रखें और नियमित रूप से बैरक की साफ सफाई करवाते रहे। जिन बंदियों के पास अधिवक्ता नहीं है या ऐसे बंदी जो जमानतदार के अभाव में जेल में निरूद्ध हैं,उनका प्रार्थना पत्र तैयार कराके जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में उपलब्ध कराए। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ जेल अधीक्षक,जेलर ल डिप्टी जेलर उपस्थित रहे।

# बहरीन से अयोध्या आकर किया सात गऊ का दान

अमिताभ श्रीवास्तव।

अयोध्या,समृद्धि न्यूज। बहरीन में निवास और व्यवसाय कर रहे एक व्यक्ति ने वहीं के एक मंदिर में लिए गए संकल्प के तहत अयोध्या पहुंचकर सात गौओं का दान किया है। श्री राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या धाम में श्री रामलला विग्रह प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान बहरीन में किए गए पूजन की सफलता के लिए इस भक्त ने कार सेवकपुरम स्थित श्री राम गोशाला में गोदान कर कार्य सिद्धि की कामना की।

महाराष्ट्र के पुणे निवासी विजयन कुमारन वर्तमान में इस्लामिक देश बहरीन में रहकर कार्यक्रम संयोजन का कार्य करते हैं।प्राण प्रतिष्ठा के



दौरान विजयन कुमारन ने अन्य अप्रवासीय भारतीयों के साथ मिल कर बहरीन के अस्कर स्थित दुर्गा मंदिर में भी पूजन कर उत्सव मनाया था। बहरीन के ही बुदइया स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी श्रीकेंस ने दुर्गा मंदिर में हुए पूजन की सफलता के लिए गोदान की सलाह दी थी। प्राण प्रतिष्ठा पूजन समारोह के लिए अप्रवासी भारतीयों के मध्य एकत्र निधि से हुए समारोह के बाद शेष निधि से कारसेवकपुरम गौशाला में सात गऊओ का दान किया गया। इनमें से एक गऊ व एक बछड़ा विजयान कुमारन व एक श्रीकेंस ने व्यक्तिगत निधि से दान किया। विजयान कुमारन के अनुसार बहरीन के ही बुदैया में कश्मीर निवासी अजय जिंसी जो बिल्डर है,ने लगभग 25 वर्ष पहले हनुमान मंदिर बनाया था। वहां भारतीयों की पांच सदस्यीय कमेटी ने हनुमत मूर्ति की स्थापना की थी,तीन हजार लोगों का लंगर भी चलता था। लगभग पांच साल पहले एक पंथ के फिरके ने स्थानीय पुलिस का सहयोग ले कर मंदिर बंद करा दिया इस मंदिर में श्रीकेंस पूजन करते थे। गोदान के बाद विश्वास है कि अब पूजन सफल और सिद्ध होगा।

गोदान के समय श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री व विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चम्पत राय, विहिप के केंद्रीय मंत्री हरिशंकर, कारसेवकपुरम लेखा प्रभारी वीरेंद्र,गोशाला प्रभारी सर्वेश, राजेंद्र वर्मा,बालचंद,वरुण, अमित के अलावा पुरोहित व आचार्य इंद्रदेव सहित अन्य आचार्य उपस्थित थे।

## पीड़िताओं की तहरीर पर पुलिस ने की पतियों पर कार्यवाही

जालौन,उरई। पत्नी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी पतियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के उरगांव निवासी शिवकुमारी ने पुलिस को बताया कि उनके पति धर्मेंद्र आए दिन किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा करते रहते हैं। गुरूवार की सुबह वह उसके साथ गाली, गलौज कर रहे थे। जब उसने गाली देने से मना किया तो उन्होंने मारपीट कर दी। उधर, हिरदेशाह निवासी गुड़िया ने पुलिस को बताया कि आलिम ने उसके साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। वहीं, नारोभास्कर निवासी बबली ने पुलिस को बताया कि पति सुनील कुमार ने अकारण ही उसके साथ हाथापाई कर दी।

# कंटनेर की टक्कर से पति की मौत, पत्नी-सरहेज घायल

- तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर ठठिया रोड चौराहे के निकट बीती रात हुआ हादसा
- अंतिम संस्कार कार्यक्रम से वापस आ रहे थे बाइक सवार

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर ठठिया रोड चैराहे के निकट बुधवार की रात 11 बजे के करीब एक तेज रफ्तार कंटनेर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पति की मौत हो गई। पत्नी व सरहेज गंभीर रूप से घायल हो गए। सरहेज की हालत गंभीर होने पर उसको कानपुर रेफर कर दिया गया। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के धम्मापुर्वा गांव निवासी आलोक राजपूत (32) पुत्र राधाकृष्ण बुधवार की सुबह अपनी पत्नी नीलम देवी (30) व तालग्राम थाना क्षेत्र के कलकत्तापुर्वा गांव निवासी अपनी सरहेज रिंकी (27) पत्नी सोनू के साथ बाइक से कानपुर के मकनपुर गांव में एक अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने अपनी रिश्तेदारी गए थे। अंतिम संस्कार के बाद तीनों बाइक पर सवार होकर कलकत्तापुर गांव वापस जा रहे थे।



मेडिकल कॉलेज में रोते-बिलखते मृतक के परिजन

रात 11 बजे के करीब जब उनकी बाइक तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर ठठिया रोड चैराहे के निकट पहुंची, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा होते ही तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना होने की आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। तीनों घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने आलोक राजपूत को मृत घोषित कर दिया। सरहेज रिंकी की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसको कानपुर रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज की सूचना पर पहुंची तिर्वा कोतवाली पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया। गुरूवार की सुबह परिजनों के आने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

मामले में तिर्वा कोतवाली प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर कंटेनर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसकी शिनाख्त की जा रही है। जल्द उसको पकड़ लिया जाएगा।

# पॉक्सो एक्ट के आरोपी को सुनाई गई तीन वर्ष की सजा

- छह हजार रुपए के अर्थ दंड से किया गया दंडित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

न्यायालय ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी को 3 वर्ष की कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही छह हजार रुपये का अर्थ दंड भी लगाया है।

जानकारी के मुताबिक शेखर उर्फ विमलेश पुत्र राजेश निवासी सिंघापुर्वा थाना ठठिया के खिलाफ नाबालिग किशोरी के साथ उसके घर मे घुसकर छेड-छाड करने के सम्बन्ध में थाना ठठिया में मु0अ0सं0 385/17 धारा 354/504 भादवि 8 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था। मामले में थाना पुलिस ने विवेचना सम्पादित कर उक्त आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। मामले में कन्नौज पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी की गई। गुरुवार को न्यायालय स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट ने अभियुक्त शेखर उर्फ विमलेश पुत्र राजेश को दोषी पाते हुए 03 वर्ष का कारावास व 6 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। हर्ष दंड आजाना करने पर अधिक को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## बढ़ते तापमान से डायरिया के मरीजों की संख्या में होने लगा इजाफा

**कालपी,जालौन।** भीषण गर्मी के मौसम की वजह से डायरिया के मरीजों की संख्या में भारी संख्या वृद्धि हो रही है। निजी तथा सरकारी अस्पताल में रोगियों की तादाद में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। डाक्टरों की मानें तो तो हर घंटे में डायरिया के पेसेंट अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज कराया जा रहा है। रोगों से बचाव करने के लिए डॉक्टरों ने नागरिकों को गर्मियों में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह दी है। मालूम हो कि मई के महीने गर्मी का पारा बहुत अधिक बढ़ गया है। इस वजह से डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता के अलावा चिकित्साधिकारी डॉक्टर विशाल सचान, डॉ रुबी सिंह, डॉक्टर शेख शहरयार, डॉ. गोपाल जी द्विवेदी अपनी अपनी ड्यूटी के दौरान मरीजों का इलाज करने में जुटे हैं।

# प्रसव के दौरान महिला की बिगड़ी हालत, रास्ते में मौत

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

कस्बे के एक निजी नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान मृत शिशु ने जन्म लिया। प्रसूता की हालत भी बिगड़ गई। इस पर नर्सिंग होम संचालक ने प्रसूता को कानपुर रेफर कर दिया। परिजन कानपुर ले जा रहे थे। पर रास्ते में ही प्रसूता ने भी दम तोड़ दिया। इस पर दोनो के शव लेकर परिजन घर ले आए। यहां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ठठिया थाना क्षेत्र के भरतापुर गांव निवासी सुनीता देवी (30) पत्नी दीनदयाल गर्भवती थी। बुधवार की शाम प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे तिर्वा के एक निजी अस्पताल में ले आए। यहां प्रसव के दौरान मृत शिशु ने जन्म लिया। प्रसव के बाद महिला की हालत भी बिगड़ गई। परिजन उसे कानपुर ले जा रहे थे। पर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इस पर परिजन शव लेकर गांव पहुंचे। गांव से ही किसी ने 112 पर पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पाकर पुलिस गांव पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी पाकर मृतका का भाई भी मौके पर आ गया। पर बाद में दोनो पक्षों में सुलह हो जाने पर कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।

# बैसाखी पूर्णिमा पर साहिल में निकाली गई धम्म यात्रा

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

2568 वीं त्रिविधि पावनी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आज गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल बुद्ध विहार बडेपुर में भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष अगरबत्ती मोमबत्ती जलाकर पुष्प अर्पित किए और पूजा वंदना की।

बैसाखी पूर्णिमा बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है आज के दिन सिद्धार्थ ने रानी महामाया की कोख से साल वृक्ष के नीचे लुंबिनी वन नेपाल में जन्म लिया था आज के ही दिन बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था और आज के ही दिन कुशीनगर में महापरिनिर्वाण हुआ था यह तीनों घटनाएं बैसाखी पूर्णिमा आज के दिन हुई थी इसलिए बौद्ध लोग बैसाखी पूर्णिमा को त्रिविधि पावनी बुद्ध पूर्णिमा कहते हैं। और यह बौद्धों का सबसे बड़ा त्यौहार है। इस अवसर पूज्य बौद्ध भिक्षु आनंद सागर ने पूजा वंदना कराई। शोभा यात्रा समिति के अध्यक्ष हुकुम सिंह शाक्य प्रधान रतनपुर, तीर्थराज बौद्ध प्रबंधक/



सचिव गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल अल्पसंख्यक ट्रस्ट बड़ेपुर सतीश चंद्र बौद्ध महासचिव बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव बडेपुर डॉ मनोज कुमार शाक्य उपाध्यक्ष बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव बडेपुर श्रीमती शांति देवी शाक्य सदस्य ग्राम पंचायत सिकंदरपुर निगोह अमित शाक्य हरिवंश शाक्य पप्पू अवनीश शाक्य बंटू शाक्य पीयूष रघुनंदन सिंह अश्वनी शाक्य संतोष प्रिय बौद्ध उपस्थित रहे। धम्म यात्रा का शुभारंभ ग्राम ढीपारी से शुरू होकर जीटी रोड होकर प्रेमपुर अंडरपास से होकर बंबा रोड होकर हरकरनपुर बुद्ध विहार पहुंची जहां डॉ रमेश चंद के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया और सभी को जलपान कराया गया मीठा शरबत पिलाया गया।

इसके बाद धम्म यात्रा हरकरणपुर से नगला बाऊरी के लिए प्रस्थान की नगला बाऊरी में बुद्ध विहार पर सभी का भव्य स्वागत किया गया एवं खीर का प्रसाद खिलाया गया इसके बाद धम्म यात्रा जीटी रोड होकर ग्राम ढीपारी में समापन हुई इस अवसर परअलकेश शाक्य, अनुज शाक्य, सुमित शाक्य, सचिन शाक्य, सम्राट हर्ष शाक्य, एडवोकेट देवेंद्र शाक्य, अक्षय शाक्य, डॉक्टर अमित शाक्य, राघवेन्द्र शाक्य, राजवीर शाक्य, जयवीर शाक्य, सम्राट अशोक शाक्य, सम्राट नवीन शाक्य, शिवम शाक्य टेलर, विशुंदयाल शाक्य, रवीश शाक्य सुमित शाक्य ऋषि शाक्य आलोक शाक्य निर्देश शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

# घरेलू विवादों के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

ठठिया थाना क्षेत्र के मक्कापुर्वा गांव के बाहर खड़े जामुन के पेड़ पर गुरूवार की सुबह एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। शव मिलने की सूचना पर पहुंची ठठिया थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मक्कापुर्वा गांव निवासी प्रदीप कुमार (25) पुत्र रामगोपाल बुधवार की शाम मवेशी चराकर वापस घर लाया। जानवरों को बांधने के बाद वह बिना बताए घर से चला गया था। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने उसकी खोजबीन, लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। गुरूवार की सुबह गांव के बाहर खड़े जामुन के पेड़ पर उसका शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मृतक के भाई रमेश चन्द्र ने बताया कि उनके भाई की शादी गत 12 मार्च 2024 को फिरोजाबाद जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंगरी गांव निवासी प्रीती देवी के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से पति-पत्नी के बीच मनमुटाव था। जिससे उसका भाई प्रदीप परेशान रहता था। ठठिया थानाध्यक्ष किशन पाल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## खबरें एक नजर में

### युवक से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के ही एक अन्य युवक ने अभ्रदता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। पीडित कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्रके ग्राम गदनापुर निवासी सलमान पुत्र नौशाद द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि विगत 21 मई को वह अपनें दरबाजे पर खडा था तभी गांव के ही साजिद पुत्र अली दराज आये और रंजिश के चलते उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी।

### दो पर की गई गैंगस्टर की कार्रवाई

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** गैंग बनाकर नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म जैसी संगीन वारदातों को अंजाम देने वाले दो लोगों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस द्वारा गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। गुरूवार को कोतवाली कार्यालय में प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि जिला कारागार में निरूद्ध मोहल्ला अफसरी निवासीगण गैंगलीडर बृजेश पुत्र रामविलास एवं सदस्य राजवीर पुत्र सुनील के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है।

### परिवहन व जीएसटी की चेकिंग में पकड़े गये दो ओवरलोड ट्रक, लगा जुर्माना



**जालौन (उरई)।** गुरुवार को परिवहन विभाग व जीएसटी की टीम ने चेकिंग अभियान चलाया दोनों टीमों ने अलग-अलग स्थान से दो ट्रकों को पकड़ा है। पकड़े गए बालू के ओवरलोड ट्रक पर जुर्माना लगाया जा रहा है जबकि लकड़ी से भरे ट्रक के कागजातों की जांच चल रही है। ओवरलोड वाहन आए दिन दुर्घटना के कारण बन रहे हैं। कार्रवाई के बाद भी इन पर रोक लगती नहीं दिख रही है। नगर से होकर लगातार बालू, गिट्टी के ओवरलोड ट्रक, मिट्टी की ट्रैक्टर ट्राली एवं सवारी वाहनों का लगातार संचालन हो रहा है। ऐसे में एआरटीओ विनय कुमार पांडेय ने गुरुवार को उरई जालौन मार्ग पर भिटारा के पास से चौकिंग के दौरान बालू के ओवरलोड ट्रक को पकड़ा है। परिवहन विभाग की टीम ने पकड़े गए ट्रक को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है एवं उस पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जा रही है। उधर, असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी एसके मिश्रा ने औरैया मार्ग पर ट्रक में ढक कर ले जाई जा रही लकड़ी को पकड़ा है। जब टीम ने ट्रक रूकवा कर उसमे भरी लकड़ी को देखा और चालक से लकड़ी के आवश्यक कागजात मांगे तो वह उसे नहीं दिखा पाया। जिस पर जीएसटी की टीम ने पकड़े गए लकड़ी के ट्रक को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। टीम ने कागजात मंगाकर जांच करने की बात कही है।

# डम्पर की टक्कर से बाइक सवार दो चचरे भाइयों की मौत

- मृतकों के परिजनों में मचा कोहराम, ग्राम बख्शीपुरवा के निकट हुआ हादसा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोग पहुंच गए। गंभीर रूप से घायल दोनों लोगों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत देखते हुए उन्हें तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया, यहां दोनों की हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर जाते समय रास्ते में दोनों ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुमटिया



मृतकों के फाइल फोटो व पीएम हाउस में मौजूद मृतकों के परिजन

निवासी 45 वर्षीय खेमकरन अपने चचेरे भाई 52 वर्षीय बेचेलाल के साथ दोपहर में बाइक से हरदोई जिले के परसोला गांव जा रहे थे। जैसे ही वह लोग गंगा पुल पार कर के बख्शीपुरवा गांव के सामने पहुंचे, तभी तेज रफ्तार डम्पर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। डम्पर की टक्कर से बाइक सवार दोनों लोग उछल कर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते देख स्थानीय लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने डम्पर के ड्राइवर को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया। यहां से हालत गम्भीर होने पर दोनों को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। यहां डॉक्टरों ने दोनों को कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

परिजन उनको लेकर कानपुर जा रहे थे कि तभी रास्ते में ही दोनों ने दम तोड़ दिया। मृतकों के परिजनों ने बताया कि खेमकरन और बेचेलाल अपने खेत में सुबह तड़के प्याज की खुदाई करने गए थे, खेत से वापस लौटने के बाद उन्होंने घर पर नहाया और खाना खाकर दोपहर में दोनों भाई बाइक पर सवार होकर हरदोई जिले के ग्राम परसोला जाने के लिए निकले थे।

बताया कि वे दोनों पम्पिंग सेट खरीदने के लिए गए थे, लेकिन रास्ते में डम्पर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोगों की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि बेचेलाल के 6 पुत्रियां और दो पुत्र हैं, वहीं खेमकरन के चार पुत्र हैं। हादसे को लेकर मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वही गांव में शोक का मातम है।

# बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षायें आज से शुरू

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**

आज से शुरू होने वाली बुंदेलखंड विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षाओं में कालपी कॉलेज कालपी में 770 परीक्षार्थी हिस्सा लेंगे। गुरुवार को प्राचार्य तथा शिक्षकों के द्वारा नकल विहीन एवं शांति पूर्वक परीक्षाओं को संपन्न करने के लिये बैठक करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

महाविद्यालय के सूत्रों के मुताबिक बीए, बीएससी, एमए, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी ऑनर्स तथा एमएससी की परीक्षाएं 24 मई से 27 जून तक कालपी कॉलेज कालपी के परीक्षा केंद्र में तीन पारियों में संचालित होगी। परीक्षा केंद्र में आधा दर्जन महाविद्यालय गंगाधर पांडेय महाविद्यालय, परशुराम द्विवेदी महाविद्यालय, करन ईश्वरी सिंह महाविद्यालय, मधु टंडन महिला महाविद्यालय तथा कालपी कॉलेज कालपी के परीक्षार्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। उप प्राचार्या डॉ. सुधा गुप्ता, वरिष्ठ शिक्षक धर्मेंद्र पाल सिंह तथा डॉ. सोमचंद्र चौहान ने बताया कि परीक्षा केंद्र के सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी साथ ही उड़नदस्ता की टीमें गठित की गई है। आंतरिक उड़ाका दल संदिग्ध परीक्षार्थियों की तलाशी लेंगे। उन्होंने बताया कि अनुचित सामग्री का प्रयोग कतई नहीं करने दिया जाएगा।

# मुस्लिम धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी से समाज के लोगों में रोष

- शहर काजी सहित कई लोगों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सोशल मीडिया पर एक युवक द्वारा इस्लाम धर्म के विरुद्ध की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से मुस्लिम समाज के लोगों के बीच आक्रोश से व्याप्त हो गया।

शहर काजी हाफिज जुम्मन के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस को आरोपी युवक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है गुरुवार को स्थानीय कोतवाली में पहुंचे शहर काजी हाफिज जुम्मन, हाफिज



कोतवाली पुलिस को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग करते शहर काजी हाफिज जुम्मन आदि।

अहसान नूरी, पूर्व सभासद मुनीर कुरैशी, अमन हुसैन सिद्दीकी, मो. नफीस खान, फिरदौस खान, आदिल हुसैन, अजीम सिद्दीकी सहित तमाम लोगों द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि मोहल्ला आजाद नगर निवासी अंकित गुप्ता पुत्र प्रमोद गुप्ता द्वारा 20 मई 2024 को अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर इस्लाम धर्म के विरुद्ध, मुस्लिम समाज के ईश्वर अल्लाह के विरुद्ध आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया गया है। जिससे हमारे समाज के लोगों के बीच आक्रोश व्याप्त है। मुस्लिम भावनाओं को ठेस पहुंचाना एवं अंकित गुप्ता के कृत्य से सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की संभावना प्रबल है। दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि ऐसी स्थिति में अंकित गुप्ता के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करना न्यायहित में एवं शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने अंकित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दंडात्मक कार्यवाही की मांग की है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिले में महादेवी गंगा घाट पर गुरूवार को हिंदू धर्म में वैशाख महीने में पड़ने वाली पूर्णिमा तिथि को लेकर गंगा स्नान करने श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा घाट पर देखने को मिली। श्रद्धालु पतित पावनी माँ गंगा में श्रद्धा की डुबकी लगाकर पूजा अर्चना करते दिखे। इसके बाद उन्होंने साधु संतों में दान पुण्य भी किया। बताया जाता है कि इस वैशाख की पूर्णिमा को पीपल पूर्णिमा भी कहा जाता है और इस दिन बुद्ध पूर्णिमा भी मनाई जाती हैं। इस दिन कुछ लाभकारी उपाय करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। पूर्णिमा तिथि को पूजा-पाठ और



गंगा स्नान करते श्रद्धालुजन

स्नान-दान के लिए बेहद शुभ माना गया है। इसलिए लोग आज के दिन गंगा स्नान करके दान पुण्य कर रहे हैं। आज के दिन लोग घर पर भगवान सत्यनारायण की पूजा और कथा भी करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि वैशाख माह पूर्णिमा की शुभ तिथि पर भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। इसलिए इसे बुद्ध जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। वैशाख माह में आने वाली पूर्णिमा तिथि को बुद्ध पूर्णिमा और पीपल पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है।

वैशाख माह की पूर्णिमा के दिन गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। इसलिए इसे बुद्ध पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा के दिन गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था जिन्हें भगवान विष्णु का दसवां अवतार भी मानते हैं। इसी पूर्णिमा के दिन इन्हें ज्ञान की प्राप्ति भी हुई थी और इसी दिन उन्हें मोक्ष की प्राप्ति भी हुई थी। हिंदू धर्म में गौतम बुद्ध को भगवान विष्णु का दसवां अवतार माना जाता है। पंडित अवध किशोर तिवारी ने बताया कि बैशाख की पूर्णमासी बहुत पुण्यतिथि है। इस दिन गंगा में स्नान करके लोग पुण्य प्राप्त करते हैं और अन्न का दान करते है। गंगा स्नान का आज बहुत महत्व है। उन्होंने वैशाख पूर्णिमा पूजा विधि की जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन सुबह जल्दी उठकर गंगा में स्नान करके भगवान विष्णु की पूजा करनी चाहिए और फिर दान पुण्य जैसे पानी का घड़ा किसी ब्राह्मण को दान दें, अन्न दान करना चाहिए और इसके बाद शाम के समय सत्यनारायण कथा का पाठ सुने और पढ़े इसके लिए कसार का प्रसाद और चरणामृत जरुर बनाए। भगवान विष्णु को भोग लगाएं और फिर ब्राह्मण को भोजन कराने के बाद ही अपना परायण करें।

# बुद्ध पूर्णिमा पर गंगाघाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

- सीओ सदर नें सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर दिये निर्देश

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनंद के निर्देशन में सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के त्योहार के दृष्टिगत सिटी सर्किल के मेंहदी घाट और जलेसर घाट, चियासर घाट पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा ड्यूटी में लगे पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गुरूवार को बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर क्षेत्र के गंगाघाट जलेसर व चियासर में श्रद्धालुओं की भीड उमड पडी। श्रद्धालुओं नें पूजा अर्चना कर हर हर



जलेसर घाट पर निरीक्षण करते सीओ सदर कमलेश कुमार।

गंगे के उदघोष लगाते हुये गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। वहीं जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों ने श्रद्धालुओं को गहरे पानी में न नहानें के लिये सतर्क भी किया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करनें पहुंचे सीओ सदर कमलेश कुमार नें निरीक्षण के उपरान्त प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा एवं नौरंगपुर चौकी प्रभारी नीरज शर्मा को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# भगवान बुद्ध के बताएं रास्ते पर चलकर ही विश्व का कल्याण संभव: डॉ. नवल किशोर

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

संकिसा स्थित बौद्ध पुस्तकालय एवं महासमता बुद्ध बिहार पर भन्ते चैतसिक बोधि, भिक्षु संघ एवम उत्तर प्रदेश के कोने-कोने से आए तमाम बौद्ध उपासकों ने बौद्ध भिक्षुओं के साथ पूजा अर्चना की।

सपा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य और उनकी टीम ने बौद्ध भिक्षुओं को भोजन दान कराया। अपने उद्बोधन में डॉक्टर नवल किशोर शाक्य ने कहा कि भगवान बुद्ध के बताएं रास्ते पर ही चलकर विश्व का कल्याण संभव है। देश में अमन और चैन तभी आ सकता है जब हम भगवान बुद्ध के बताएं रास्ते पर चलने चलें।



कार्यक्रम में संबोधित करते डॉ. नवल किशोर शाक्य

धम्मलोको बुद्ध विहार पर आयोजित कवि सम्मेलन हरिओम, विमल के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में कर्मवीर शाक्य, भंते धम्मपाल, जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी चंद्रपाल सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र शाक्य, शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रवेश शाक्य, गौरव यादव, मिथुन शाक्य, संदीप यादव, मोनू कुशवाहा, सेठ रामावतार शाक्य, महेंद्र सिंह, फराज अहमद, विकास शाक्य, विजय शंकर यादव, अजय, टिंकू भाई, राजकुमार राजपूत, मीडिया प्रभारी अश्विनी शाक्य उपस्थित रहे।

# साइकिल चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने साइकिलें चोरी करने के मामले में कैप्टन की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार कैप्टन रोशन लाल आर.आर.सी. फतेहगढ़ छावनी में कार्यरत हैं। दिनांक 21/22.05.2024 की रात हमारे फेमिली क्वाटर्स साइट 3 नेपाल बिहार परिसर में खड़ी दो साइकिलें आशू उर्फ आशुतोष पुत्र सरोज व उसके साथी लकी व निहार पुत्रगण देशराज निवासीगण मोहल्ला नोनमगंज चौकी पांचालघाट थाना कादरीगेट चोरी करके ले गये हैं। जिन्हें छावनी के कुछ लोगों ने साइकिल चोरी करते देखा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने भगवान बुद्ध को किया नमन

▸ बोले, भगवान बुद्ध ने मानव कल्याण व शांति के लिए दिये उपदेश

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर महासमता बोधि पुस्तकालय संकिसा परिसर में भगवान बुद्ध की प्रतिमा के सामने डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने मोमबत्ती व अगरबत्ती जलाकर पुष्प अर्पित किये।

बोधि पुस्तकालय के संस्थापक भिक्षु चेतसिक बोधि ने बुद्ध वंदना कराई। इसके बाद डॉ. नबल किशोर द्वारा किये गये भंडारे में खीर पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि भगवान बुद्ध ने विश्व में मानव कल्याण व शांति के लिए उपदेश दिये।



समर्थकों के साथ मौजूद डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

आज भगवान बुद्ध के अनुयायी भारत की नहीं, बल्कि विदेशों में भी है। उनके बताये रास्ते पर चलकर ही देश का कल्याण सम्भव है। उन्होंने कहा कि संकिसा नगर एक ऐतिहासिक स्थल है। जो पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। इसको पर्यटन स्थल के रुप में विकसित किया जाये। इस दौरान डॉ. जितेंद्र सिंह यादव के साथ कई समर्थक मौजूद रहे।

# साथियों के साथ गंगा नहाने गये युवक की डूबने से मौत



घटनास्थल पर मौजूद परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने गया युवक डूब गया। कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने उसे बाहर निकाला। परिजन अस्पताल ले गये। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में चीख पुकार मच गयी। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला घेरशामू खाँ निवासी 17 वर्षीय कैफ पुत्र शहरोज आलम खान अपने दोस्त असगर रोड निवासी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, अंकुर व हर्ष शुक्ला, बड़े भाई आसिफखान आदि के साथ पांचाल घाट पैटून पुल के निकट गंगा नहाने पहुंचे। गंगा नहाने के दौरान अचानक गहरे पानी में कैफ व उसका भाई आसिफ, हर्ष व जुनैद डूब गए। जिससे चीख पुकार मच गयी। मौके पर मौजूद गोताखोर अल्लादीन व उसके साथियों ने डूबे सभी युवकों को सकुशल बचा लिया, लेकिन कैफ की मृत्यु हो चुकी थी। परिजन तसल्ली के लिए चिकित्सक के पास ले गये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद मृतक की माँ शाहिना बेगम आदि का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक कैफ ने इसी साल भारतीय पाठशाला से हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। वहीं मृतक के पिता घुमना पर दर्जी की दुकान किये हैं। परिजन शव लेकर घर चले गये।



मगरमच्छ को रस्सी से बांधे ग्रामीण

# खेत में मिला मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** मक्का के खेत में मगरमच्छ निकलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने उसे रस्सी से बांध लिया। बाद में वन विभाग की टीम को सूचना दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम उसे कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम मकरंद नगर बसहा के मजरा सुल्तानपुर मड़ैयन निवासी सुरेश चंद्र अपने मक्का के खेत में अपने पुत्र आशीष के साथ पानी लगा रहे थे, तभी उनके पुत्र आशीष की मगरमच्छ पर नजर पड़ी। इसके बाद में उसने गांव में जाकर लोगों को सूचना दी। मगरमच्छ की सूचना पाकर गांव में हड़कंप मच गया। बहुत से ग्रामीण दौड़कर खेत पर पहुंच गए। मगरमच्छ निकलने की जानकारी वनरक्षक टीम को दी गई। जब तक वनरक्षक टीम वहां पर पहुंची तब तक गांव के लोगों ने उस मगरमच्छ को लाठी-डंडों के सहारे रोककर रखा।वनरक्षक टीम ने वहां पहुंचकर मगरमच्छ का रेस्क्यू किया। सभी ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ पर काबू पाया गया। इसके बाद वनरक्षक की टीम वहां से लेकर चली गई। तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# बैसाखी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगायी गंगा में डुबकी



गंगा में डुबकी लगाते श्रद्धालु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बैसाखी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा तट पहुंचकर हर-हर गंगे के बीच गंगा में डुबकी लगायी तथा अपनी श्रद्धानुसार दान दक्षिण दी।

बैसाखी पूर्णिमा जिसे बुद्ध पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। गुरुवार को पांचालघाट पर गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के बीच में डुबकी लगायी और उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके बाद पूजा अर्चना की तथा गंगा पुत्रों को दान दक्षिणा दी। कई भक्तों न कथा का भी आयोजन किया। श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए प्रशासन ने दक्षिणी घाट पर बैरिकेडिंग करायी थी। वही उत्तरी घाट पर पैंटून पुल की तरफ बैरिकेडिंग न होने से बड़ी संख्या में लोग बाइक लेकर पहुंचे।

जिससे पैंटून पुल पर जाम के हालात बन गये। गंगा स्नान करने का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स भी तैनात किया गया था। शास्त्रों में वैशाख पूर्णिमा का विशेष महत्व बताया गया है। कहते हैं कि इस दिन विष्णु जी और लक्ष्मी माता की पूजा करने से घर में सुख समृद्धि आती है। इसके साथ ही वैशाख पूर्णिमा के दिन भगवान सत्यनारायण की पूजा का विधान भी है। पूर्णिमा के दिन जो व्यक्ति भगवान सत्यनारायण की पूजा और कथा का पाठ करता है। साथ ही भगवान को केले की फली, तुलसीदल आदि का भोग लगाता है उसके परिवार में हमेशा खुशहाली बनी रहती है। वैशाख पूर्णिमा के दिन स्नान दान करना भी पुण्यकारी बताया गया है।

# पॉक्सो एक्ट का फर्जी मुकदमा दर्ज कराने वाले वादी पर कार्यवाही

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गैंगरेप का फर्जी मुकदमा दर्ज कराने वाले वादी के विरूद्ध न्यायाधीश ने कार्यवाही की है।

मेडिकल परीक्षण में घटना की नहीं हुई पुष्टि

विगत दो वर्ष पूर्व थाना अमृतपुर क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि मेरी 15 वर्षीय पुत्री है जो कि हाईस्कूल की छात्रा है। 11 मई 2022 को मैं अपनी पत्नी के साथ ससुराल गया था। उसी दिन करीब 9 बजे आरोपी गुड्डू मेरी पुत्री को खेत में बुलाकर ले गया। गुड्डू अपने साथी सचिन को भी बुला लिया। दोनों ने पुत्री के साथ बलात्कार किया। उसके बाद गुड्डू ने अपने दो साथी युवकों को और बुला लिया। उन दोनों ने भी मेरी पुत्री के साथ बलात्कार किया। जब मैं 12 मई को घर वापस आया, तो मेरी पुत्री ने घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के दौरान पीड़ित के बयान संदेह युक्त थे। बचाव पक्ष ने बताया कि गांव की पुरानी रंजिश की बजह से उक्त लोगों का फंसाया जा रहा है। मेडिकल रिपोर्ट व संदेह का लाभ देते हुए अपर जिला जज विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया। फर्जी मुकदमा दर्ज कराने वाले मुकदमा वादी के विरूद्ध पॉक्सो एक्ट की धारा 22 के तहत कार्यवाही की है।

# 80 हजार लेकर करायी शादी, एक महीने बाद महिला को दूसरी जगह 75 हजार में बेचा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शातिर युवकों ने 80 हजार रुपये लेकर युवक की शादी करवा दी। करीब एक महीने बाद उपरोक्त शातिर महिला को अपने साथ ले गये। इसके बाद शातिर युवकों ने महिला को दूसरी जगह 75 हजार रुपये में बेच दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम चंदनी निवासी सेवाराम राठौर ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया 10 माह पूर्व पड़ोसी गांव के चार युवक उसके पास आए और उसकी शादी करवाने की बात कही। उसने खर्चा पूछा तो उक्त चारों युवकों ने 80000 रुपये में शादी करवाने की बात कही। जिस पर उसने हां कर दी। अगले दिन उसने उक्त युवकों को घर बुलाकर 80 हजार रुपए दे दिए। वह



▸ पीड़ित को जानकारी हुई तो उसने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया एक पड़ोसी गांव के प्रधान ने उसे पैसे देने का किया था वादा

उसी दिन एक महिला शिव देवी को उसके घर छोड़ गए और कहा यह तुम्हारी पत्नी है।

वह शिव देवी के साथ पति-पत्नी के रूप में रहने लगा। करीब 1 महीने बाद उक्त चारों युवक शिव देवी को उसके बगैर बताए अपने साथ ले गए और जब उसने जानकारी की तो उक्त लोगों से उसकी पत्नी वापस करने को कहा तो दबंगों ने उसकी पत्नी वापस नहीं की। उसने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। दो माह बाद शिव देवी को वह उसके घर छोड़ गए। इसके बाद बगैर बताएं शिव देवी को 5 मई को फिर से अपने साथ बुला ले गए। इसके बाद बबुरारा गांव निवासी अवनीश कुमार को 75000 रुपये में शिव देवी को दोबारा बेंच दिया।

पीड़ित को जानकारी हुई तो उसने थाना पुलिस को पुनः प्रार्थना पत्र दिया। एक पड़ोसी गांव के प्रधान द्वारा उसे पैसे देने का वादा किया गया था, लेकिन आज ना तो उसे पत्नी मिल रही है और ना ही उसका पैसा। युवक ने चार लोगों के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर दी है।

# चौबीस घंटे के बाद भी चोरी के मामले में पुलिस के हाथ खाली



बीते दिन हुई चोरी का दृश्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेन्ट्रल जेल के कनिष्ठ लिपिक के आवास पर हुई लाखों की चोरी में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। सीसीटीवी में आरोपी चोर का फोटो कैद भी हो गया, लेकिन घटना को लेकर फिलहाल अभी पुलिस खाली हाथ है।

वह किसी भी आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। थाना कादरी गेट के ग्राम धर्मनगरिया मसेनी निवासी शिवम कुमार अग्निहोत्री पुत्र सुधीर कुमार अग्निहोत्री सेन्ट्रल जेल में (कनिष्ठ सहायक) पद पर तैनात हैं। बीते एक दिन पूर्व वह अपने परिवार के साथ जेल परिसर में आवास मिल जाने पर उनके इस घर में ताला तोड़कर 80,000 रूपये की नकदी व 20,000 रूपये अलमारी में रखी नकदी के अलावा 06 अंगुठी सोने की, 02 सोने की चैन व एक जोड़ी सोने की झुमकी व एक जोड़ी सोने के टॉप्स, 03 जोडी चाँदी की पायल, 01 चाँदी का गोला, 7 सोने के जौ, 7 चाँदी की सुपाड़ी, एक लैपटॉप व एक मोबाइल चोरी कर लिया गया था। शिवम कुमार अग्निहोत्री की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस नें मामले में कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनके पूंछताछ की, लेकिन अभी तक आरोपी का सुराग नहीं लग पाया है।

# किशोर ने बालक पर फेंकी गर्म चाय झुलसा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना नवाबगंज के अंतर्गत ग्राम डबौआ निवासिनी सोनम देवी पत्नी अरविंद कुमार ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी।

जिसमें बताया मेरा 7 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार गांव की दुकान पर जा रहा था, तभी रास्ते में पड़ोस के ही 14 वर्षीय किशोर रितू पुत्र मानसिंह ने उसके ऊपर गरम चाय फेंक दी। जिससे वह बुरी तरह जल गया।

जब महिला उसके घर उलाहना देने गई, तो उन लोगों ने गाली-गलौज देना शुरू कर दिया।

गाली देने से मना करने पर लात-घूसों, लाठी-डंडों से मारा पीटा तथा थाने में न जाने की हिदायत दी। पुलिस ने जांच का कार्रवाई करने को कहा।

# जमीन का फर्जी बैनामा करने के मामले में कुशल परिहार पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जमीन का फर्जी बैनामा कर 8 लाख 50 हजार रुपये हड़पने के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर कुशल सिंह परिहार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता ने लिखाये गये मुकदमे में कहा है कि वह ग्राम सिठऊपुर थाना मऊदरवाजा की निवासिनी है। उसके पति दिल्ली में नौकरी करते हैं और पीड़िता भी परिवार सहित गाजियाबाद में रह रही है। वर्ष 2015 में कुशल सिंह परिहार पुत्र महेंद्रपाल सिंह निवासी जय नरायन वर्मा रोड फतेहगढ़ ने नेकपुर कलां में प्लाटिंग करने का एडवरटाईजमेंट करवाया था। अनिल कुमार पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी 1/88 गाड़ीखाना फतेहगढ़ के माध्यम से पीड़िता की बात कुशल सिंह परिहार से हुई थी और उन्होंने बताया था कि प्लाट का बैनामा अभी कर देंगे और बाद में निहास भरवाकर प्लाट उपलब्ध करा देंगे। दिनांक 24.08.2015 को उक्त कुशल सिंह परिहार द्वारा एक प्लाट जिसके पूरब में प्लाट विक्रेता, पश्चिम में 18 फिट सड़क, उत्तर प्लाट विक्रेता, दक्षिण में प्लाट विक्रेता की चौहद्दी दर्शायी गयी है। कुशल सिंह परिहार द्वारा धोखाधड़ी कर पीड़िता के पति से फर्जी रजिस्ट्री कर 7 लाख रुपया ले लिया गया तथा उसी प्लाट की रजिस्ट्री 10 लाख रुपये लेकर पहले ही फर्जी बैनामा सतेंद्र सिंह पुत्र विश्राम सिंह को कर दिया गया था। जबकि कुशल सिंह परिहार की कोई जमीन वहां पर नहीं थी। सतेन्द्र सिंह ने दिनांक 03.01.2021 को प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना कोतवाली फतेहगढ़ में दर्ज करायी थी। जिसमें जांचोपरान्त चार्जसीट दाखिल की गयी थी। कुशल सिंह परिहार का जमानत प्रार्थना पत्र उच्च न्यायालय इलाहाबाद से दिनांक 08.06.2023 को निरस्त किया गया था। जिसमें पीड़ित भी गवाह है। न्यायालय में गवाही देने हेतु पीड़िता को सम्मन भेजा गया था। उक्त मुकदमे में दिनांक 18.07.2023 को पीड़िता का बयान न्यायालय में दर्ज हुआ। जिसमें पीड़िता ने कुशल सिंह परिहार के खिलाफ गवाही दी थी। दिनांक 15.09.2023 को कुशल सिंह परिहार ने पीड़ित पर उक्त मुकदमे में समझौता करने हेतु व दूसरी जगह प्लाट देने हेतु पीड़ित व उसके पति जितेंद्र सिंह व उसके पुत्र अनिल सिंह को अपने घर बुलाया और पीड़िता से कहा कि रुपया 1,50,000/-और देने पर तुमको प्लाट दे देंगे। दिनांक 21.09.2023 को कुशल सिंह परिहार ने पीड़िता, उसके पति को उपरोक्त डेढ़ लाख रुपये लेकर कचहरी में बुलाया। जिस पर पीड़िता दिन में लगभग 11 बजे उपरोक्त रुपया लेकर कचहरी पहुंची। कचहरी के बाहर कुशल सिंह परिहार व उनके साथ चार-पांच व्यक्ति जो रायफल व बंदूक लिये थे पीड़िता को मिले तथा पीड़िते से उपरोक्त डेढ़ लाख रुपया ले लिया तथा पीड़िता से जबरदस्ती रायफल के दम पर कोरे कागज पर हस्ताक्षर करा लिये। पीड़िता के विरोध करने पर रायफल की बटों से उसे व उसके पति को मारापीटा। मारपीट की घटना के समय वहां तैनात सिपाही मौके पर आ गये, तो कुशल सिंह परिहार व उसके साथी जानमाल की धमकी देते हुए भाग गये। जाते-जाते कह गये कि अगर 5 लाख रुपया नहीं दिया, तो तुम्हारी व तुम्हारे पति की हत्या कर देंगे। उपरोक्त कुशल सिंह परिहार पर करीब तीन दर्जन मुकदमे पंजीकृत हैं। तब उपरोक्त सिपाही पीड़िता व उसके पति को लेकर थाने गये। जहां प्रभारी निरीक्षक ने लिखित तहरीर देने के लिए कहा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# ससुरालीजनों ने दहेज की मांग को लेकर महिला को पीटा

## पिता-भाई के विरोध करने पर, उन्हें भी पीटा, महिला को घर से निकाला



महिला का मेडिकल परीक्षण करते अधीक्षक डॉ. लोकेश शर्मा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

दहेज लोभियों ने विवाहिता को मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचे पिता व भाई को भी ससुरालीजनों ने पीटा। पीड़िता ने ससुर व पति के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सितवनपुर पिसू निवासी सपना पत्नी अभिनेंद्र कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 20 जून 2020 को विधिवत दान दहेज देकर 10 लाख रुपये खर्च कर धूमधाम से की थी। शादी के बाद उसके पति की नौकरी लग जाने के बाद शादी में अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर सपना के साथ ससुराल वाले मारपीट करने लगे।

बीती शाम सपना के साथ अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पति, सास, ससुर ने मारपीट की। इसकी सूचना उसने अपने पिता और भाई को दी। सूचना मिलने पर आज सुबह सपना के भाई पुष्पेंद्र, इंडियन और पिता शिव किशोर गांव पहुंचे, तो सपना के पति और अन्य लोगों ने मिलकर पिता, भाई को मारापीटा और सपना को घर से बाहर निकाल दिया।

सपना ने ससुर और पति के खिलाफ थाने में तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही। पति पुलिस विभाग में तैनात है। पुलिस जब उसे पकड़ कर लाई, तो उसने अपना दीवाल में सर मारकर फोड़ लिया। फिलहाल महिला का सिपाही पति पुलिस हिरासत में है।

# जिला महिला व्यापार मण्डल कमेटी घोषित

▶ जिलाध्यक्ष प्रीती तिवारी, महामंत्री अर्चना द्विवेदी बनी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रेलवे रोड स्थित राज कंपलेक्स में महिला व्यापार मंडल श्याम बिहारी गुट की बैठक सम्पन्न हुई।

अध्यक्षता संजीव मिश्रा बॉबी ने की तथा संचालन महामंत्री प्रमोद गुप्ता ने किया। बैठक में महिला जिला उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी घोषित की गई। जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी ने कहा कि व्यापार में महिलाओं का बड़ा योगदान है।

जिला महामंत्री प्रमोद गुप्ता ने कहा कि महिला व्यापार मण्डल मजबूती व एकता के साथ संगठन को मजबूत करेगी और महिला व्यापारियों की समस्याओं का हल कराया जायेगा। जिला मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता ने कहा कि व्यापारी व उद्यमियों के हित में व्यापार मण्डल कार्य कर रहा है। संगठन बेहतर ढंग से कार्य कर रहा है। वह निजी कार्य से बाहर होने के कारण बैठक में भाग नहीं ले सके। महिला व्यापार मण्डल की जिलाध्यक्ष प्रीति तिवारी ने अपनी कमेटी की घोषणा की। जिसमें डॉ. रजनी सरीन को संरक्षक बनाया गया है। प्रीति तिवारी को जिलाध्यक्ष व अर्चना द्विवेदी को महामंत्री का दायित्व मिला। उपाध्यक्ष के पद पर निधि मिश्रा, ज्योति शर्मा, छाया गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई। कोषाध्यक्ष रजनी गुप्ता को बनाया गया। मंत्री पद मीनू तिवारी व वंदना मिश्रा बनी। संगठन मंत्री हेमलता मिश्रा को बनाया गया।

सह कोषाध्यक्ष सुनीता वर्मा बनी। प्रचार मंत्री का दायित्व गुंजा जैन को दिया गया है।

कार्यकारिणी सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य में तनुजा तिवारी, रेखा शुक्ला, पुष्पा अवस्थी, निशा गुप्ता, गायत्री मिश्रा, मीना मिश्रा, ममता अग्रवाल, संगीता चौरसिया, रजनी अग्रवाल, वंदना मिश्रा, अर्चना वर्मा, स्नेह लता अग्निहोत्री, ममता अग्निहोत्री को दायित्व सौंपा गया है।

संजीव मिश्रा बॉबी ने कार्यकारिणी का अनुमोदन कर प्रदेश नेतृत्व को भेज दी है।



जिला महिला व्यापार मण्डल के नवनियुक्त पदाधिकारी व मौजूद बॉबी मिश्रा, प्रमोद गुप्ता

# महिला को कुत्ते ने हाथ में काटा, सीएचसी में कराया भर्ती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीते जहां एक सब्जी विक्रेता को आवारा कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया था, वहीं आज एक महिला को काट लिया। उसे सीएचसी में उपचार के लिए ले जाया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव नरसिंहपुर निवासी जानकीदेवी पत्नी भगवान दास घर से खेत पर जारही थी। घर से कुछ ही दूरी पर निकलते ही कुत्ते ने हमला कर हाथ में काट लिया। जिससे ज्ञानकी देवी के हाथ की उंगली टूट गई। परिजनों ने कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया। बताते चलें कि बीते दिन एक सब्जी विक्रेता वृद्ध को आवारा कुत्ते ने काट लिया था। उसने भी अपना उपचार सीएचसी में कराया था। आवारा कुत्तों से नगरवासी खासे परेशान हैं।



लहूलुहान हाथ दिखाती महिला

# परचून का सामान लदी खड़ी डीसीएम से तीन गत्ता सामान चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना नवाबगंज के मंझना रोड निवासी प्रभास गुप्ता फर्रुखाबाद किराना मार्केट से नवाबगंज किराना व्यापारियों का समान डिलीवरी अपनी निजी डीसीएम से करते हैं। बीती रात वह फर्रुखाबाद के लिंजीगंज मार्केट से कस्बा के व्यापारियों का सामान लेकर आए थे। अपने दरवाजे पर उन्होंने रात होने पर डीसीएम खड़ी कर ली। बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा तीन गत्ता माल चोरी कर लिया गया। सुबह उन्होंने माल का मिलान किया तो उन्हें पता चला। प्रभास गुप्ता ने थाना पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी है।

# सपा सैनिक प्रकोष्ठ ने की ईवीएम की निगरानी



ईवीएम की निगरानी करते सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सातनपुर मण्डी में ईवीएम की रखवाली के समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी रोस्टर के अनुसार निगरानी कर रहे है। गुरुवार को रोस्टर प्लान के अनुरूप सैनिक प्रकोष्ठ की समस्त कमेटी व जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह के साथ सातनपुर मंडी में पहुंचकर ईवीएम की निगरानी की गई। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे चेक किये। जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव ने जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के हवाले से बताया कि समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यालय से लगातार शीर्ष नेतृत्व द्वारा इस बात की सूचना ली जा रही कि ईवीएम की निगरानी लगातार हो रही अथवा नहीं।

इस बात के लिए कहा गया कि किसी भी सूरत में निगरानी में ढील नहीं दी जाए। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने कहा कि रोस्टर प्लान के हिसाब से सबको आना आवश्यक है। इसकी रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय को भेजी जाएगी।

जिला उपाध्यक्ष मसरूर खां अस्वस्थ होने के कारण नहीं आ सके। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह के साथ प्रदेश सदस्य बेंचे लाल यादव, बृजेश कुमार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सैनिक प्रकोष्ठ, जितेंद्र यादव सिरौली, राजन यादव पूर्व प्रधान देवरामपुर, अमित यादव जिला महासचिव सैनिक प्रकोष्ठ, रामाधार यादव प्रदेश सचिव सैनिक प्रकोष्ठ, राजेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष, छोटे सिंह प्रदेश सदस्य, मनोज कुमार, एमपी सिंह शाक्य, राहुल शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

# श्री राम ने अपनी लीलाओं के माध्यम से सनातन धर्म की रक्षा कीः डॉ. शिवओम अम्बर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री राधा शक्ति श्याम मन्दिर लोहाई रोड़ में तृतीय सोपान अरण्यवन काण्ड श्री रामचरितमानस के गहन चिंतन मनन में श्री राम जी की वन यात्रा जंगलों में अपनी लीलाओं के माध्यम से सनातन धर्म का पतन, असुरी शक्तियों की वृद्धि, पूरा संसार विनाश की ओर ऐसे समय में श्री राम का वन गमन असुरी शक्तियों का आतंकवाद से जनता त्राहि-त्राहि कर उठी शक्तिशाली रावण और उसकी सेना सनातन धर्म एवं मानव मूल्यों को नष्ट करना, सनातन धर्म के कर्मकांड, यज्ञ तप दान नष्ट किया जा रहे थे। ऋषि मुनियों को मार डालना, यज्ञ कर्मों को विध्वंस करना, धरती पर मानवता नष्ट हो रही थी। श्री राम ने अपनी लीलाओं के माध्यम से सनातन धर्म की रक्षा की। अपने भक्तों, साधु-संतों एवं मानव जाति को बचाने का संकल्प लिया। चुनौतियों के साथ जीवन भर संघर्ष किया।



डॉ. शिवओम अम्बर को सम्मानित करते समाजसेवी

श्रीराम समाज में आदर्श मानव पिता, पुत्र, भ्राता, माता के संबंधों और एक राजा ही नहीं एक आदर्श शत्रु रावण को अपने व्यक्तित्व से प्रभावित किया। वन में जनजाति, मानव, दानव पशु, पक्षी, जीव-जंतु, प्रकृति को प्रभावित किया। श्री राम के ईश्वरी तत्व में विनय, दया, करुणा में मानवता की पराकाष्ठा प्रस्तुत की। शबरी की नवदा भक्त राम के उपदेश में मानव जीवन जीने का संदेश मिलता है। संत ऋषि मुनियों की गाथा, संकीर्तन, मानव जीवन में सनातन धर्म के संदेश मिलते हैं। समाज की मानव संवेदनाओं में सीता हरण की गाथा में सोने का मृग का आकर्षण ही सुख शांति को दूर तक ले जाता है। शबरी की नवादा भक्ति श्री राम के उपदेश इस अरण्य कांड की फल श्रुति मानव जीवन को श्रेष्ठ बनती है जो वर्तमान समय में चिंतन मनन अति आवश्यक है। रावनरि जस पावन गावहि सुनहि जे लोग, राम भगति दृढ पावहि बिनु विराग जप जोगा ॥,

भावार्थ जो लोग रावण के शत्रु श्री राम जी का पवित्र यश गान करते हैं और सुनते हैं, वे जप तप वैराग्य के बिना कलयुग में भव सागर से पर हो जाते हैं, कलयुग के समस्त पापों से मुक्ति मिलती है और जीवन में विभिन्न संकटों से मुक्ति पाए जाते हैं। प्रीति तिवारी, संजय गर्ग, भूपेंद्र प्रताप सिंह, अनिल प्रताप सिंह, अंजुम दुबे, रोहित दीक्षित, रविंद्र भदौरिया, सुरेंद्र सफ्फड़, राजन माहेश्वरी, विजेंद्र श्रीमाली, सुरेंद्र पांडे, जितेंद्र अग्रवाल, हर्षित सिंगतिया, रेनू सिंगतिया, इंदिरा पांडे, गरिमा पांडे आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विराम महा आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। संचालन बृज किशोर सिंह किशोर ने किया।

# भगवान बुद्ध के विचार अनंतकाल तक हमें प्रेरित करते रहेंगेः नरेन्द्र सिंह जाटव

▶ बुद्ध जयंती पर संगोष्ठी में अनुयायियों ने रखे विचार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भगवान बुद्ध की 2586 की जयंती बड़े धूमधाम से अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष मनायी गई। सुबह बुद्ध वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। वक्ताओं ने अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष बुद्ध जयंती पर अपने-अपने विचार रखे।

नरेन्द्र सिंह जाटव ने कहा कि भगवान बुद्ध के विचार अनंत काल तक सभी को प्रेरित करते रहेगें। प्रभु दयाल ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाओं को हम सभी लोगों को अपनाना चाहिए। बुद्ध ने हमें मानवता का संदेश दिया। आरडी बौद्ध व संतोष दिवाकर, विमलेश शाक्य, सुधीर शाक्य, दिनेश कुमार, सुरजीत सिंह, अतेन्द्र सिंह आदि लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का आयोजन अम्बेडकर जयंती समारोह समिति के तत्वाधान में मनाया गया। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संचालन आरडी बौद्ध ने किया। इस मौके पर अम्रता आर्य, रुबी, सुनीता, रंजना सिंह, सुधा, शोभा कुमारी, आराध्या सिंह, ध्रुवी सिंह, श्रीकृष्ण, सुरेन्द्र राणा, मुकेश कुमार, अरविन्द सिंह, अनिल सिंह आदि लोगों ने भाग लिया। सभी ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके बताये गये मार्ग पर चलने के लिए आवाह्न किया। वहीं भोलेपुर स्थित गैलेक्सी गेस्ट हाउस में बुद्ध जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे और भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया।



कार्यक्रम में मौजूद लोग

# गृह कलह में युवक ने फांसी लगाकर दी जान पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवक ने गृहकलह के चलते फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के मोहल्ला बीबीगंज बंदोबस्ती निवासी 40 वर्षीय पवन मौर्य पुत्र मुकेश मौर्य दिन में तीन बजे घर की छत के कुंडे में साड़ी के फंदे पर फांसी पर झूलता मिला। उसकी पत्नी प्रीति पड़ोस में दावत खाने गयी थी। जब वह वापस आयी तो पति को फांसी पर झूलते हुए देखा। बीबीगंज चौकी प्रभारी नागेन्द्र सिंह ने बताया की युवक ने घरेलू कलह से तंग आकर फांसी लगा ली। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बुद्ध जयंती पर स्टॉल लगाकर वितरित किया शरबत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुद्ध पूर्णिमा पर राहगीरों को शरबत व शीतल जल वितरित किया गया। भोलेपुर इंदिरा कालोन मैन रोड पर बुद्ध जयंती पर सभी अनुयायियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया।

प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने कहा कि भगवान बुद्ध ने विश्व भर में शांति का पैगाम दिया।

आज उनके बताये गये पद चिन्हों पर हमें चलना है। एक दूसरे की सेवाभाव से मदद करें। यही भगवान बुद्ध का संदेश था। इसे हमें अपने जीवन में धारण करना है।

करीब, दीन दुखी असहायों की मदद करें। बुद्ध जयंती पर अम्बेडकर कालोनी के बाहर स्टॉल लगाकर शरबत वितरित किया गया। गर्मी में शरबत पीकर लोगों ने अपनी प्यास बुझाई। इस मौके पर पूर्व सैनिक पीपी सिंह, राजेश माथुर, पूर्व कर्नल राकेश सिंह, विलास चन्द्र, रामगुलाम, लालाराम, प्रेमपाल सिंह, रमेशचन्द्र दिवाकर, एमपी सिंह, रामनरेश, रघुवीर सिंह, सुशील कुमार आदि लोग मौजूद रहे।




शरबत वितरित करते लोग

# बैंक शाखा प्रबंधक को सम्मानित कर दी गई विदाई



विदाई समारोह में मौजूद शाखा प्रबंधक व अन्य

▶ वर्तमान प्रबंधक को ग्राहकों से बेहतर संबंध बनाना होगा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

कंपिल स्थित बैंक ऑफइंडिया के प्रबंधक अमित कुमार यादव के स्थानांतरण पर बुधवार देर शाम एक गेस्ट हाउस में विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह के शुरुआत में सभी लोगों ने शाखा प्रबंधक को गुलदस्ता देकर व फूलमाला पहनाकर मुंह मीठा कराते हुए अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कैशियर प्रियांशू कुमार ने बताया कि दस वर्षों के बाद किसी शाखा प्रबंधक की विदाई समारोह ग्राहकों द्वारा आयोजित किया गया।

संबोधित करते हुए निवर्तमान प्रबंधक ने कहा कि तीन वर्ष के संक्षिप्त कार्यकाल में सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रबंधक को ग्राहकों से बेहतर संबंध बनाना होगा। उन्होंने ग्राहकों से भी बैंक से बेहतर संबंध रखने की अपील की। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान ग्राहकों के सहयोग की सराहना की। इस मौके पर मुख्य अतिथि चेयरमैन शरद गंगवांर, लालाराम शाक्य, नंदराम शाक्य, राहुल कुमार, अजीत कुमार, नीरज बिष्ट, प्रवीन कुमार, अनूप कुमार, ओमशरण राजपूत, अनुज कुमार, विवेक कुमार, शेर सिंह, शिवा राजपूत, राघवेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# बुद्ध नगरी संकिसा में धूमधाम से निकाली गई धम्म यात्रा

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर धम्मालोको बुद्ध बिहार संकिसा परिसर से डॉ. धम्मपाल महाथैरो ने भगवान बुद्ध की तीन झांकियों की धम्म यात्रा को ढोल नगाड़े के साथ पंचशील ध्वज फहराकर स्तूप के लिए रवाना किया।

धम्म यात्रा के साथ मेरापुर थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। संकिसा गांव में रोड़ के किनारे बने घरो की छतों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस मुस्तैद रही। जब तक सूरज चांद रहेगा तब तक बौद्ध धर्म का नाम रहेगा। मानव-मानव एक सामान आदि नारेबाजी करते हुए बौद्ध अनुयाई तीन झांकियों की धम्म यात्रा के साथ स्तूप पर पंहुचे। स्तूप के तीन चक्कर लगाए, जिसके बाद शाक्य मुनि बुद्ध बिहार राजघाट संकिसा के संस्थापक डॉ. धम्मपाल महाथैरो ने अगरबत्ती मोमबत्ती जलाकर बुद्ध वंदना कराई। शाक्य मुनि बुद्ध बिहार राजघाट संकिसा के संस्थापक डॉ. भिक्षु धम्मपाल महाथैरो ने बताया कि आज के दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था और आज के ही दिन उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ था तथा आज के ही दिन महापरिनिर्वाण हुआ। इसे त्रिविध पावन पूर्णिमा कहते हैं। बुद्ध के 84 हजार उपदेशों का पठन-पाठन हुआ। बुद्ध पूर्णिमा सभी बौद्ध देशों में मनाई जाती है। आज के दिन बौद्ध बिहारों में जाकर बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाती है। भगवान बुद्ध ने बुद्ध पूर्णिमा को संकिसा में 48 उपदेश दिए थे। जो अभिधम्म पिटक में सुरक्षित रखें हैं। बुद्ध का धर्म शील समाधि प्रज्ञा पर आधारित है। इस लिए इस पूर्णिमा के अवसर पर बौद्ध उपासर बौद्ध बिहारों में जाकर उपदेशों का पठन-पाठन करते हैं। इस दौरान भिक्षु चेतसिक बोधि आदि बौद्ध भिक्षुओं के अलावा सैकड़ों बौद्ध उपासक मौजूद रहे।



धम्म यात्रा के साथ पुलिस फोर्स

# महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला के भाई ने बहनोंई के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला दुली निवासी अर्जेश कुमार पुत्र वेदराम की शादी आज से लगभग 8 वर्ष पूर्व मानिकपुर निवासी ओमप्रकाश ने अपनी पुत्री के साथ की थी। ओमप्रकाश का कहना है मेरा दामाद मेरी पुत्री के साथ काफी मारपीट करता रहता है। 22 मई 2024 की शाम को मेरी पुत्री के साथ जमकर मारपीट की। जब इसकी सूचना मेरी पुत्री ने अपने भाई संदीप कुमार को दी, तो संदीप कुमार अपने बहनोई के यहां पहुंचे। उन्होंने समझाना चाहा, को उनके साथ भी गाली-गलौज किया। जबकि महिला के तीन बच्चे भी हैं, लेकिन पति आए दिन उत्पीड़न करता रहता है। थक हारकर भाई ने थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

# सेक्स रैकेट चलने की सूचना पर पुलिस ने मारा छापा, पांच गिरफ्तार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में चल रहे सेक्स रैकेट की सूचना पाकर इंस्पेक्टर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके से पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित बबना तिराहे पर पुलिस की नाक के नीचे काफी समय से सेक्स रैकेट चल रहा है। जिसकी भनक आज पुलिस को लगी, तो पुलिस सक्रिय हो गयी। गुरुवार को मुखबिर द्वारा इंस्पेक्टर नवाबगंज अमोद कुमार को सूचना दी गई की बबना में किराए के एक मकान में सैक्स रैकेट का संचालन किया जा रहा है। जहां पर काफी मात्रा में युवक युवतियां आकर गलत काम को अंजाम दे रहे हैं। जिस पर इंस्पेक्टर अमोद कुमार सिंह सक्रिय हो गये और थाने के कस्बा इंचार्ज मोहम्मद अकरम, दरोगा इंद्रजीत, दरोगा संतोष कुमार, दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा हेमंत कुमार, कांस्टेबिल नीरज कुमार, कांस्टेबिल सौरभ शर्मा को साथ लेकर दविश दी। मौके से पांच व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने खबर लिखे जाने तक पकड़े गये लोगों के नाम नहीं बताये। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा। घटना से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

# महिला सिपाही ने पीड़िता के साथ मारपीट कर फाड़े कपड़े, एसपी से की शिकायत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▶ महिला पुलिस ने जबरियन सुलह करने व पति के साथ जाने का दबाव बनाया

▶ मना करने पर मेरी मां के सामने मेरी पिटाई की

महिला परामर्श केंद्र पर महिला सिपाही ने पीड़िता के साथ मारपीट कर कपड़े फाड़ दिये और उसे धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

कोतवाली मोहम्मदाबाद के महोरिकपुर निवासी गोल्डी पुत्री स्व0 कंचन लाल ने पुलिस अधीक्षक को दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि ससुरालीजनों से दहेज उत्पीड़न के मामले की शिकायत महिला थाना फतेहगढ़ में की है। 22 मई को मुझे महिला थाने में बुलाया गया। जब मैं पहुंची तो देखा कि मेरा पति विक्रम वहां पहले से ही मौजूद था, उसने महिला पुलिस कर्मियों से सांठगांठ कर ली। महिला पुलिस ने जबरियन सुलह करने व पति के साथ जाने का दबाव बनाया। मना करने पर मेरी मां के सामने मेरी पिटाई की और मेरा ब्लाउज फाड़ दिया और धमकी दी कि तू विक्रम के घर जायेगी। तुझमे हिम्मत है तो मेरे खिलाफ कहीं पर शिकायत कर लेना कुछ नहीं होगा। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगायी है।

SAI MEER COLLEGE OF PHARMACY
SHIRDI DHAM, FARRUKHABAD ROAD, CHHIBRAMAU, KANNAUJ-209721.
Approved by PCI & Affiliated to AKTU and BTE.
Phone-9519202493, Email- saimeercollegepfpharmacy@gmail.com

APPOINTMENTS

Applications are Invited from Eligible Candidates for following Post of
D.Pharm&B.Pharm Course.
SUBJECTS- Pharmaceutics, Pharmaceutical Chemistry, Pharmacology & Pharmacognosy.

PRINCIPAL
PROFESSOR ASSO. PROFESSOR
ASST. PROFESSOR LECTURER.
Non Teaching Staff- Lab Assistant

1.Educational Qualification & Pay Scales as per PCI/ AKTU/ BTE norms.
2.INTERESTED CANDIDATES SEND YOUR RESUME WITH SELF ATESSETED DOCUMENTS WITH IN SEVEN DAYS.

# धर्म विशेष को आरक्षण देने का काम कर रहीं ममता व गठबंधन

▸ पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने टीएमसी व विपक्ष को घेरा

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ममता बनर्जी और विपक्षी गठबंधन पर ओबीसी का आरक्षण छीन कर धर्म विशेष के लोगों को देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा है कि तुष्टीकरण ही कांग्रेस और टीएमसी जैसी पार्टियों की खुराक है।

दिल्ली स्थित भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में गुरुवार को मीडिया से बातचीत करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सिर्फ अपने वोटबैंक को बनाए रखने के लिए ओबीसी का आरक्षण छीन कर एक विशेष धर्म के लोगों को देना क्या न्याय संगत है? बंगाल में ममता बनर्जी, उनकी वोटबैंक की राजनीति पर हाई कोर्ट से उन्हें फटकार मिली है।

# भारत और फिलीपींस की नौसेनाएं समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध

## दक्षिण चीन सागर में तैनाती के दौरान भारतीय जहाजों की फिलीपींस यात्रा पूरी भारतीय जहाजों का गर्मजोशी से स्वागत

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दक्षिण चीन सागर में पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के दौरान भारतीय नौसेना के जहाजों दिल्ली, शक्ति और किल्टन ने फिलीपींस की अपनी यात्रा पूरी कर ली है। इस दौरान भारत ने फिलीपींस की नौसेना के साथ सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

द्विपक्षीय बातचीत में दोनों नौसेनाओं ने क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और स्थिरता बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। फिलीपींस नौसेना के कर्मियों और फिलीपींस में भारत के उच्चायुक्त ने जहाजों का गर्मजोशी से स्वागत किया। भारतीय नौसेना के जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन ने दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में मनीला का दौरा किया। इस यात्रा ने फिलीपींस के साथ भारत के मजबूत संबंधों और साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

इस दौरान सहयोग के अवसरों, आपसी हितों के मामलों और मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर व्यापक चर्चा की गई। इस यात्रा ने भारत और फिलीपींस की नौसेनाओं के बीच नौसैनिक सहयोग और अंतर-संचालन को बढ़ाने पर चर्चा का अवसर प्रदान किया। यह बंदरगाह यात्रा भारत और फिलीपींस के बीच मजबूत कूटनीतिक और रक्षा संबंधों का प्रमाण है। यह भारत की अपनी एक्ट ईस्ट और सागर नीतियों के अनुरूप क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन है।

### दोनों देशों की सेनाओं के बी कई मुद्दों पर हुई चर्चा


इस बंदरगाह यात्रा में भारतीय नौसेना और फिलीपींस नौसेना के कर्मियों के बीच विषय वस्तु विशेषज्ञ आदान-प्रदान (एसएमई), खेल कार्यक्रम, क्रॉस डेक दौरे, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सहयोगी सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम शामिल थे। ईस्टर्न फ्लीट के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल राजेश धनखड़ और जहाजों के कमांडिंग ऑफिसर्स ने फिलीपीन फ्लीट के कमांडर रियर एडमिरल रेनाटो डेविड और फिलीपीन कोस्ट गार्ड के डिप्टी कमांडेंट फॉर ऑपरेशंस वाइस एडमिरल रोलैंडो लिज़ोर पुंजालन जूनियर के साथ बातचीत की।

# गुरु को धोखा देने वाला दिल्ली का विश्वास कैसे जीतेगा : राजनाथ सिंह

**पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सहरावत के पक्ष में किया प्रचार**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज नजफगढ़ पहुंचे। यहां रोशन गार्डन में आयोजित जनसभा में उन्होंने आम आदमी पार्टी (आआपा) तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कार्यशैली की आलोचना की।



राजनाथ सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा दिया है। वह दिल्ली के लोगों का विश्वास कैसे जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति पर कैसे विश्वास किया जा सकता है कि वह दिल्ली की जनता को धोखा नहीं देगा।


राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि जो दिल्ली सरकार महिलाओं को सुरक्षा नहीं दे सकी, उसे सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि आआपा कांग्रेस गठबंधन की बी टीम के रूप में काम कर रही है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि अन्ना हजारे मना करते रहे कि जिस बैनर तले कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी, उस बैनर के तले यहां पर कोई राजनीतिक पार्टी नहीं बननी चाहिए। इसके बावजूद केजरीवाल ने अपने गुरु अन्ना हजारे की बात नहीं मानी और एक नई राजनीतिक पार्टी बनाई। पार्टी बनाने के बाद अरविंद केजरीवाल ने क्या क्या वादे किए, यह जगजाहिर है। उन्होंने कोई भी वादे अभी तक पूरे नहीं किए। राजनाथ सिंह ने कहा कि केजरीवाल ने कहा था कि हमारी सरकार दिल्ली को लंदन बना देगी। हम कहते हैं कि रहा होगा कोई जमाना लेकिन अब भारत लंदन से आगे निकल चुका है। अब भारत की लंदन से तुलना नहीं की जा सकती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि केजरीवाल ने कहा था कि यमुना नदी को साफ करेंगे और 7 हजार करोड़ रुपये खर्च हो गए। मैं अरविंद केजरीवाल से पूछना चाहता हूं कि कहां साफ हुई यमुना नदी। क्या यमुना नदी का पानी पीने लायक रह गया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले केजरीवाल भ्रष्टाचार में आकंठ डूब गए हैं।

### परिवारवादी पार्टियों से देश का भला नहीं हो सकता : भजनलाल



**लखनऊ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सपा और कांग्रेस के परिवारवाद पर गुरुवार को जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये परिवारवादी पार्टियां देश का भला नहीं कर सकतीं। जातिवाद, परिवारवाद व तुष्टीकरण सपा का एजेंडा है, वहीं कांग्रेस बहना, माई व जमाई से बाहर नहीं निकल पा रही है। मुख्यमंत्री शर्मा ने भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि देश संविधान के हिसाब से चलेगा, तुष्टीकरण से नहीं। कांग्रेस दलित, ओबीसी और एससी के प्रति जो विचार रखती है वह विचार निकलकर सामने आया है। कांग्रेस ने गरीब, दलित व ओबीसी के साथ विश्वासघात किया है। यह लोग दलित व ओबीसी का हक मुस्लिमों को देना चाहते हैं लेकिन यह होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता सरकार ने 118 मुस्लिम जातियों को ओबीसी में आरक्षण देकर पिछड़े वर्ग के अधिकारों पर डाका डालने का काम किया है। इस संबंध में कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्णय पर ममता की प्रतिक्रिया उनके अहंकार को प्रकट करता है। शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद टीएमसी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। लोकसभा चुनाव में वहां की जनता टीएमसी को सबक सिखाने का काम करेगी।

# बंगाल के तट पर रविवार को पहुंचेगा चक्रवात रुमेल




एजेंसी

**कोलकाता।** बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवर्ती तूफान रुमेल धीरे-धीरे मजबूत होकर पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटीय क्षेत्रों की ओर बढ़ने लगा है। मौसम विभाग (आईएमडी) की तरफ से गुरुवार को दी गई जानकारी के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव बढ़ता जा रहा है और रविवार शाम तक भीषण चक्रवाती तूफान के रूप में बांग्लादेश और आसपास के पश्चिम बंगाल तटों तक पहुंच जाएगी। इसके प्रभाव से तेज आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश होगी। इस प्री-मॉनसून सीजन में बंगाल की खाड़ी में यह पहला चक्रवात है।

हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवातों के नामकरण की प्रणाली के अनुसार, इसे रुमेल नाम दिया गया है। यह शुक्रवार सुबह तक मध्य बंगाल की खाड़ी पर दबाव में तब्दील हो जाएगा। आईएमडी की वैज्ञानिक मोनिका शर्मा ने बताया कि यह शनिवार सुबह चक्रवाती तूफान में बदल कर तेज हो जाएगा और रविवार शाम तक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में बांग्लादेश और निकटवर्ती पश्चिम बंगाल तट पर पहुंच जाएगा।

आईएमडी के अनुसार, रविवार को चक्रवात की गति 102 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है। मौसम कार्यालय ने 26 मई को पश्चिम बंगाल, उत्तरी ओडिशा, मिजोरम, त्रिपुरा और दक्षिण मणिपुर के तटीय जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसकी वजह से राज्य सरकार ने पहले से सावधानी बरतनी शुरू कर दी है और पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों में बसे लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### आईटीसी का मुनाफा चौथी तिमाही में घटकर 5,191 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** आईटीसी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में विविध कारोबार से जुड़े आईटीसी का मुनाफा मामूली घटकर 5,190.71 करोड़ रुपये रहा है। आईटीसी लिमिटेड ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ घटकर 5,190.71 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में कंपनी को 5,242.59 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। चौथी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय दो फीसदी बढ़कर 19,446.49 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 19,058.29 करोड़ रुपये थी। उल्लेखनीय है कि तेजी से बढ़ते उपभोक्ता से लेकर होटल और सिगरेट तक का कारोबार करने वाली कंपनी आईटीसी ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए 7.50 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है।

### एक्टर फिरोज खान का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के बदांयू के रहने वाले मशहूर फिल्म और टीवी अभिनेता फिरोज खान का निधन हो गया है। गुरुवार की सुबह बदायूं में ही उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गई। फिरोज खान को अमिताभ बच्चन का डुप्लीकेट कहा जाता था। वह हूबहू बिग बी की तरह ही मिमिक्री और एक्टिंग करते थे। इस वजह से वह अपने प्रशंसकों के बीच फ़िरोज़ खान अमिताभ डुप्लीकेट के नाम से मशहूर थे। उन्होंने कई धारावाहिकों और फिल्मों में काम किया है। उन्होंने भाभीजी घर पर हैं, जीजा जी छत पर हैं, साहब बीबी और बॉस, हप्पू की उलटन पलटन और शक्तिमान जैसे सीरियल्स में काम किया है। इसके अलावा वह सिंगर अदनान सामी के सुपरहिट गाने थोड़ी सी तू लिफ्ट करा दे में नजर आए थे। फिरोज खान पिछले कुछ दिनों से बदायूं में रह रहे थे। वहां रहते हुए उन्होंने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उनके वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल होते रहते हैं। फ़िरोज़ ने आखिरी बार 4 मई को बदायू में एक मतदाता महोत्सव में प्रस्तुति दी थी।

### कांग्रेस नेता पी एन पाटिल का निधन

**कोल्हापुर।** कांग्रेस नेता पी.एन. पाटिल का गुरुवार को निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। श्री पाटिल पिछले रविवार को अपने आवास पर गिर गये थे जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आयी थी। उन्हें तत्काल यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहां आज सुबह उनका निधन हो गया। श्री पाटिल के दो बेटे और एक बेटी हैं। उनका अंतिम संस्कार आज अपराह्न उनके पैतृक गांव करवीर तहसील स्थित सदोली खालसा में किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के एक समर्पित नेता एवं गांधी परिवार के कट्टर समर्थक, श्री पाटिल 2004 में पुराने संगरूल निर्वाचन क्षेत्र से और 2019 में करवीर निर्वाचन क्षेत्र से महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीता था। उन्होंने 1999 से लेकर 29 वर्षों तक जिला कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने राज्य कांग्रेस के उपाध्यक्ष का पद भी संभाला। उन्होंने कोल्हापुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष और निदेशक के रूप में भी कार्य किया। वह भोगावती चीनी फैक्ट्री के पूर्व अध्यक्ष थे।

### इंग्लैंड-पाकिस्तान के बीच पहला टी20 मैच चढ़ा बारिश की भेंट

**नई दिल्ली।** लगातार बारिश के कारण बुधवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। लीड्स में भारी और लंबी बारिश के कारण अंपायरों को मैच भारतीय समयानुसार निर्धारित रात 11 बजे शुरू होने से लगभग एक घंटे पहले खेल रद्द करना पड़ा। पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला के बाकी मैच 25 मई, 28 मई और 30 मई को क्रमश: एजबेस्टन, कार्डिफ और ओवल में खेले जाएंगे। पाकिस्तान टी20 सीरीज से इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी हो सकती है। चोटों ने इस तेज गेंदबाज के करियर को खराब कर दिया है, कोहनी और पीठ की समस्याओं के कारण यह 29 वर्षीय खिलाड़ी 14 महीने से शीर्ष स्तर के क्रिकेट से दूर रहा है।

### टीवीएस आईक्यूब पोर्टफोलियो में नए वेरिएंट पेश



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोबिलिटी से जुड़े सस्टेनेबल सॉल्यूशंस प्रदान करने और ग्राहकों को अपनी पावर ऑफ चॉइस के साथ मजबूत बनाने की अपनी ज़िम्मेदारी के अनुरूप ग्लोबल स्तर पर अग्रणी वाहन निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने लखनऊ में 2.2 केडब्ल्यूएच बैटरी के साथ टीवीएस आईक्यूब के अपने नए वेरिएंट को लॉन्च किया। इसके साथ ही, कंपनी पूरे राज्य में आज से ग्राहकों तक टीवीएस आईक्यूब एसटी को पहुंचाने के लिए तैयार है। टीवीएस आईक्यूब एसटी अब दो वेरिएंट्स, 3.4 केडब्ल्यूएच और 5.1 केडब्ल्यूएच में आएगा, जो कि सेगमेंट में सबसे बड़ा बैटरी पैक है। इसके साथ, टीवीएस आईक्यूब सीरीज के तहत अब 11 शानदार रंगों में पांच वेरिएंट उपलब्ध हैं। इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए और ईवी को सभी के लिए सुलभ बनाने के प्रयास में, नए 2.2 केडब्ल्यूएच बैटरी संस्करण के साथ, टीवीएस आईक्यूब सीरीज़ अब उत्तर प्रदेश में 94,999 रुपये की शुरुआती प्रभावी एक्स-शोरूम कीमत पर उपलब्ध है, जो ग्राहकों के लिए इसे खरीदने की कुल लागत को कम करने में मदद करेगी। नए वेरिएंट के लॉन्च के अवसर पर टिप्पणी करते हुए, टीवीएस मोटर कंपनी के ईवी बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मनु सक्सेना ने कहा, ''टीवीएस मोटर कंपनी में हमारी निरंतर यही कोशिश है कि इंडस्ट्री में लगातार इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा दिया जाए।

# केएलएच ग्लोबल बिजनेस स्कूल वित्तीय क्षेत्र के लिए शुरु करेगा नए प्रोग्राम



समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** केएलएच ग्लोबल बिजनेस स्कूल ने वित्तीय क्षेत्र के विकास के लिए नए शैक्षणिक प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की है। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से, विश्वविद्यालय अपने विजयवाड़ा और हैदराबाद कैम्पस में बैंकिंग और फिनटेक में एमबीए और बीबीए फिनटेक प्रोग्राम शुरू करेगा। इसके साथ ही, फिनटेक काउंसिल ऑफ इंडिया के सहयोग से बैंकिंग और फिनटेक में एग्जीक्यूटिव एमबीए प्रोग्राम भी शुरू किया गया है, जो उच्च शिक्षा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

केएल डिम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का एग्जीक्यूटिव एमबीए प्रोग्राम चार सेमेस्टर का है और खासकर कामकाजी पेशेवरों के लिए बनाया गया है। यह करियर में ब्रेक लिए बिना पढ़ाई की सुविधा देता है, जिसमें वीकेंड और आफ्टर-ऑवर्स क्लासेस एक तकनीकी-सक्षम प्लेटफॉर्म के माध्यम से होती हैं। पाठ्यक्रम में सिमुलेशन, लैब प्रैक्टिस, डेटा एनालिटिक्स आदि के माध्यम से अनुभवात्मक शिक्षा पर जोर दिया गया है, जिससे छात्रों को अनुभव और व्यावहारिक दृष्टिकोण मिलता है। लॉन्च इवेंट के साथ ही विश्वविद्यालय के पहले एमबीए-फिनटेक बैच के छात्रों के लिए एक प्रमाण पत्र प्रस्तुति समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने फिनटेक कैपस्टोन ट्रेनिंग और ब्लॉकचेन प्रमाणन पूरा किया। प्रमाण पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सुनील मनोहर और डॉ. श्रीनिवासन पूरनया, फिनटेक काउंसिल ऑफ इंडिया के बोर्ड सदस्य उपस्थित थे।

## सेंसेक्स व निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर रिकॉर्डतोड़ तेजी का गवाह बना। आज के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंचने के साथ ही ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाया। दिन के कारोबार में सेंसेक्स निचले स्तर से 1,341 अंक से अधिक और निफ्टी निचले स्तर से 415 अंक से अधिक उछलने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.61 प्रतिशत और निफ्टी 1.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल और मेटल इंडेक्स के अलावा सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। निफ्टी का पीएसयू बैंक इंडेक्स 1.05 प्रतिशत उछल कर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी के फाइनेंशियल सर्विसेज, आईटी, एफएमसीजी और रियल्टी इंडेक्स भी मजबूती के साथ कारोबार करते रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.58 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ।

# पेरिस ओलंपिक से पहले जर्मनी में प्रशिक्षण लेंगी सिंधु

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए क्रमशः जर्मनी और फ्रांस में प्रशिक्षण लेंगे, खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल ने वित्तीय सहायता के लिए उनके संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है।

एमओसी ने सिंधु के हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्सचूले में प्रशिक्षण के लिए सारब्रुकन, जर्मनी जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। पेरिस जाने से पहले वह अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ एक महीने से अधिक समय तक वहां प्रशिक्षण लेंगी। दूसरी ओर, लक्ष्य, जो पेरिस में पुरुष एकल स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे, ओलंपिक खेलों से पहले 8 से 21 जुलाई तक अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ द हाले डेस स्पोर्ट्स पार्सेमेन में प्रशिक्षण लेंगे। मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है, एमओसी ने मंत्रालय की लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत उनके हवाई किराया, बोर्डिंग/आवास लागत, स्थानीय परिवहन शुल्क, वीज़ा शुल्क, शटलकॉक खर्चों के वित्तपोषण को मंजूरी दे दी है। एमओसी ने टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला और तीरंदाज टीशा पुनिया के उपकरण खरीदने के समर्थन के प्रस्तावों और गोल्फर अदिति अशोक और तैराक आर्यन नेहरा के विभिन्न प्रतियोगिताओं में यात्रा के लिए सहायता के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी। टॉप्स उनके हवाई किराए, आवास लागत, स्थानीय परिवहन लागत, आर्यन के उपकरण और अदिति के कैडी शुल्क का वित्तपोषण करेगा।



### मलेशिया मास्टर्स टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंची सिंधु

**कुआलालम्पुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु गुरुवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। सिंधु ने प्री-क्वार्टरफाइनल में कोरिया की सिम यू जिन को शिकस्त दी। विश्व के 15वें नंबर की खिलाड़ी 15 सिंधु ने 59 मिनट तक चले मैच में सिम को 21-13, 12-21, 21-14 से शिकस्त दी। यह सिंधु की कोरियाई खिलाड़ी पर तीसरी जीत थी। हैदराबाद का 28 वर्षीय खिलाड़ी सिंधु पिछले साल अक्टूबर में घुटने की चोट के बाद वापसी करने के बाद संघर्षरत रही हैं। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त हान यू से भिड़ेंगी। हान यू ने पिछले महीने निंगबो में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंधु को हराया था। सिंधु, जिन्होंने आखिरी बार 2022 सिंगापुर ओपन में खिताब जीता था, का हान के खिलाफ 5-1 का जबरदस्त रिकॉर्ड है, जो अब विश्व रैंकिंग में 6वें स्थान पर हैं। अन्य परिणामों में, बी सुमीथ रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी चेन तांग जी और तोह ई वेई की शीर्ष वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से 9-21, 15-21 से हार गई, जबकि महिला युगल में सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर मलेशियाई पर्ली टैन और थिना मुरलीधरन से 17-21,11-21 से हार गईं।

# प्रतिदिन गृह मंत्रालय को भेजी जाएगी तीर्थयात्रियों की रिपोर्ट

समृद्धि न्यूज



▸ मुख्य सचिव ने केंद्रीय गृह सचिव को वर्चुअल बैठक में दिया चारधाम यात्रा का अपडेट

▸ यात्रा रूट पर बुजुर्गों, दिव्यांगों, बीमार और बच्चों की सहायता पर विशेष फोकस

**देहरादून।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गुरुवार को केन्द्रीय गृह सचिव को चारधाम यात्रा का अपडेट दिया। चारों धामों के यात्रा मार्गों और ठहराव स्थलों में यात्रियों की रिपोर्ट प्रतिदिन गृह मंत्रालय को भेजी जाएगी। इस दौरान केन्द्रीय गृह सचिव ने भविष्य में चारधाम यात्रा प्रबन्धन की रणनीति के लिए कमेटी का गठन करने और धरातल स्तर पर यात्रा प्रबन्धन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए।

गुरुवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने केन्द्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को वर्चुअल माध्यम से हुई बैठक में राज्य में चारधाम यात्रा की अद्यतन जानकारी दी। केन्द्रीय गृह सचिव ने मुख्य सचिव को धामों, यात्रा मार्गों एवं ठहराव स्थलों में यात्रियों की रिपोर्ट प्रतिदिन गृह मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जरूरत पड़ने पर यात्रा मार्ग पर क्राउड मैनेजमेंट के लिए एनडीआरएफ और आईटीबीपी की मदद लेने के भी निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही केन्द्रीय गृह सचिव ने भविष्य में चारधाम यात्रा प्रबन्धन की रणनीति के लिए एक कमेटी का गठित करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने धरातल स्तर पर यात्रा प्रबन्धन पर कड़ी निगरानी पर विशेष बल दिया है। मुख्य सचिव रतूड़ी ने केन्द्रीय गृह सचिव को बताया कि राज्य में चारधाम यात्रा सफलतापूर्वक, सुरक्षित, सुगम एवं सुचारु रूप से संचालित हो रही है। सभी राज्यों विशेषकर पांच प्रमुख राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात व महाराष्ट्र, जहां से सबसे अधिक यात्री चारधाम पर आते हैं। उनके मुख्य सचिवों को पत्र के माध्यम से और व्यक्तिगत तौर पर बातचीत कर अनुरोध किया गया है कि यात्री सिर्फ पंजीकरण के बाद ही चारधाम यात्रा पर आएं। जिस तिथि का पंजीकरण हुआ है, उस तिथि को ही चारधाम यात्रा पर आएं। साथ ही व्यवस्था बनाए रखने के लिए 31 मई तक चारधाम यात्रा के ऑफलाइन पंजीकरण पर रोक लगाई गई है। मुख्य सचिव ने यात्रा मैनेजमेंट सिस्टम की जानकारी देते हुए कहा कि पंजीकरण के लिए उत्तराखण्ड टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा 24 घण्टे संचालित होने वाला कॉल सेन्टर कार्य कर रहा है।

### मुख्य प्रवेश स्थलों पर हाईटेक चेक पोस्ट

मुख्य सचिव बताया कि इस वर्ष चारधाम यात्रा के सुचारु संचालन के लिए परिवहन विभाग ने वाहन चालकों की कैपिसिटी बिल्डिंग और मेडिकल स्क्रीनिंग की व्यवस्था की है। यात्रा रूट के मुख्य प्रवेश स्थलों पर चार हाईटेक चेक पोस्ट बनाए गए हैं। सोनप्रयाग और गौरीकुण्ड मार्ग पर शटल सर्विस की व्यवस्था की गई है। ऑनलाइन व्यवस्था की ओर से ग्रीन कार्ड की व्यवस्था की गई है। अभी तक 23063 ग्रीन कार्ड जारी किए गए हैं। टूरिज्म पोर्टल पर पंजीकृत यात्रियों को ट्रिप कार्ड जारी किए जा रहे हैं।

### 850 सीसीटीवी कैमरा और 8 ड्रोन लगाए गए हैं-

मुख्य सचिव ने बताया कि पुलिस विभाग ने इस वर्ष यात्रा रूट पर 56 टूरिज्म पुलिस सपोर्ट सेन्टर खोले हैं। यात्रा पर निगरानी के लिए 850 सीसीटीवी कैमरा और 8 ड्रोन लगाए गए हैं। केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर 1495 वाहनों की क्षमता वाले 20 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। पार्किंग मैनेजमेंट के लिए क्यूआर कोड बेस्ड सिस्टम शुरू किया गया है। केदारनाथ रूट पर बेहतरीन ट्रैफिक मेनेजमेंट हेतु सेक्टर मजेस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। ट्रैक रूट की सफाई के लिए 657 पर्यावरण मित्रों की तैनाती की गई है।

### 12 मुख्य लोकेशन पर 50 स्क्रीनिंग कियोस्क

इस वर्ष स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी विशेष प्रयासों के तहत 12 मुख्य लोकेशन पर 50 स्क्रीनिग कियोस्क लगाए गए हैं। स्वास्थ्य मित्र जो कि फर्स्ट मेडिकल रिस्पॉण्डर्स हैं, की तैनाती भी यात्रा मार्ग पर की गई है। यात्रा रूट पर 156 एम्बुलेंस तैनात की गई हैं। 8 ब्लड बैंक और 2 स्टोरेज यूनिट भी उपलब्ध करवाए गए हैं। 49 स्थायी स्वास्थ्य सुविधाएं और 26 मेडिकल रिलीफ पोस्टस स्थापित की गई हैं।

## प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन ने देश को ऊंचाई तक पहुंचाया : स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल के समर्थन में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने दिल्ली के अशोक विहार के राम लीला ग्राउंड से रोड शो में हिस्सा लिया। रोड शो वज़ीरपुर अंडरपास और त्रिनगर शंकर चौक होते हुए लक्ष्मी बाई कॉलेज रोड पर स्थित दीप मार्किट में समाप्त हुआ। स्मृति ईरानी ने कहा कि दिल्ली के मतदाता तीसरी बार भी राष्ट्रसेवक नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास करते हुए लोककल्याण के संकल्प एवं विकास की राजनीति जैसे विषयों के आलोक में ऐतिहासिक मतदान करेंगे, ये मेरा पूर्ण विश्वास है। देश के सर्वांगीण विकास हेतु नीति, नीयत एवं निष्ठा से प्रतिबद्ध देश के प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन देश को जिन ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, वह अकल्पनीय है। खंडेलवाल के समर्थन में पहुंचे केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के व्यापारियों और लघु उद्योग ने विकास की नई परिभाषा लिखी है।

# अनुमान : 3200 अमेरिकी डॉलर तक पहुंचेंगी सोने की कीमतें

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** कामाख्या गोल्ड आउटलुक का दूसरा संस्करण मुंबई में आयोजित किया गया, जो भारत में सोने और चांदी की कीमतों में नए सर्वकालिक उच्च स्तर के साथ मेल खाता है। यह प्रतिष्ठात्मक आयोजन का उद्देश्य उद्योग के नेताओं को सोने के बाजार और आगामी वर्ष के मूल्य पूर्वानुमानों पर गहन चर्चा के लिए एकजुट करना है। मुख्य उद्देश्य था उद्योग को मार्गदर्शन करना, खासकर छोटे और मध्यम उद्यमों को सोने की कीमती बाजार में चलने और भविष्य के ट्रेंड्स के लिए तैयार करने के लिए।

इस आयोजन में एक बैठकी रात्रिभोज का आयोजन किया गया था, जहां उपस्थित लोगों के बीच बातचीत स्वतंत्र रूप से बहती थी। बाजार के नेताओं ने अपनी अंतर्दृष्टि साझा की, सोने की कीमतों के लिए एक अस्थिर वर्ष की भविष्यवाणी की, जिसमें मूल्य प्रति औंस 2,100 से 3,200 अमेरिकी डॉलर के बीच होने की उम्मीद है। राजन रस्तोगी, संस्थापक, जुगल किशोर ज्वैलर्स बाय राजन रस्तोगी, ने आगे कहा, कामाख्या गोल्ड आउटलुक कार्यक्रम में भाग लेना एक परिवर्तनकारी अनुभव था। नेटवर्किंग के अवसर और भविष्य के बाजार रुझानों पर साझा किया गया ज्ञान का खजाना बेहद मूल्यवान था। मूल्य अस्थिरता से निपटने के लिए विशेषज्ञ भविष्यवाणियों और रणनीतिक सलाह ने हमें सोने के बाजार के अनिश्चित भविष्य से निपटने के लिए उपकरण प्रदान किए हैं।